आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 25°C | 12°C |

इनसाइड न्यूज

सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरु तेग बहादुर के ज्योति दिवस पर किया...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



बुधवार 26 नवंबर, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 46 www.janexpresslive.com/epaper

'चुनाव आयोग अब बीजेपी आयोग बन... 12

## राम मंदिर के शिखर पर पीएम मोदी ने किया ध्वजारोहण, बोले, ये सदियों के सपने साकार होने का प्रतीक

# अयोध्या राम मंदिर पर फहराई धर्मध्वजा

## मोदी हुए भावुक बोले, अब मानसिक गुलामी से मुक्ति का लक्ष्य, इसने राम को भी काल्पनिक बता दिया

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

अयोध्या का राम मंदिर आज संपूर्ण हो गया। प्राण प्रतिष्ठा के 673 दिनों बाद पीएम मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया। सुबह 11.50 बजे अभिजीत मुहूर्त में बटन दबाते ही 2 किलो की केसरिया ध्वजा 161 फीट ऊंचे शिखर पर फहरने लगी। पीएम भावविभोर हो गए। उन्होंने धर्मध्वजा को हाथ जोड़कर प्रणाम किया। पीएम ने कहा- आज सदियों के घाव भर गए हैं। हम देश को गुलामी की मानसिकता से मुक्त करके रहेंगे। यह मानसिकता इतनी हावी हो गई थी कि वर्षों तक भगवान राम को काल्पनिक बताया गया। ध्वजारोहण से पहले पीएम मोदी ने मोहन भागवत के साथ मंदिर की पहली मंजिल पर बने रामदरबार में पूजा और आरती की। इसके बाद रामलला के दर्शन किए। पीएम रामलला के लिए वस्त्र और चंवर लेकर पहुंचे थे। पीएम ने साकेत कॉलेज से रामजन्मभूमि तक डेढ़ किमी लंबा रोड शो भी किया। इस दौरान स्कूली छात्रों ने काफिले पर फूल बरसाए और जगह-जगह महिलाओं ने उनका स्वागत किया। पहले चर्चा थी कि ध्वजारोहण समारोह के लिए अमिताभ बच्चन समेत कई सेलिब्रिटीज को न्योता भेजा गया है, लेकिन कोई नहीं पहुंचा। चारों शंकराचार्यों को छोड़कर देशभर के मठों के संत मंदिर परिसर में मौजूद रहे। शहर को 1000 क्विंटल फूलों से सजाया गया। मंदिर में 5-लेयर सुरक्षा रही। एटीएस, एनएसजी, एसपीजी, सीआरपीएफ और पीएसी के जवान तैनात रहे। रामलला ने आज सोने और रेशम के धागों से बने पीतांबर वस्त्र धारण किए।



### जब हम नहीं रहेंगे, तब भी देश रहेगा

पीएम मोदी ने कहा, हमारे राम भेद से नहीं भाव से जुड़ते हैं। उनके लिए कुल नहीं भक्ति महत्वपूर्ण है। उन्हें शक्ति नहीं, सहयोग महान लगता है। आज हम भी उसी भावना से आगे बढ़ रहे हैं। पिछले 11 सालों में महिला, दलित, पिछड़े, आदिवासी, वंचित, किसान, युवा को विकास के केंद्र में रखा गया है। जब देश का हर व्यक्ति सशक्त होता तो संकल्प की सिद्धि में सबका प्रयास लगेगा। 2047 तक हमें विकसित भारत का निर्माण करना ही होगा। रामलला प्राण प्रतिष्ठा पर राम से राष्ट्र की चर्चा की थी, हमें एक हजार वर्ष के लिए भारत की नींव मजबूत करनी है। जो सिर्फ वर्तमान सोचते हैं, वह आने वाली पीढ़ियों के साथ अन्याय करते हैं। हमें भावी पीढ़ियों के लिए भी सोचना है, क्योंकि जब हम नहीं थे, तब भी देश था। जब हम नहीं रहेंगे तब भी देश रहेगा।

### हर कालखंड में राम के विचार ही हमारी प्रेरणा बनेंगे

पीएम मोदी ने कहा- हर कालखंड में राम के विचार ही हमारी प्रेरणा बनेंगे। विकसित भारत की यात्रा को गति देने के लिए ऐसा रथ चाहिए, जिसके पहिये शौर्य और धैर्य हों। ऐसा रथ जिसकी ध्वजा नीति, नीयत से समझौता नहीं करे। ऐसा रथ जिसके घोड़े बल, विवेक, संयम और परोपकार हों। ऐसा रथ जिसकी लगाम क्षमा, करुणा और संभाव हो, जहां सफलता का अंहकार नहीं, असफलता में भी दूसरों के प्रति सम्मान बना रहे। यह पल कंधे से कंधा मिलाने का है, यह पल गति बढ़ाने का है। हमें वह भारत बनाना है जो रामराज्य से प्रेरित हो, यह तब ही संभव है स्वयं से पहले राष्ट्र हित होगा। जय सियाराम, जय सियाराम, जय सियाराम के उद्घोष के साथ संबोधन समाप्त। पीएम मोदी ने करीब 32 मिनट भाषण दिया।

### भारत को गुलामी की मानसिकता से मुक्त करके रहेंगे

पीएम मोदी ने कहा, आज से 190 साल पहले 1835 में लार्ड मैकाले ने मानसिक गुलामी की नींव रखी थी। दस साल बाद यानी 2035 में उस अपवित्र घटना को दो सौ साल पूरे हो रहे हैं, हमें आने वाले दस सालों में भारत को गुलामी की मानसिकता से मुक्त करके रहेंगे। मैकाले ने जो सोचा था, उसका प्रभाव व्यापक हुआ। हमें आजादी मिली, लेकिन हीन भावना से मुक्ति नहीं मिली। हमें विकार आ गया कि विदेशी चीज अच्छी है, हमारी चीज में खोट है। यही गुलामी की मानसिकता है, हमने विदेशों से लोकतंत्र लिया, हमारा संविधान भी विदेशों से प्रेरित है। जबकि हकीकत है कि भारत लोकतंत्र की जननी है। तमिलनाडु के एक गांव में शिलालेख पर बताया है कि कैसे सरकार चुनती थी, कैसे शासन चलता था। लेकिन गुलामी की मानसिकता के कारण भारत की पीढ़ियों को जानकारी से वंचित रखा गया। हर कोने में गुलामी की मानसिकता ने डेरा डाला है।

### सियावर राम चंद्र की जय से संबोधन की शुरुआत की

सदियों के घाव भर रहे हैं, सदियों की वेदना आज विराम पा रही है। सदियों से आस्था डिगी नहीं, एक पल भी विश्वास टूटा नहीं। धर्म ध्वजा केवल ध्वजा नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का प्रतीक है। आने वाले सदियों तक यह ध्वज प्रभु राम के आदर्शों का उद्घोष करेगा। यह ध्वज प्रेरणा देगा कि प्राण जाए पर वचन न जाए। अयोध्या वह भूमि है, जहां आदर्श आचरण में बदलते हैं। यह वही भूमि है, जहां राम ने जीवन शुरू किया। इसी धरती ने बताया कि एक व्यक्ति अपने समाज की शक्ति से कैसे मर्यादा पुरुषोत्तम बनता है। जब भगवान यहां से गए तो युवराज राम थे, लौटे तो मर्यादा पुरुषोत्तम बनकर लौटे। हर कालखंड में राम के विचार ही हमारी प्रेरणा बने हैं। विकसित भारत की यात्रा को गति देने के लिए ऐसा रथ चाहिए, जिसके पहिये शौर्य और धैर्य हों। ऐसा रथ जिसकी ध्वजा नीति-नीयत से समझौता न करे। ऐसा रथ जिसके घोड़े बल, विवेक, संयम और परोपकार हों। आज से 190 साल पहले 1835 में लॉर्ड मैकाले ने मानसिक गुलामी की नींव रखी थी। 2035 में उस अपवित्र घटना को 200 साल पूरे हो रहे हैं। हमें आने वाले 10 सालों में भारत को गुलामी की मानसिकता से मुक्त करना है। मैकाले ने जो सोचा था, उसका प्रभाव व्यापक हुआ। हमें विकार आ गया कि विदेशी चीज अच्छी है, हमारी चीज में खोट है। हर कोने में गुलामी की मानसिकता ने डेरा डाला है। नौसेना के ध्वज पर ऐसे प्रतीक बने थे, जिनका हमारी विरासत से कोई संबंध नहीं था। हमने गुलामी के प्रतीक को हटाया है। हमारे राम भेद से नहीं, भाव से जुड़ते हैं। उनके लिए कुल नहीं, भक्ति महत्वपूर्ण है। जब देश का हर व्यक्ति सशक्त होता है तो संकल्प की सिद्धि में सबका प्रयास लगता है। राम यानी आदर्श, राम यानी मर्यादा, राम यानी जीवन का सर्वोच्च चरित्र, राम यानी धर्म पथ पर चलने वाला व्यक्तित्व, राम यानी जनता के सुख को सर्वोपरि रखने वाला। अगर समाज को सामर्थ्यवान बनाना है तो भीतर राम की स्थापना करनी होगी।

### भागवत बोले- जिन्होंने प्राण अर्पण किए, आज उनकी आत्मा तृप्त हुई

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा- राम मंदिर आंदोलन में लोगों ने अपने प्राण अर्पण किए। आज उनकी आत्मा तृप्त हुई होगी। आज वास्तव में अशोक जी को वहां शांति मिली होगी। उन्होंने अपने प्राण अर्पण किए और अपना पसीना बहाया। जो पीछे रहे, वे भी मन में इच्छा करते रहे कि मंदिर बनेगा और आज मंदिर निर्माण की शास्त्रीय प्रक्रिया पूर्ण हो गई। ध्वजारोहण हो गयाज हमने इसे अपनी आंखों से देखा है। रथ चलाने के लिए सात-सात घोड़े हैं, उन्हें नियंत्रित करने के लिए लगाम है। रस्सा नहीं है, सारथी नहीं है तो ऐसी गाड़ी नहीं चल सकती। शांति बांटने वाला भारतवर्ष खड़ा करना है.. यही विश्व की अपेक्षा है।

### अयोध्या वह भूमि, जहां आदर्श आचरण में बदलते हैं

अयोध्या वह भूमि है, जहां आदर्श आचरण में बदलते हैं। यह वही भूमि है, जहां राम ने जीवन शुरू किया। इसी धरती ने बताया कि एक व्यक्ति अपने समाज की शक्ति से कैसे मर्यादा पुरुषोत्तम बनता है, जब भगवान यहां से गए तो युवराज राम थे, वह लौटे तो मर्यादा पुरुषोत्तम बनकर लौटे। साथियों, विकसित भारत बनाने के लिए समाज की इसी सामूहिक शक्ति की आवश्यकता है। मुझे खुशी है कि राम मंदिर का दिव्य प्रांगण भारत के चेतना स्थली बन रहा है। यहां माता शबरी का मंदिर है, जो जनजातीय समाज के प्रेम प्रेरणा की मूर्ति हैं, निषाद राज, माता अहिल्या, महर्षि वाल्मीकि, संत तुलसीदास, जटायु, गिलहरी की मूर्तियां भी हैं।

### योगी बोले, पीढ़ियों की प्रतीक्षा साकार हुई

सीएम योगी ने कहा कि ध्वजारोहण यज्ञ की पूर्णाहुति नहीं, बल्कि नए युग का शुभारंभ है। भाजपा सरकार बनने पर 2014 में जिस संभावना, संकल्प और विश्वास का सूर्योदय हुआ, आज वही तपस्या और अनगिनत पीढ़ियों की प्रतीक्षा साकार हुई। श्रीराम मंदिर पर फहराता केसरिया ध्वज धर्म, मर्यादा, सत्य-न्याय और राष्ट्रधर्म का भी प्रतीक है। संकल्प का कोई विकल्प नहीं होता। सभी ने 11 वर्षों में बदलते भारत को देखा है। 500 वर्षों में साम्राज्य बदले, पीढ़ियां बदलीं, लेकिन आस्था अडिग रही। आस्था न झुकी, न रुकी। जन-जन का विश्वास अटल था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे संगठन के हाथों में कमान आई तो हर मुंह से एक ही उद्घोष निकलता था- रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। लाठी-गोली खाएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे।' एक समय था, जब वैभवशाली अयोध्या संघर्ष और बदहाली का शिकार बन चुकी थी, लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में अयोध्या उत्सवों की वैश्विक राजधानी बन रही है। यहां हर दिन पर्व है, हर दान प्रताप है और हर दिशा में रामराज्य की पुनर्स्थापना की दिव्य अनुभूति हो रही है।

### सीएम बोले- आस्था अडिग रही, न झुकी...न रुकी

सीएम ने कहा, भारत एक नई ऊंचाई को प्राप्त कर रहा है। 80 करोड़ लोगों को निशुल्क राशन, 50 करोड़ लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलना रामराज की उद्घोषणा का संकल्प है। पिछले पांच सौ वर्ष में साम्राज्य बदले, लेकिन आस्था अडिग रही, आस्था न झुकी न रुकी, जनजन को विश्वास था। जब आरएसएस के हाथ में कमान आई तो एक ही उद्घोष निकलता था- रामलला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे। एक समय था अयोध्या संघर्ष, अराजकता और बदहाली का शिकार बन चुकी थी, लेकिन आज पीएम मोदी के नेतृत्व में अयोध्या उत्सवों की वैश्विक राजधानी बन गई है। रामराज की दिव्य स्थापना हो रही है। सीएम ने कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी है, धर्मपथ, रामपथ, भक्ति पथ, पंचकोसी, चौदह कोसी और चौरासी कोसी परिक्रमा आस्था को नया सम्मान प्रदान कर रही है। आस्था और आधुनिकता के साथ आस्था और अर्थव्यवस्था के रूप में पहचान बनाई है। सोलर सिटी के रूप में भी पहचान बनी है, आज का दिन हम सभी के लिए हर भारतवासी के लिए आत्मगौरव का दिन है, राष्ट्र गौरव का दिन है। पीएम मोदी ने इस कार्यक्रम के लिए समय निकालकर भगवान राम के मंदिर में केसरिया ध्वजोराहण किया है, मैं उनका स्वागत करता हूं। सभी राम भक्तों का स्वागत करते हुए वाणी को विराम देता हूं।

# कोडीन का काला साम्राज्य: इलाज की दवा से मौत का सौदा सत्ता-सिस्टम की मिलीभगत, आरोपी बेलगाम

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। लखनऊ/वाराणसी /जौनपुर

जिस कोडीन कफ-सिरप को कभी अस्पतालों में दर्द और खांसी के इलाज के लिए दिया जाता था, वही आज मौत का कारोबार बन चुका है। प्रदेश भर में चल रहे कफ-सिरप माफिया पर स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई ने एक ऐसे नेटवर्क का पर्दाफाश किया है जिसने न केवल दवा की आड़ में अरबों रुपये कमाए, बल्कि पुलिस, प्रशासन और राजनीति के गलियारों में गहरी जड़ें जमा लीं। छापेमारी शुरू होते ही मेडिकल-फार्मा सिंडिकेट में हड़कंप मच गया। सच्चाई यह है कि कुछ वर्षों पहले तक साइकिल और सेकेंड हैंड स्कूटर पर घूमने वाले लोग, आज महंगी और लग्जरी गाड़ियों में फराटा भर रहे हैं। यह सफलता की कहानी नहीं, कोडीन की काली कमाई है।


जौनपुर में 42 करोड़ का कफ सिरप कांड!

स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप, सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति की खुली पोल

वाराणसी-प्रतापगढ़ तक जुड़े तार, जौनपुर के 12 फर्मों पर एफआईआर दर्ज

### पूर्वांचल का हब वाराणसी, जौनपुर

सूत्रों के अनुसार पिछले 10 वर्षों में यह धंधा अरबों रुपये का रैकेट बन चुका है। इस नेटवर्क के केंद्र में उभरता नाम है शुभम जायसवाल जो साधारण परिवार का युवक महज़ कुछ वर्षों में 'कफ सिरप किंग' बन गया। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव एवं पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने उसकी गिरफ्तारी की मांग सीधे डीजीपी से की है। स्थानीय लोगों का दावा है कि शुभम जौनपुर के एक पूर्व बाहुबली सांसद का बेहद करीबी बताया जा रहा है। यहां तक कहा जा रहा है कि क्या पूर्व सांसद भी इस धंधे में जुड़े हैं? क्योंकि सिरप कांड के मुख्य आरोपी की फोटो जो सोशल मीडिया पर चलाई जा रही है जिसमें पूर्व वह पूर्व सांसद के साथ देखी जा सकती है वहीं सूत्रों की माने तो दूसरी तरफ यह भी बताया जा रहा है कि इस मामले में सत्ता पक्ष के तमाम जनप्रतिनिधि एवं सांसद विधायक भी जुड़े हो सकते हैं।

### सबसे बड़ा सवाल पुलिस खामोश क्यों?

जबकि मुख्य आरोपी मुकदमा दर्ज होने से फरार है, कार्रवाई सिर्फ कागज़ों में कैद है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि शुभम की ताकत सिर्फ पैसा नहीं, उसके पीछे खड़े सत्ता पक्ष के बड़े नेता और अफसर हैं। और जनता पूछ रही है पुलिस खोज नहीं पा रही या सत्ता पक्ष के लोग खोजने नहीं दे रही?

### सीमा पार तक फैली हुई सप्लाई चेन

रैकेट अब यूपी, बिहार, छत्तीसगढ़, असम, बंगाल और उड़ीसा तक फैल चुका है। सूत्रों का कहना है कि सप्लाई पाकिस्तान और बांग्लादेश तक पहुंच चुकी है। आज भी दर्जनों जिलों में बिना प्रिस्क्रिप्शन कोडीन सिरप खुलेआम बिक रहा है। कई मेडिकल स्टोर और निजी अस्पताल नशे की मंडी में बदल चुके हैं।

### सिस्टम की मिलीभगत अभेद्य दीवार

सूत्रों के अनुसार इस रैकेट में विधायक-सांसद ही नहीं, आईएएस आईपीएस स्तर तक के अधिकारियों की सांठगांठ शामिल है। पहले भी बरामदगी और एफआईआर हुई, नाम सामने आए, लेकिन 'सुविधा शुल्क' और 'ऊपर से आदेश' ने सारे केस दबा दिए। पूर्वांचल के कई सफेदपोश नेता माफिया आज जिस ऐशो-आराम में दिखते हैं, वह सब इसी जहर-व्यापार की देन है।

### एमपी की आग यूपी तक पहुँच तों गई?

मध्य प्रदेश में कोडीन से दर्जनों मासूमों की मौत ने देश को हिला दिया। अब सवाल यह है क्या दोनों प्रदेशों के मुख्यमंत्री अपराधियों तक कानून की पकड़ पहुँचा पाएंगे? या फिर कुछ दिनों की चर्चा के बाद सब चुप हो जाएगा? मुख्य आरोपी अभी भी शान से घूम रहा है, उसके आदमी उत्तर प्रदेश के लोक भवन, विधानसभा और पुलिस मुख्यालय में सेटिंग में जुटे हैं। देश प्रदेश की जनता देख रहा है कानून जीतेगा या माफिया साम्राज्य?

### जनता के तीर जैसे सवाल

जब दवा जहर बने, सरकार कब जागेगी? क्या आरोपी फिर सत्ता की छतरी में बच जाएंगे? यदि कार्रवाई नहीं हुई तो जनता कहेगी नशे की नहीं, सिस्टम की मौत हो रही है। बहरहाल अगर ईडी + एनआईए + सीबीआई की संयुक्त कार्रवाई हुई, तो यह मामला देश का सबसे बड़ा फार्मा-नार्कोटिक घोटाला साबित हो सकता है।

# एसआईआर ड्यूटी में लगे टीचर ने जहर खाकर जान दी

- यूपी में मरने से पहले पत्नी से बोला, एसडीएम-बीडीओ परेशान कर रहे थे

जन एक्सप्रेस। गोंडा/लखनऊ

यूपी के गोंडा में मतदाता पुनरीक्षण कार्य में लगे टीचर बीएलओ ने जहर खाकर जान दे दी। मंगलवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे जहर खाने के बाद विपिन यादव को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। फिर वहां से लखनऊ के केजीएमयू रेफर कर दिया गया। वहां उनकी मौत हो गई। बीएलओ विपिन यादव को गोंडा से एसडीएम सदर अशोक कुमार खुद लेकर लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर पहुंचे। विपिन की हालत बेहद गंभीर थी। इसीलिए लखनऊ पहुंचने से पहले ही प्रशासनिक स्तर पर बीएलओ के इलाज के लिए तैयारी दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए थे। स्वास्थ्य महकमे के भी कई अफसर ट्रॉमा सेंटर पहुंच गए थे। इस बीच जब बीएलओ विपिन यादव को ट्रॉमा सेंटर लाया गया, तो डॉक्टरों ने करीब आधे घंटे तक उनको रिवाइव करने की कोशिश की। बाद में डॉक्टरों ने ब्रॉट डेट घोषित कर दिया। वहीं, टीचरों की नाराजगी को देखते हुए लखनऊ में केजीएमयू के अंदर भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया। बाद में शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। वहीं, मरने से पहले बीएलओ विपिन यादव की पत्नी सीमा यादव ने एक वीडियो जारी किया। जिसमें बीएलओ विपिन यादव ने तरबगंज एसडीएम, नवाबगंज बीडीओ और लेखपाल पर परेशान करने का आरोप लगाया। हालांकि, डीएम प्रियंका निरंजन ने इन आरोपों को गलत बताया था।

### क्या है पूरा मामला...?

जौनपुर के मल्हनी गांव में रहने वाले विपिन यादव गोंडा के जैतपुर माझा स्थित सरकारी स्कूल में असिस्टेंट टीचर थे। विपिन अपनी पत्नी सीमा यादव के साथ जैतपुर माझा में ही किराए के मकान में रहते थे। सीमा यादव ने बताया- विपिन की मतदाता पुनरीक्षण कार्य में ड्यूटी लगाई गई। अधिकारी काम को लेकर लगातार दबाव बना रहे थे। इसके चलते पति पिछले काफी समय से परेशान थे। इसी मानसिक दबाव के चलते उन्होंने मंगलवार सुबह 7 बजे अपने रूम में ही जहर खा लिया। विपिन को गोनार हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। वहां से गोंडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। उसके पूरे शरीर में जहर फैल चुका था।

### एसडीएम-बीडीओ से परेशान होकर जहर खाया: बीएलओ

घटना के बाद सोशल मीडिया पर बीएलओ का एक वीडियो सामने आया। इसमें आरोप लगाया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण में तरबगंज एसडीएम, नवाबगंज बीडीओ और लेखपाल से परेशान होकर मैंने जहर खाया। वीडियो में बीएलओ की पत्नी उनसे सवाल करते दिख रही। हालांकि इस वीडियो की पुष्टि हम नहीं करते हैं। वीडियो सामने आने के बाद डीएम प्रियंका निरंजन ने दबाव का आरोप गलत बताया था। उनका कहना है कि बीएलओ पारिवारिक समस्याओं की वजह से तनाव में थे। इसी कारण उन्होंने ये कदम उठाया। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। डॉक्टरों के अनुसार, बीएलओ के पूरे शरीर में जहर फैल गया था। सांस लेने में दिक्कत हो रही थी।

### वाराणसी में बच्चा चोर गिरोह के 7 तस्करों को उम्रकैद

जन एक्सप्रेस। वाराणसी

वाराणसी जिला एवं सत्र न्यायालय की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने बच्चा चोरी और ह्यूमन ट्रैफिकिंग में शामिल गिरोह के 7 सदस्यों को सुनवाई के बाद दोषी करार दिया। इसी मामले में 8 आरोपियों को संदेह का लाभ मिला और उन्हें किसी भी धारा में दोषी नहीं पाया गया। कोर्ट ने सभी सात दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई, उन सभी पर 15 -15 हजार का जुर्माना भी लगाया। फास्ट ट्रैक कोर्ट ने गवाह, साक्ष्य और पुलिस चार्जशीट के आधार पर 7 को दोषी पाया। पुलिस ने बच्चे को अगवा करने वाली कार भी बरामद कर सीज कर दी थी। पूरे मामले में पुलिस ने 16 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। राजस्थान व बनारस से गिरफ्तार कर उनके कब्जे व निशानदेही पर अगवा कर बेचे गए तीन बच्चों को बरामद किया गया।

# लाखामंडल के विकास के लिए बनेगा मास्टर प्लान, धामी बोले, बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम की तरह होगा डेवलपमेंट

- केदारनाथ धाम व श्री महासू देवता मंदिर हनोल की तर्ज पर लाखामंडल को विकसित किया जाएगा

जन एक्सप्रेस। देहरादून

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार को पहली बार जौनसार बावर के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल लाखामंडल पहुंचे। स्थानीय लोगों ने परंपरागत ढोल बाजे के साथ पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। इस बीच लाखामंडल के प्रचीन शिव मंदिर में महादेव का रुद्राभिषेक किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐतिहासिक स्थल लाखामंडल के विकास को मास्टर प्लान बनाया जाएगा। बद्रीनाथ धाम, केदारनाथ धाम व श्री महासू देवता मंदिर हनोल की तर्ज पर लाखामंडल को विकसित किया जाएगा। इससे



क्षेत्र में तीर्थाटन विकास के जरिये स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा। शाम करीब साढ़े तीन बजे हेलीकाप्टर से लाखामंडल पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पहली बार यहां के प्राचीन शिव मंदिर में दर्शन पूजन कर स्वयं को सौभाग्यशाली बताया। रुद्राभिषेक के दौरान उन्होंने विश्व शांति एवं प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। उन्होंने स्थानीय लोगों को संबोधित कर उनका अभिवादन किया। कहा कि महादेव की इच्छा के बिना कुछ संभव नहीं है। महादेव की कृपा से उन्नति के द्वार खुलते हैं। राज्य के 13 चयनित टूरिस्ट डेस्टिनेशन में लाखामंडल भी शामिल है। इसे मास्टर प्लान के तहत विकसित किया जाएगा। इससे यहां आधारभूत सुविधाओं का विकास होगा। देश-विदेश के पर्यटक महादेव के दर्शन के लिए आएंगे। कहा कि देवभूमि उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत एवं सामाजिक परंपरा को संरक्षित किया जा रहा है। सरकार प्रदेश के विकास के लिए संकल्पबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य के सर्वांगीण विकास को सरकार ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। राज्य हित में इसके दूरगामी परिणाम सामने आएंगे। सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता लाने को सरकार ने सख्त नकल विरोधी कानून बनाया है। राज्य में लैंड जेहाद व थूक जेहाद की रोकथाम को सख्त कानून बनाए गए हैं। राज्य ने सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त कर देश में स्थान बनाया है। सरकार ने 26500 युवाओं को उनकी क्षमता एवं योग्यता के अनुसार रोजगार दिया है। उन्होंने यूसीसी का भी जिक्र किया।

### स्वरोजगार को मिलेगा बढ़ावा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार को पहली बार जौनसार-बावर के प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थल लाखामंडल पहुंचे। स्थानीय लोगों ने ढोल-नगाड़ों और पुष्प वर्षा के साथ उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने लाखामंडल के विकास के लिए मास्टर प्लान बनाने और इसे बद्रीनाथ, केदारनाथ व श्री महासू देवता मंदिर हनोल की तर्ज पर विकसित करने की घोषणा की, जिससे क्षेत्र में तीर्थाटन और स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

### मंदिर समिति ने मुख्यमंत्री को किया सम्मानित

इस दौरान शिव मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को देवता के मंदिर की फोटो भेंटकर सम्मानित किया। मंदिर समिति ने मुख्यमंत्री को मांग पत्र भी सौंपा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्राचीन शिव मंदिर लाखामंडल का सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक रूप से विशेष महत्व है। यहां तैंतीस कोटि देवी देवताओं का वास है। पांडवकालीन महत्व के शिव मंदिर के दर्शन का सौभाग्य उन्हें राज्य के मुख्य सेवक के रूप में प्राप्त हुआ है। वह महादेव के भक्त हैं। देवभूमि उत्तराखंड से देश दुनिया में आध्यात्मिक चेतना का संचार हो रहा है। यहां बड़ी संख्या में साधक भारतीय संस्कृति एवं सनातन धर्म की शिक्षा से वैदिक ज्ञान बढ़ा रहे हैं। लाखामंडल में मौजूद कई प्रामाणिक साक्ष्य एवं प्राचीन अवशेष सनातन धर्म की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक हैं।

### सीएम को सौंपा 16 सूत्रीय मांग पत्र

कार्यक्रम में उत्तराखंड जनजाति सलाहकार परिषद के उपाध्यक्ष गीताराम गौड़ ने मुख्यमंत्री को क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से संबंधित 16 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। इस पर मुख्यमंत्री ने परीक्षण के बाद कार्रवाई करने को कहा। इस मौके पर पुरोला विधायक दुर्गेश लाल, जनजाति सलाहकार परिषद के उपाध्यक्ष गीताराम गौड, एसटी आयोग के पूर्व अध्यक्ष मूरतराम शर्मा, शिव मंदिर समिति के अध्यक्ष सुशील गौड़, कोषाध्यक्ष बाबूराम शर्मा, प्रताप सिंह पंवार, शूरवीर डोभाल, केदार सिंह, नारायण सिंह, प्रदीप वर्मा, जगत सिंह आदि मौजूद रहे।

# मानिकपुर-ऊंचाडीह मार्ग का क्षतिग्रस्त रपटा हादसे को दे रहा निमंत्रण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



**बरसात के दिनों में दर्जनों गांवों का कट जाता संपर्क**

इसके साथ ही यह रपटा काफी नीचे होने के कारण बरसात दिनों में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। क्योंकि नदी में तेज बहाव होने से पानी रपटे के काफी ऊपर चलने लगता है, उस स्थिति में रपटे को आरपार करना किसी खतरे से खाली नहीं होता। बरसात के दिनों में दर्जनों गांवों के हजारों लोगों का जिला मुख्यालय और तहसील से संपर्क कट जाता है। इस पुल की ऊंचाई बढ़ाने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुगमता होगी।

मानिकपुर- ऊंचाडीह मार्ग के मध्य केकरामार के पास क्षतिग्रस्त रपटा हादसे को निमंत्रण दे रहा है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार इस रपटे के मरम्मतीकरण का प्रस्ताव भेजा गया है, लेकिन वित्तीय स्वीकृति न मिलने से राहगीरों के लिए समस्या बना हुआ है। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों ग्रामीणों का आवागमन होता है। यह मार्ग जहां मानिकपुर क्षेत्र के दर्जनों गांवों के संपर्क मार्ग को जोड़ता है वहीं आगे कोटा कंदेला होते हुए मध्य प्रदेश के डभौरा को जोड़ता है। मानिकपुर ऊंचाडीह मार्ग चमरौहा से होते हुए मऊ गुरदरी होकर मध्य प्रदेश के विभिन्न गांवों में आवाजाही होती है। रपटा लंबे समय से क्षतिग्रस्त पड़ा हुआ है। जिससे लोगों को आवागमन में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग से रोजाना बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही होने के कारण रपटा के क्षतिग्रस्त होने के चलते हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है। रपटे की ढलाई टूटने से सड़क में बड़े बड़े गड्ढे बन गए है। यह स्थिति वाहन चालकों के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रही है, कभी-कभी तीनपहिया और दोपहिया वाहन अनियंत्रित होतेकर पलटने लोगों को गम्भीर चोटें आती हैं। वाहन क्षतिग्रस्त होने के साथ दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। क्षेत्रवासी कई बार रपटा के मरम्मत की मांग कर चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी अब तक रपटा की मरम्मत नहीं हुआ। ऐसे में रपटा की दुर्दशा स्थानीय लोगों के लिए चिंता का विषय बन गयी है। स्थानीय लोगों ने कहा कि अक्सर रपटे से प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की गाड़ियां गुजरती हैं, बावजूद इसके रपटे की स्थिति पर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। मरम्मत के अभाव में न केवल जनजीवन प्रभावित हो रहा है, बल्कि किसी भी समय बड़ी दुर्घटना होने की संभावना भी बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल की वर्तमान स्थिति दर्शाती है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का जन समस्याओं के प्रति कितना ध्यानाकर्षण है। जनप्रतिनिधि और अधिकारी अपने कर्तव्यों के प्रति कितना वफादार और ईमानदार है यह तो केकरामार का वर्षों से टूटा रपटा बता रहा है। लोगों ने अविलंब क्षतिग्रस्त रपटे को दुरुस्त कराने की मांग उठाई है। ताकि भविष्य में कोई अप्रिय घटना न घट सके। संजय , प्रवीण, मनीष , पंकज आदि ग्रामीणों और वाहन चालकों की मांग है कि यह कार्य तत्काल प्रभाव से किया जाए, ताकि रपटा सुरक्षित रूप से उपयोग किया जा सके और लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इस संबंध में जब लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता ओम प्रकाश सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस पुल के मरम्मतीकरण के लिए प्रस्ताव भेजा गया है, वित्तीय स्वीकृति मिलते है मेंटिनेंस का कार्य शुरू कराया जाएगा।

# 13 दिसम्बर को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन: जिला जज

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट




आगामी 13 दिसम्बर को जनपद में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को प्रभावी रूप से सफल बनाने के लिए बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जनपद नयायाधीश शेषमणि शुक्ला अध्यक्षता में जनपद में कार्यरत विभिन्न प्रशासनिक विभागों के अधिकारियों की तृतीय चरण की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जनपद न्यायाधीश ने प्रशासनिक विभागों के अधिकारियों से कहा कि आगामी 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारित कराएं। उन्होंने सभी अधिकारियों से अपेक्षा की गयी कि वे अपने-अपने विभागों से सम्बन्धित समस्त ऐसे मामले, जिनको लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किया जा सकता है, को अधिक से अधिक चिन्हित कर उनमें पक्षकारों को कम से कम दो बार नोटिस तामीला कराते हुये राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित करने का प्रयास करें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वर्णिका शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, धारा-138 एक्ट, मोटर एक्सीडेंट क्लेम वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम और जल वाद, सर्विस मैटर्स, पारिवारिक/वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, राजस्व/चकबन्दीवाद, किरायेदारी वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, मनी वसूलीवाद, विनिर्दिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान/लघु आपराधिक वादों, श्रमवाद, प्री-लिटिगेशन के माध्यम से ऐसे वाद जो अभी न्यायालय के समक्ष नही आये हैं (विशेषकर पारिवारिक मामले), उपभोगता फोरम तथा आर्बिट्रेशन सम्बन्धित वादों का निस्तारण किया जाना है।

इस मौके पर विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत राममणि पाठक, अपर जिला जज व सहायक नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत नीरज श्रीवास्तव, अखिलेश कुमार अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग सहित सम्बन्ध अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# बरदहा बांध के पुनर्स्थापना कार्य का मानिकपुर विधायक ने किया शिलान्यास

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



मानिकपुर तहसील क्षेत्र के सिंचाई प्रखंड प्रथम कर्वी के कार्य क्षेत्र अंतर्गत बरदहा बांध के पुनर्स्थापना, ओहन पूर्वी शाखा एवं ओहन पश्चिमी शाखा के पुनर्स्थापना कार्यों का मंगलवार को मानिकपुर विधायक अवीनाशचंद द्विवेदी द्वारा शिलान्यास किया गया। इस दौरान विधायक ने निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया एवं गुणवत्तायुक्त कार्य करने के निर्देश दिए।

सिंचाई प्रखंड प्रथम के अधिशाषी अभियंता एसके प्रसाद ने बताया कि बरदहा बांध के पुनर्स्थापना परियोजना के अंतर्गत बांध का सेक्शन सुधार, क्षतिग्रस्त पीचिंग की मरम्मत, क्षतिग्रस्त पैरापीट व डौला के पुनरोद्धार, बांध के टॉप से जल निकास के लिए टॉप ड्रेन, सूट ड्रेन का निर्माण किया गया है। इसके साथ-साथ बांध के डाउनस्ट्रीम की मरम्मत का कार्य कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि ओहन पूर्वी शाखा एवं मोहन पश्चिमी शाखा के 0.00 किमी से 26.080 किमी तक नहर में निर्मित पक्की संरचनाएं यथा हेड रेगुलेटर, एक्वाडक्ट, वीआरवी, फॉल एवं फॉल के साथ-साथ गुल आदि की मरम्मत का कार्य प्रस्तावित है। इसके साथ-साथ नहरी भूमि के सीमांकन कार्यों का प्राविधान किया गया है। इस मौके पर सहायक अभियंता आनंद पांडेय, शैलेश कुमार, अवर अभियंता अभिषेक मिश्रा, मनोज कुमार, नरेंद्र सिंह, सुनील, ठेकेदार प्रभाकर सिंह, विनोद द्विवेदी, ग्राम प्रधान किहुनियां आदि मौजूद रहे।

# एसआईआर...काम में नरैनी सबसे पीछे, 54 बीएलओ को नोटिस

जन एक्सप्रेस। बांदा

विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए चल रही एसआईआर प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है, लेकिन सभी तहसीलों की प्रगति की समीक्षा में नरैनी सबसे पीछे और सबसे लापरवाह पाए जाने पर चिंता जताई गई है। प्रशासन ने सोमवार को नरैनी क्षेत्र में 54 बीएलओ की गंभीर लापरवाही पर नोटिस जारी किया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी ने बताया कि संबंधित बीएलओ को स्पष्टीकरण देने के लिए नोटिस भेजा गया है। इन कर्मचारियों से निर्धारित समय में जवाब मांगा गया है। उन्होंने कहा कि लापरवाही पाए जाने पर नियमों के अनुसार कार्रवाई भी की जाएगी, ताकि एसआईआर प्रक्रिया में देरी न हो और मतदाता सूची समय से तैयार हो सके। जिले में जहां कुछ बीएलओ सुस्त कार्यशैली के कारण एसआईआर की प्रगति को प्रभावित कर रहे हैं, वहीं कई कर्मचारी सराहनीय कार्य कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच बीएलओ को सम्मानित किया। इनमें बबेरू क्षेत्र से राजेश, रमेश कुमार व नरैनी से कमलेश कुमार, तिंदवारी से आदित्य रिछारिया और बांदा सदर से गायत्री ने समयबद्ध ढंग से फार्म वितरण, संग्रहण और डेटा फीडिंग का कार्य पूरा कर जिले में एक बेहतर उदाहरण प्रस्तुत किया है। प्रशासन का कहना है कि एसआईआर प्रक्रिया बेहद महत्वपूर्ण है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही सभी बीएलओ को समय पर घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन, नए नाम जोड़ने और डेटा अपलोडिंग का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। तहसील क्षेत्र में एसआईआर अभियान सुस्त पड़ा है। अब तक मात्र 25 फीसदी फार्म ही जमा हो सके हैं, जबकि अंतिम तिथि 4 दिसंबर है। किसानों के खेतों में व्यस्त रहने और मजदूरों के बाहर जाने से कई घरों में लोग नहीं मिल रहे। कुछ बीएलओ सिर्फ प्रपत्र बांटकर लौट रहे हैं।

# अवैध शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मऊ, थाना राजापुर एवं थाना पहाड़ी पुलिस टीम द्वारा अलग-अलग स्थानों से तीन आरोपियों को कुल 60 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चैकी प्रभारी खण्डेहा उपनिरीक्षक राहुल पाण्डेय व उनके हमराही आरक्षी मनीष यादव द्वारा आरोपी लाला उर्फ अवधेश निवासी ग्राम नीवी थाना मऊ को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ, थाना राजापुर के उपनिरीक्षक रमेशचन्द्र तिवारी व उनके आरक्षी राघवेन्द्र पटेल द्वारा आरोपी अनिल सोनकर निवासी मुहल्ला कारखाना कस्बा व थाना राजापुर को 20 क्वार्टर शराब के साथ तथा थाना राजापुर के उपनिरीक्षक सुरेश प्रताप सिंह व उनकी टीम आरक्षी कमलेश कुमार, दीपक कुमार एवं महिला आरक्षी प्रियंका सिंह द्वारा आरोपी रमेशचन्द्र निवासी भुईहरीमाफी कोतवाली कर्वी को 20 क्वार्टर शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में सभी आरोपियों के विरूद्ध सम्बन्धित थानों में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किए गए।

# श्रद्धालुओं ने निकाली शोभा यात्रा

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

ग्राम पंचायत अशोह में हो रहे अखंड सुंदरकांड पाठ और हनुमान चालीसा के उपलक्ष्य में कलश यात्रा निकाली गई। पंडित आदर्श मिश्रा हर्ष भारद्वाज मोहित की अगुवाई में निकली यह कलश यात्रा अशोह से पहाड़ी होते हुए ओवरी के रास्ते पुनः अशोह गांव कार्यक्रम स्थल पहुंची। पहाड़ी आगमन पर यात्रा में श्रद्धालुओं का जोरदार स्वागत बजरंग दल के जिला संयोजक प्रणव भारद्वाज, गौ रक्षा प्रमुख विमल, समाज सेवी राजेंद्र तिवारी, साहिल सहित दर्जनों श्रीराम भक्तों ने किया। इस दौरान सनातन बन्धुओं के द्वारा पुष्प वर्षा करते हुए भव्य स्वागत और जलपान की व्यवस्था कराई गई। यहां आचार्य व्यास महाराज का माल्यार्पण, आरती करके यात्रा को सकुशल रवाना किया गया।

# परशुराम और लक्ष्मण के बीच हुए तीखे संवाद के बीच सम्पन्न हुआ रामलीला

जन एक्सप्रेस। बांदा



शहर के प्रसिद्ध मंदिर संकटमोचन मे आयोजित 111वें महोत्सव के दौरान आयोजित रामलीला के पांचवें दिन मंगलवार सुबह-सुबह धनुष भंग लीला का मंचन कलाकारों ने किया। परशुराम-लक्ष्मण संवाद को सुनने के लिए पूरी रात भीड़ जमी रही।जब परशुराम को भगवान राम के अवतार के बारे में ज्ञान हुआ तो उन्होंने अपने संदेह को दूर करने के लिए धनुष उन्हें दिया पुत्री सीता के विवाह के लिए राजा जनक ने सीता स्वयंवर का आयोजन किया।उपस्थित राजा जब धनुष को उठाना तो दूर हिला तक नहीं सके तो परेशान होकर राजा जनक विलाप करने लगे उन्होंने कहा कि उन्हें आज पता चला कि पृथ्वी वीरों से खाली हो चुकी है। जनक का विलाप सुन दर्शक भाव विभोर हो गए। जनक की बातें सुन लक्ष्मण क्रोधित हो उठे तब भगवान राम ने इशारे से उन्हें रोका और विश्वामित्र से आज्ञा लेकर धनुष का भंजन किया। धनुष टूटते ही सीता ने भगवान राम के लगे में जयमाला डाल दी। धनुष टूटने की आवाज सुनते ही परशुराम स्वयंवर में आ गए और धनुष तोड़ने वाले का नाम पूछने लगे, इस पर वहां सन्नाटा छा गया। वहीं परशुराम और लक्ष्मण के बीच जमकर शब्दों के बाण चले। परशुराम लक्ष्मण संवाद का लुत्फ उठाने के लिए पूरी रात भीड़ जमी रही। आयोजन समिति अध्यक्ष महंत उमाशंकर दास, धर्मेन्द्र त्रिपाठी ज्ञानेंद्र, जयराम सिंह चंदेल, अवधेश शर्मा, शिवकुमार पत्रकार बड़कू भइया, सुरेंद्र मिश्रा,संतोष सिंह,अशोक कछवाह, पप्पू श्रीवास्तव,छोटा सिंह, बल्लू हलवाई,राधेश्याम मिश्र, विवेक नामदेव, मयंक चौरसिया,सुभम मिश्रा, लल्लू शिवहरे,पवन दीक्षित, सपन शुक्ला, अतुल शर्मा, मृदुल, रंजीत, कमल, लाखन, रज्जन, प्रांशु, राहुल मौजूद रहे।

# सभी विद्यालयों में विकसित की जाएंगी पोषण वाटिका: डीएम

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने निर्देशित किया है कि पीएन पोषण योजनांतर्गत संचालित सभी विद्यालयों में स्कूल पोषण वाटिका विकसित की जाएं, ताकि मध्यान्ह भोजन में बच्चों को ताजी एवं पोषक सब्जियाँ उपलब्ध कराई जा सकें।

जिलाधिकारी ने बताया कि जिन विद्यालयों में पर्याप्त स्थान उपलब्ध है, वहाँ खुले मैदान में पौधरोपण किया जाएगा। वहीं अपर्याप्त स्थान वाले परिषदीय एवं राजकीय विद्यालयों में पौली बैग, ग्रो बैग, मटके, बोरे, जूट के थैले, क्यारी और गमलों के माध्यम से छोटे आकार के किचन गार्डन स्थापित किए जाएंगे। जिन विद्यालयों में खुला स्थान बिल्कुल नहीं है, वहाँ विद्यालय की दीवार के सहारे लौकी, तोरई जैसी बेलदार मौसमी सब्जियाँ तथा बरामदों में गमलों के माध्यम से टमाटर, हरी मिर्च, धनिया, भिंडी, बैंगन आदि के पौधे उगाए जाएंगे। इन सब्जियों के उत्पादन का उपयोग मध्यान्ह भोजन में किया जाएगा, जिससे बच्चों को अतिरिक्त पोषक तत्व उपलब्ध होंगे और विद्यालयों पर किसी अतिरिक्त लागत का बोझ भी नहीं पड़ेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि गत वर्षों में 410 परिषदीय एवं राजकीय विद्यालयों को 5,000 रु प्रति विद्यालय की दर से धनराशि दी गई थी। वर्तमान में 859 विद्यालयों को 2,000 रु प्रति विद्यालय की दर से धनराशि प्रेषित की जा रही है ताकि पोषण वाटिका विकसित की जा सकें। इसके अलावा मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण के निर्देशों के अनुसार अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों, बेसिक, माध्यमिक एवं समाज कल्याण में भी विभागीय योजनाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं समुदाय के सहयोग से किचन गार्डन स्थापित किए जाएंगे।

जिलाधिकारी ने सभी प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षक स्टाफ को निर्देशित किया है कि किचन गार्डन को नैतिक जिम्मेदारी के साथ स्थापित कर उसका समुचित रखरखाव, दस्तावेजीकरण तथा पूर्व और बाद की फोटोग्राफ्स का रिकॉर्ड सुरक्षित रखें। प्रगति की नियमित निगरानी ग्राम प्रधान, विद्यालय प्रबंध समिति, खंड शिक्षा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जनपद व ब्लॉक स्तरीय टास्कफोर्स के निरीक्षण अधिकारियों द्वारा की जाएगी।

# 57 वर्षीय हथिनी अनारकली ने जुड़वा बच्चों को दिया जन्म

जन एक्सप्रेस। बांदा

पन्ना टाइगर रिजर्व परिक्षेत्र हिनौता बीट में मादा हथिनी अनारकली ने 57 वर्ष की उम्र में दो मादा बच्चों को जन्म दिया है। पहले मादा बच्चा स्थान खेरैईया में बीते शुक्रवार (21-11-25) की रात 2=20 पर व दूसरा मादा बच्चा सुबह 5=50 पर हुआ। पन्ना टाइगर रिजर्व के डॉक्टर संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि मां एवं दोनों बच्चे स्वस्थ हैं। वर्तमान में पन्ना टाइगर रिजर्व के पास अब हाथियों की संख्या 21 हो गई है। इनमें से पांच नर एवं 16 मादा हैं। दो और बच्चे आने पर पन्ना टाइगर रिजर्व में खुशी दिखाई दी।पन्ना टाइगर रिजर्व के वन्य प्राणी चिकित्सक डॉ संजीव कुमार ने बताया दोनों बच्चों को विशेष निगरानी में रखा गया है। अब

# धूमधाम से निकली प्रभु राजा राम की बारात, जमकर थिरके बाराती



जन एक्सप्रेस। बांदा

गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अयोध्या वासी मंदिर में श्री राम विवाह का आयोजन किया गया। इस मौके पर शहर में श्री राम की भव्य बारात निकली, बारात में शामिल हुए लोगों ने नृत्य भी किया। श्री राम विवाह से पहले उनकी बारात धूमधाम से निकली। बाजे गाजे के साथ बारात शहर के मुख्य मार्गों से होकर निकली। राम भक्तों ने जगह-जगह मंगल आरती कर प्रभु श्रीराम से आशीर्वाद प्राप्त किया।बारात जब अयोध्यावासी मंदिर पहुंची तो विवाह उत्सव के अंतर्गत मंडप पूजन कार्यक्रम तत्पश्चात महिलाओं ने प्रांगण में मंगल गीत गाए बाद में अन्य वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न हुए तथा कन्या भोज व भंडारा भी कराया गया।इस मौके क्षिप्रा हरवंत सिंह प्रकाश द्विवेदी सदर विधायक, मालती गुप्ता बासु,कल्लू सिंह राजपूत,कमलेश गुप्ता,अमित सेठ भोलू, मेवालाल गुप्ता,रामचंद्र गुप्ता बउवा,विजय गुप्ता सराफ, आशीष गुप्ता, हरिओम गुप्ता ,रामचंद्र गुप्ता चांदी, कैलाश गुप्ता,रजत सेठ,आशुतोष गुप्ता, हिमांशु गुप्ता , राकेश गुप्ता दद्दू , किशोर कुमार गुप्ता लल्लू भैया, राजकुमार गुप्ता राज , खाटूश्यामज पदाधिकारियों में सुधीर तिवारी, वीरेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## फर्जी जमानतदारो के खिलाफ चला डीआईजी का कानूनी डंडा

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** जनपद में फर्जी/एक ही खतौनी का प्रयोग कर व वादी की खतौनी और आधार कार्ड का प्रयोग कर अभियुक्तोगणों की जमानत लेने वाले जमानतदारों के विरुद्ध निम्नलिखित अभियोग पंजीकृत किया गया है । जिनकी विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित है। जिनका विवरण इस प्रकार है-अभियुक्त अनूप पुत्र रामसुरेन्द्र निवासी भिडौरा मु0अ0सं0 272/25 धारा 319(4)/ 318(4)/318(2)/246/237 बीएनएस थाना तिन्दवारी, सुरेश पुत्र भुलुवा निवासी गांधीनगर मु0अ0सं0 273/25 धारा 319(4)/318 (4)/318(2)/ 246/237 बीएनएस थाना तिन्दवारी -बलवीर पुत्र जगमोहन निवासी पिपरगवा मु0अ0सं0 274/25 धारा 319(4)/ 318(4)/ 318(2)/ 246/237 बीएनएस थाना तिन्दवारी 8(2)/246/237 बीएनएस थाना तिन्दवारी।

# कुकर्म के प्रयास व दांत से काटने के दोषी को पांच वर्ष की सजा, अर्थदंड भी लगाया

जन एक्सप्रेस। बांदा

12 वर्षीय किशोर के साथ कुकर्म के प्रयास व उसे चोट पहुंचाने के मामले में दोषी को विशेष न्यायाधीश पाक्सो प्रदीप कुमार मिश्रा की अदालत में पांच वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही अन्य धाराओं में सजा सहित पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। इसकी अदायगी न करने पर दो माह अतिरिक्त सजा काटनी होगी। अर्थदंड की संपूर्ण धनराशि पीड़ित को अदा की जाएगी। दोषी को जेल भेज दिया गया। मर्का थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित के पिता ने बताया कि 1 जनवरी 2021 को प्राथमिकी दर्ज कराई कि 31 अक्टूबर 2020 को समय लगभग एक बजे दिन में उसका 12 वर्षीय पुत्र गाय चराने के लिए जंगल गया था। तभी 18 वर्षीय युवक छोटू उर्फ विजय वर्मा उसके पुत्र के शरीर के विभिन्न अंगों में दांत से काट लिया था और उसके पुत्र के साथ कुकर्म करने का प्रयास करने लगा। तभी उसका पुत्र किसी तरह से छुड़ाकर मौके से भाग निकला था।

जब उसके पुत्र ने एक जनवरी 2021 को नहाने के लिए अपने कपड़े उतारे तब उसने अपने पुत्र से पूछा तो उसने अपनी आपबीती बताई और थाने में लिखित तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। विवेचक ने मामले का आरोप पत्र अदालत में पेश किया। अदालत ने दोषी के विरुद्ध 5 जुलाई 2022 को आरोपी बनाया। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से छह गवाह पेश किए गए। पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने बाद न्यायाधीश ने अपने 18 पृष्ठीय फैसले में छोटू उर्फ विजय को दोषी मानते हुए सजा व जुर्माने से दंडित किया।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सिमौनी के आगामी मेला का स्थलीय निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। बांदा



दिनांक 25नवम्बर को जिलाधिकारी जे. रीभा एवं पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा थाना बबेरु क्षेत्रांतर्गत ग्राम सिमौनी में आयोजित होने वाले परंपरागत मेले की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेला क्षेत्र में वाहनों की पार्किंग व्यवस्था, प्रसाद वितरण स्थल, भीड़ नियंत्रण, प्रकाश व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं सुरक्षा प्रबंधों की तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन को लेकर विस्तृत बैठक की गई। जिसमें मेले के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने, यातायात को सुगम बनाने, सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने, अग्नि सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता,रात में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं व आमजन के लिए सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण सुनिश्चित करने हेतु सभी संबंधित विभागों को व्यवस्थाओं को समयबद्ध एवं सुचारू रूप से सुनिश्चित किए जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, क्षेत्राधिकारी बबेरु सौरभ सिंह, एवं प्रभारी निरीक्षक थाना बबेरु राजेन्द्र सिंह राजावत सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, बुधवार, 26 नवंबर, 2025






**पीएम ने शहीदी दिवस पर सिक्का जारी किया...**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 नवंबर को हरियाणा के दौरे पर ज्योतिसर अनुभव केंद्र का लोकार्पण और पाञ्चजन्य शंख स्मारक का शुभारंभ किया। इसके बाद पीएम श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर हो रहे समागम में पहुंचे। उन्होंने श्री गुरु तेग बहादुर जी... पढ़ें पेज 12 पर...

# सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरु तेग बहादुर के ज्योति दिवस पर किया नमन

- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिखों के नौवें गुरु, साहिब-ए-कौम श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज के ज्योति ज्योत दिवस पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट शेयर कर गुरु तेग बहादुर जी के सर्वोच्च बलिदान और उनके आदर्शों को याद किया। सीएम योगी ने लिखा कि ÷धर्म, मानवाधिकार और राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले साहिब-ए-कौम श्री गुरु तेग बहादुर जी के ज्योति ज्योत दिवस पर कोटि-कोटि नमन।÷ उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का जीवन पूरे विश्व के लिए प्रेरणा स्रोत है, जिन्होंने अत्याचार, अन्याय और धर्मांतरण के प्रयासों के विरुद्ध अडिग रहकर मानवता की रक्षा की। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में यह भी कहा कि गुरु तेग बहादुर जी द्वारा दिया गया त्याग और बलिदान भारत की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत की अमूल्य धरोहर है, जिसे सदैव स्मरण रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब ने जाति, पंथ और मजहब से ऊपर उठकर प्रेम, भाईचारे और सत्य के मार्ग को अपनाने का संदेश दिया। ज्योति ज्योत दिवस के अवसर पर प्रदेश भर के गुरुद्वारों में अखंड पाठ, कीर्तन, लंगर सेवा और अरदास का आयोजन किया जा रहा है। बड़ी संख्या में संगत गुरुद्वारों में पहुंचकर गुरु साहिब को श्रद्धांजलि अर्पित कर रही है। सिख समाज के लोगों ने कहा कि सरकार द्वारा गुरु परंपरा और राष्ट्र के महापुरुषों को सम्मान दिए जाने से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और आने वाली पीढ़ियां वीरता एवं बलिदान के इतिहास से प्रेरणा लेती रहेंगी।

# इंदु मेडिकल सेन्टर महोना में 28 नवंबर को आयोजित होगा निशुल्क ग्रामीण स्वास्थ्य मेला : डॉ. रजनीश श्रीवास्तव

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




इटौंजा के निकट कुम्हरावां रोड पर स्थित इन्दु मेडिकल सेन्टर हॉस्पिटल महोना में 28 नवंबर को निःशुल्क ग्रामीण स्वास्थ्य मेला का आयोजन इंदु मेडिकल सेन्टर हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ रजनीश श्रीवास्तव द्वारा किया जा रहा है। इस स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ व इसके मुख्य अतिथि पुर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा द्वारा किया जाएगा। इस निःशुल्क ग्रामीण स्वास्थ्य मेले के बारे में डॉ रजनीश श्रीवास्तव ने बताया कि, कई बार ऐसा देखा जाता हैं कि ग्रामीण स्तर के लोग, ग्रामीण क्षेत्र की जनता अपने इलाज के लिए अच्छे डॉक्टर्स अच्छे हॉस्पिटल नही पहुच पाते हैं, इसके कई कारण हो सकते हैं, जैसे कि गरीबी, समय न निकल पाना, और जानकारी का अभाव इत्यादि। इसलिए एक निःशुल्क ग्रामीण स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है। जिससे ग्रामीण स्तर के हर समाज के, हर वर्ग की जनता को निःशुल्क दवा वितरण किया जा सके, योग्य व अच्छे चिकित्सक द्वारा उनका इलाज किया जा सके। बताते चले कि डॉ रजनीश श्रीवास्तव किसी पहचान के मोहताज नही है, समय समय पर सामाजिक कार्यो में हिस्सा लेना, दीन दुखियों गरीबो का निःशुल्क इलाज करना उनकी मदद करना डॉ रजनीश श्रीवास्तव के स्वभाव में शामिल हैं। इससे पहले भी डॉ श्रीवास्तव द्वारा कई बार इन्दु मेडिकल सेंटर मेडिकल अलीगंज में निःशुल्क हेल्थ कैम्प कराये गए हैं। डॉ रजनीश ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगो को अच्छा व समय पर समुचित इलाज मिल सके, अच्छे डाक्टर का सानिध्य मिल सके इसीलिए कुम्हरावां रोड पर मोहान में इन्दु मेडिकल सेंटर होस्पिटल की नींव डाली गई है, हॉस्पिटल बनाया गया है। इस हॉस्पिटल में डर रजनीश सप्ताह में एक दिन निःशुल्क मरीजो को देखते हुए उनका उपचार करते है।

**डॉ कालिंदी श्रीवास्तव जानी मानी गाइनकॉलजिस्ट है**

डॉ रजनीश श्रीवास्तव की गिनती लखनऊ के टॉप फिजिशियन कार्डियोलोजिस्ट डॉक्टर्स में होती हैं, इनकी पत्नी डॉ कालिंदी श्रीवास्तव लखनऊ की जानी मानी गाइनकॉलजिस्ट है। वे भी डॉ रजनीश की ही तरह बहुत ही सरल स्वभाव की है। डॉ रजनीश लखनऊ के जानेमाने व चर्चित डॉक्टर्स में गिने जाते हैं। यहाँ तक कि दुरदर्शन व कई मुख्य चैनलों पर भी बीमारियों की जानकारी देते हुए जागरूकता करते हुए डॉ रजनीश श्रीवास्तव को देखा जा सकता है।

# बीएलओ बन मतदाताओं से ओटीपी मांगे,तो देने की जरूरत नहीं : रिणवा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान गणना प्रपत्र भरने के लिए कुछ अराजक तत्वों द्वारा बूथ लेवल अधिकारी या निर्वाचन विभाग का प्रतिनिधि बनकर मतदाताओं से मोबाइल नंबर पर ओटीपी मांग रहे हैं। उन्होंने मतदाताओं को स्पष्ट रूप से कहा है कि एसआईआर के गणना प्रपत्र को भरने की प्रक्रिया में बीएलओ द्वारा किसी भी प्रकार का ओटीपी नहीं मांगा जा रहा है। ऐसे मामलों में उन्होंने मतदाताओं को पूरी तरह से सतर्क एवं जागरूक रहने की अपील की है। इस प्रकार की गतिविधियां साइबर ठगी या धोखाधड़ी अंतर्गत संदेहास्पद हैं। यदि किसी मतदाता से फोन कॉल, मैसेज या अन्य माध्यम से ओटीपीमांगने का प्रयास किया जाता है।

# दिव्यांग व पिछड़ा वर्ग के लाभार्थी तक बिना देरी पहुंचे योजनाओं का लाभ : कश्यप

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

योगी सरकार की लोक-कल्याणकारी नीतियों को धरातल पर मजबूती से आगे बढ़ाते हुए प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गई। बैठक में दोनों विभागों की योजनाओं की प्रगति, बजट व्यय, लंबित प्रकरणों के निस्तारण तथा आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।मंत्री कश्यप ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब अस्वीकार्य है और यह सुनिश्चित किया जाए कि जरूरतमंद लाभार्थी तक योजना का लाभ बिना देरी और बिना भेदभाव पहुँचे। उन्होंने बताया कि विश्व दिव्यांग दिवस 3 दिसम्बर के अवसर पर 3 से 5 दिसम्बर तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। दोनों दिव्यांगजन विश्वविद्यालयों डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ और जगदुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट में कार्यक्रम होंगे। इन दिव्यांग विश्वविद्यालयों में नामांकन बढ़ा है और नए छात्रावासों के निर्माण से यह और तेजी से बढ़ेगा। राज्यस्तरीय कार्यक्रम के साथ-साथ जनपद स्तर पर मोटर ट्राइसाइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए।बैठक में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की योजनाओं छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति, शादी-अनुदान, कम्प्यूटर प्रशिक्षण ट्रिपल सी ओ लेवल की अद्यतन स्थिति पर विस्तृत समीक्षा की गई। पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति समय पर मिले। ट्रिपल-सी ओ-लेवल प्रशिक्षार्थियों की शुल्क प्रतिपूर्ति सीधे सही बैंक खाते में सुनिश्चित हो। शादी-अनुदान योजना के सभी लंबित प्रकरण तत्काल निस्तारित हों। योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार गांव-स्तर तक किया जाए। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर कोई समझौता न हो तथा सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।मंत्री कश्यप ने कहा योगी सरकार की मंशा है कि प्रदेश का कोई भी दिव्यांगजन और पिछड़ा वर्ग का पात्र लाभार्थी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। सरकार की योजनाएँ सीधे लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं और यह मिशन निरंतर आगे बढ़ेगा।

# रोज़गार और सामाजिक न्याय की लड़ाई अब पूरे यूपी में : संजय

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने कहा कि ÷रोज़गार दो-सामाजिक न्याय दो÷ अभियान का अभी समापन नहीं बल्कि आरम्भ हुआ है। अब यह पदयात्रा पूरे उत्तर प्रदेश में आठ चरणों में चलेगी। पहला चरण 25 दिसंबर से 29 दिसंबर तक रामपुर, मुरादाबाद और अमरोहा जिलों में निकाला जाएगा। उन्होंने जनता से अपील की कि जो लोग पिछली यात्रा में शामिल नहीं हो पाए, वे इस यात्रा से जुड़ें और मिस्ड कॉल नंबर 75000 40004 पर कॉल कर पंजीकरण कराएं। संजय सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार की तानाशाही और एसआईआर जैसे चुनावी घोटालों के खिलाफ लड़ाई लगातार जारी रहेगी।

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की हीरक जयंती व राष्ट्रीय जम्बूरी मे सास्कृतिक कार्यक्रम का उप मुख्यमंत्री ने किया शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- हर संकट की घड़ी मे स्काउट्स एण्ड गाइड्स का रहता है बड़ा योगदान
- 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी का उत्तर प्रदेश मे होना उत्तर प्रदेश के लिए गौरव की बात
- युवाओं के बल पर भारत को सामरिक व आर्थिक दृष्टि से बनाना है महाशक्ति : मौर्य

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा हर संकट की घड़ी मे स्काउट्स एण्ड गाइड्स का बड़ा योगदान रहता है। कुम्भमेला, कोरोना काल बाढ़ या आपदाओं मे लोगो की मदद करने मे स्काउट्स एण्ड गाइड्स की महत्वपूर्ण भूमिका को सबने देखा है।स्काउट्स एण्ड गाइड्स के युवा समाज सेवा मे भी बढ़चढ़ कर भाग लेते हैं।19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी का उत्तर प्रदेश मे होना उत्तर प्रदेश के लिए गौरव की बात है।युवाओं के बल पर भारत को सामरिक व आर्थिक दृष्टि से महाशक्ति बनाना है।विकसित भारत के विजन को देश की युवाशक्ति पूरा करेगी। युवा शक्ति परिवर्तन का आधार है।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सोमवार को सायं डिफेंस एक्सपो ग्राउंड, वृंदावन योजना में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की हीरक जयंती तथा 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी मे आयोजित सास्कृतिक कार्यक्रम व ड्रोन शो का शुभारम्भ के उपरांत स्काउट्स एण्ड गाइड्स को सम्बोधित कर रहे थे।उन्होने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की हीरक जयंती तथा 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी के आयोजको व प्रतिभागियो को उत्तर प्रदेश की ओर से अभिनन्दन किया व उनके उज्जवल भविष्य व प्रगतिशील जीवन की कामना की। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना की व अपने सारगर्भित व प्रेरक सम्बोधन मे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने नवोदित प्रतिभाओं मे नयी ऊर्जा व नये उत्साह का संचार किया। युवा शक्ति ही भारत का भविष्य है और उनके दृढ़ संकल्प, सेवा भावना एवं अनुशासन से न केवल राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा बल्कि भारत आत्मनिर्भर बनेगा, विसकित बनेगा। 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी मे युवाशक्ति को बहुत कुछ सीखने व समझने का अवसर मिल रहा है, इस अवसर का सभी लोग भरपूर उपयोग करे। हम सबको मिलकर एक भारत श्रेष्ठ भारत के विजन को मूर्तरूप देना है।इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य डामहेन्द्र सिह ने अतिथियों का सवागत कलते हुये कार्यक्रम के उद्देश्यों,थीम, महत्व व महत्ता पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जैन , राष्ट्रीय मुख्यायुक्त डॉ. केके खंडेलवाल , प्रादेशिक अध्यक्ष व विधान परिषद के सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह जी, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार एवं समस्त प्रदेश से आए प्रादेशिक मुख्यायुक्त व पदाधिकारी गण व अन्य गणमान्य नागरिक, महानुभाव, समाजसेवी आदि मौजूद रहे।

# धर्मवीर प्रजापति ने की नागरिक सुरक्षा कोर की प्रशिक्षण कार्यशाला की शुरुआत

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



उत्तर प्रदेश के होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने भारत सरकार प्रायोजित वार्डन क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में नागरिक सुरक्षा कोर की प्रशिक्षण कार्यशाला की शुरुआत की।मुख्यातिथि एवं विशिष्ठ अतिथि के आगमन पर डिवीजनल वार्डन लोहिया नगर सुनील तिवारी एवं डिवीजनल वार्डन बक्शी का तालाब राजेश सिंह चौहान ने चीफ़ वॉर्डन अमरनाथ विश्व की अगुवाई में गार्ड ऑफ़ आनर दिया। धर्मवीर प्रजापति ने सनातन धर्म के मूल मंत्र परहित धर्म पर ज़ोर देते हुए कहा कि नागरिक सुरक्षा का मूल मंत्र ही सर्वभूते हिते रतः है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच दीर्घकालिक होती है। प्रशिक्षण के माध्यम से प्रधानमंत्री की सुरक्षा के तरीक़ों को जन जन तक पहुँचाना चाहते हैं और आप सभी को चाहिए कि अपने आस पास जहाँ आप रहते हैं जहाँ कार्य करते हैं वहां यदि चार चार लोगों को आप प्रशिक्षित करेंगे तो ये श्रृंखला बहुत दूर तक जाएगी। आपदा में बचाव का तरीका सभी लोगों तक पहुँचे। जब आप जनता में अपने काम के बारे में बताएंगे तो बहुत से लोग उत्साहित होकर सिविल डिफेंस से जुड़ेंगे और यही हमारा मूल उद्देश्य है। इस पुनीत कार्य में मैं और मेरे अधीनस्थ विभाग के कर्मचारी वार्डनों के सम्मान के लिए सदैव कार्यरत है और देश की रक्षा के लिए नागरिकों की यह फ़ौज हमारे राष्ट्र के गौरव को बढ़ाने में सहयोग करती है और करती रहेगी। पहले गांवों में जब कच्चे मकान होते थे तब जब हथिया नक्षत्र में पानी कई दिन बरसता था तब सभी गाँव वाले एक दूसरे की सुध लेते थे कि कहीं कच्चा मकान किसी का गिरता था तो सभी लोग एक दूसरे की मदद करने के लिए निकल पड़ते थे। आज समृद्ध तो हुए हैं मगर आज हमारी सहनशीलता मे कहीं कमी आ गई है और इसी कमी को पूरा कर रहे हैं और पूरा करते रहेंगे हमारे ये नि स्वार्थ मदद करने वाले नागरिक सुरक्षा के जांबाज सिपाही है। उन्होंने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया और उनको सफल प्रशिक्षण लेने की शिक्षा प्रदान की।लखनऊ डिफेंस द्वारा किए गए कार्यों पर इस पर एक संक्षिप्त चलचित्र मंत्री को दिखाया गया। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए पुलिस महानिदेशक ध्रुव कान्त ठाकुर ने बताया कि नागरिक सुरक्षा एक नि स्वार्थ संगठन है और जो समय समय पर समाज में धार्मिक सामाजिक हर तरीक़े के कार्यक्रमों में अपनी सेवाएँ देता है जो अमूल्य हैं और वार्डन बोहोत ही एक प्रतिष्ठित व्यक्तत्व का धनी होता है क्योंकि वह अपना अमूल्य समय दूसरों के कार्यों के लिए प्रदान करता है इसलिए ये जो ट्रेनिंग भारत सरकार के द्वारा कराई जा रही है ये आपके कार्य करने की क्षमता को बढ़ाती है और आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में भी कैसे वृद्धि को कैसे विपरीत परिस्थितियों में आप कार्य कर सके लोगों की मदद कर सके इसको समझाने में आपकी मदद करेंगे। बहुत अच्छा कार्यक्रम है इसमें सभी प्रशिक्षित लोग ट्रेनिंग दे रहे हैं जिनके अनुभव का आप लाभ उठा सकते है। आज पहला बैच शुरू हुआ जो की 90 वार्डन का था यह कार्यक्रम 7 दिन चलेगा उक्त कार्यक्रम में अतिथियों के साथ अमर नाथ मिश्र व चीफ वार्डन ऋतु राज रस्तोगी डी डब्ल्यू सुनील शुक्ला, हरीश कुमार, नफीस अहमद, डाक्टर माथुर, सुनील यादव, रमेश चोहान डिप्टी डी डब्ल्यू मुशीर रामगोपाल राजेंद्र श्रीवास्तव ऐश्वर्य इमरान अनिल सहायक उप नियंत्रक मनोज वर्मा ऋषि कुमार मुकेश कुमार ममता रानी रेखा जी उपस्थित रहे।

# आयुष्मान कार्ड बनाने का महा अभियान शुरू, 25 दिसंबर तक चलेगी विशेष कवायद

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार ने आम जनता को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत प्रदेश भर में आयुष्मान कार्ड बनाने का विशेष अभियान आज से शुरू हो गया है। यह अभियान 25 नवंबर 2025 से 25 दिसंबर 2025 तक पूरे एक माह तक चलेगा। सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र परिवार इस सुविधा से वंचित न रहे। अभियान के माध्यम से उन सभी लोगों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा, जो किसी कारणवश पहले छूट गए थे या जिनका नाम सूची में शामिल होने के बावजूद कार्ड नहीं बन पाया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मुख्य सचिव एस.पी. गोयल ने सभी जिलाधिकारियों, सीएमओ और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। जिलों में कैंप लगाकर और घर-घर जाकर पात्र लाभार्थियों तक योजना का लाभ पहुंचाने की तैयारी की गई है। सरकारी अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, नगर निकायों, ग्राम पंचायत भवनों और कॉमन सर्विस सेंटर पर विशेष काउंटर स्थापित किए जा रहे हैं। इस बार अभियान में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को बिना किसी जटिल प्रक्रिया और दस्तावेज़ के सीधे पात्र मानते हुए आयुष्मान कार्ड जारी किए जाएंगे। इसके अलावा अपात्र घोषित परिवार, पहचान में छूटे लक्ष्य समूह तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के पात्र कार्डधारकों के लिए भी प्रक्रिया सरल की गई है। मुख्य सचिव ने कहा है कि आयुष्मान कार्ड लाभार्थियों को सालाना 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराता है, ऐसे में यह अभियान सरकार की प्राथमिकता में है। जिलाधिकारियों को प्रतिदिन अभियान की प्रगति की रिपोर्ट शासन को भेजने और अधिकतम लाभार्थियों को कवर करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि लोगों को अपने आधार कार्ड और राशन कार्ड की कॉपी साथ लानी होगी। जिन लाभार्थियों का आधार मोबाइल नंबर से लिंक है, उनके कार्ड तुरंत वहीं प्रिंट कर दिए जाएंगे। सरकार ने अपील की है कि पात्र परिवार इस अभियान का पूरा लाभ उठाएं और समय रहते अपना आयुष्मान कार्ड बनवाएं। जनता के हित में शुरू किया गया यह अभियान स्वास्थ्य सुविधाओं को और सुदृढ़ करने की दिशा में सरकार का बड़ा कदम माना जा रहा है। प्रशासन ने भरोसा जताया कि इस बार प्रदेश स्तर पर रिकॉर्ड संख्या में आयुष्मान कार्ड जारी किए जाएंगे।

# थावर में 168वां ऐतिहासिक मेला 2 दिसम्बर से

- 1857 की क्रांति की स्मृति में लगने वाले प्राचीन मेले की तैयारियाँ पूरी, सख्त नियम लागू

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की आंच को अपनी परम्परा में सहेजे थावर में लगने वाला मेला माँ सती देवी थावर इस वर्ष 2 दिसम्बर से 10 दिसम्बर तक आयोजित होगा। अगहन मास शुक्ल पक्ष द्वादशी से शुरू होने वाला यह एक सौ अड़सठवाँ महोत्सव धार्मिक आस्था, ऐतिहासिक विरासत और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का अद्भुत संगम माना जाता है। मलिहाबाद माल रोड स्थित मेले में प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु पहुँचकर माँ सती के दर्शन करते हैं। मेला प्रबंधन के अनुसार इस बार श्री दुर्गा पूजा, सप्तसती हवन, रामचरित मानस संकीर्तन, प्रवचन और सत्यनारायण कथा मुख्य आकर्षण रहेंगे। समापन दिवस पर विशेष भगवन्नाम संकीर्तन होगा। मेले की विशेष पहचान—थावर का प्रसिद्ध लकड़ी बाजार—इस बार भी बड़ी संख्या में व्यापारियों को आकर्षित करेगा। उत्तम गुणवत्ता के तख्त, दरवाजे, फर्नीचर, बक्से और लकड़ी के अन्य सामानों की सैकड़ों दुकानें लगाई जा रही हैं। बर्तन, लोहा, गलीचे, खिलौने सहित उपयोगी वस्तुओं का बड़ा बाजार भी तैयार है।

**दान आधारित व्यवस्था, व्यापारियों को समय पर आने-जाने का निर्देश**

मेला पूरी तरह दुकानदारों के स्वैच्छिक दान (चंदा) से संचालित होता है। व्यापारियों को 10 दिन पूर्व संपर्क करने और निर्धारित तिथियों पर ही मेले में आने-जाने का निर्देश दिया गया है। पेयजल, सफाई, जनरेटर व पक्की सड़क की सभी सुविधाएँ सुनिश्चित की गई हैं। कसमण्डी कलां से भी पक्की सड़क उपलब्ध है।

**परंपरा और पराक्रम की जीवंत मिसाल**

मेला समिति का कहना है कि यह आयोजन केवल धार्मिक महोत्सव नहीं, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदान और ग्रामीण सांस्कृतिक चेतना को प्रणाम है। प्रशासनिक और सामाजिक स्तर पर इसकी तैयारियाँ तेज हो गई हैं।

**शराब-मांस, जुआ और नशीले पदार्थों पर पूर्ण प्रतिबंध**

मेला प्रभावित क्षेत्र को पूरी तरह शुद्ध व धार्मिक वातावरण घोषित करते हुए शराब, मांस, अंडे, जुआ व मादक द्रव्यों के सेवन-विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। संपूर्ण व्यवस्था संरक्षिका श्रीमती विमला सिंह तथा मंदिर संरक्षक अजय सिंह व अतुल कुमार सिंह (अधिवक्ता) की देखरेख में की जा रही है।

# देश में सबसे तेज गति से यूपी मे हो रहा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना का क्रियान्वयन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- स्वीकृत प्रस्तावो के स्ट्राइक रेट 98 प्रतिशत साथ उत्तर प्रदेश देश मे शीर्ष स्थान पर
- उत्तर प्रदेश मे प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना का क्रियान्वयन देश मे सबसे तेज गति से हो रहा

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के मार्गदर्शन मे खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन पीएम एफएमई योजना का क्रियान्वयन बेहतरीन तरीके से किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश मे प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना का क्रियान्वयन देश मे सबसे तेज गति से हो रहा। आवेदनो प्रस्तावों की स्वीकृति एवरेज टाइम मात्र 100 दिन है स्वीकृत प्रस्तावो के स्ट्राइक रेट 98 प्रतिशत साथ उत्तर प्रदेश देश मे शीर्ष स्थान पर है।खाद्य प्रसंस्करण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में आवंटित धनराशि 311.71 करोड़ के सापेक्ष 252.89 करोड़ धनराशि व्यय की जा चुकी है तथा तृतीय किश्त हेतु खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय भारत सरकार को बजट की मांग हेतु पत्र प्रषित किया जा चुका है।प्रदेश में विभिन्न बैंकों के द्वारा पीएम एफएमई योजना के अन्तर्गत 2000 करोड़ से अधिक टर्म लोन स्वीकृत किया गया है।अपर मुख्य सचिवउद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग बी एल मीणा ने बताया कि पीएम एफएमई योजना के अन्तर्गत इस वर्ष स्वीकृत प्रस्ताव सर्वाधिक हैं, जिनका स्ट्राइक रेट 98 प्रतिशत है जो कि प्रथम स्थान पर है।एवरेज टाइम 100 दिन, एवरेज टर्म लोन 10 लाख एवं एवरेज अनुदान धनराशि 4 लाख प्रति इकाई स्वीकृत है, जो देश में सर्वोत्तम है। उद्योग लगवाने के लिए प्रत्येक जनपद में 1000 जनपदीय रिसोर्स पर्सन डीआरपी की तैनाती जनपदों के मुख्य विकास अधिकारियों द्वारा की गयी है। एक इकाई की स्थापना कराने में इन्हें धनराशि 20000 की धनराशि उपलब्ध करायी जाती है।

# नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री पहुंचे मऊ, यूनिटी मार्च में किया सहभाग

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के प्रतीक लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर यूनिटी मार्च में उत्साहपूर्ण सहभाग किया। यह मार्च गालिबपुर किंग्स इडेन स्कूल से बरहदपुर कुटी तक निकाला गया, जिसमें जनप्रतिनिधि, समाजसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए। देशभक्ति के नारों और उत्साहपूर्ण वातावरण ने पूरे मार्च को ऊर्जा से भर दिया। श्री शर्मा ने कहा कि सरदार पटेल भारत माता के ऐसे वीर सपूत थे जिन्होंने राष्ट्रहित के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि आज़ादी के समय देश में बिखरी हुई 565 रियासतों को एक राष्ट्र के सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक और अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्य सरदार पटेल ने अतुलनीय रणनीति, दृढ़ संकल्प और अद्वितीय नेतृत्व से पूरा किया। यह एकीकरण भारत की अखंडता और स्थिरता की आधारशिला बना, जिसका लाभ आज पूरा राष्ट्र उठा रहा है।यूनिटी मार्च में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और हजारों स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान किया। इस दौरान देशभक्ति के नारों और संदेशों ने वातावरण को और अधिक प्रेरणादायी बना दिया। श्री शर्मा ने नागरिकों से अपील की कि राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और भाईचारा ही हमारे देश की सबसे बड़ी ताकत है। जब हम समाज में प्रेम, सहयोग और समरसता को बढ़ाते हैं, तभी हम सरदार पटेल के सपनों के सशक्त भारत के निर्माण की दिशा में वास्तविक योगदान कर पाते हैं।

# अब रायबरेली से लखनऊ जाना होगा आसान, 4 हाईवे को छह लेन बनाने की तैयारी

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



रायबरेली से लखनऊ राजमार्ग पर वाहनों की बढ़ती संख्या को लेकर एनएचएआई इसे छह लेन करने की तैयारी कर रहा है. इसे धरातल पर उतारने के लिए एनएचएआई लखनऊ डिवीजन ने कार्य करना शुरू भी कर दिया है. बछरावां के चुरुआ टोल प्लाजा पर वाहनों की गणना शुरू कर दी गई है.

बीते गुरुवार को बछरावां के टोल प्लाजा पर स्ट्रिप लगाकर वाहनों की गणना शुरू की गई है. बताया जाता है कि छह लेन मार्ग तभी बनाया जाता है जब प्रतिदिन कम से कम बीस हजार वाहन एक रास्ते से गुजरते हों. टोल प्लाजा पर मिली जानकारी के अनुसार अभी रोजाना 12 हजार से लेकर 16 हजार वाहन प्रतिदिन राजमार्ग से निकल रहे हैं। इस हिसाब से सड़क पर वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसी को देखते हुए इस राजमार्ग को छह लेन बनाने की तैयारी की जा रही है.

लखनऊ से प्रयागराज को जाने वाले राजमार्ग पर जिले में रायबरेली से टांडा व जौनपुर-रायबरेली राजमार्ग के भी वाहन आकर मिलते हैं. यहां से सभी वाहन लखनऊ को जाने के लिए इस राजमार्ग एनएच 730 से गुजरते हैं. इस कारण इस रास्ते में वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है. एनएचएआई के सूत्रों का कहना है कि केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय के द्वारा सड़क को मॉडल सेफ रोड बनाए जाने की तैयारी है.

सड़क पर वाहनों की बढती संख्या का असर महाकुम्भ के समय दिखाई दिया था। जब सड़क पर लगातार जाम लग रहा था। वाहनों को चारलेन की सड़क पर संभालने में प्रशासन को परेशानी हो रही थी. उसके बाद से ही प्रयागराज को जाने वाली सड़क को छह लेन किए जाने की आवश्यकता होने लगी थी. उस समय लोगों को जाम के चलते अपने घरों को जाने में घंटों का समय लग रहा था। वाहनों की बढ़ती संख्या को संभालने में चार लेन की सड़क नाकाम साबित हो रही है. इसके चलते एक बार फिर से सड़क पर दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ने लगी है।

# नारी उत्कर्ष मशाल तुलसीपुर से लाया गया गायत्री शक्तिपीठ बलरामपुर

जन एक्सप्रेस । तुलसीपुर बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर में मंगलवार को प्रांतीय नारी उत्कर्ष मशाल गायत्री शक्तिपीठ तुलसीपुर से लाकर बलरामपुर गायत्री शक्तिपीठ में स्थापित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेत्री शेरावाली शुक्ला ने मशाल का पूजन अर्चन करते हुए मशाल को तुलसीपुर से बलरामपुर रवाना किया।

जानकारी के अनुसार 24 नवंबर को मशाल हस्तांतरण के अवसर मुख्य अतिथि शेरावाली शुक्ला ने कहा कि शांतिकुंज हरिद्वार की प्रेरणा से प्राप्त यह नारी उत्कर्ष मशाल बलरामपुर जनपद के साथ पूरे प्रदेश की नारी शक्ति का पथ प्रदर्शन करते हुए उनके अंदर प्रेरणा का संचार करेगा। वरिष्ठ परिव्राजक श्रीराम भारती ने कहा कि आगामी वर्षों में प्रांतीय नारी उत्कर्ष समारोह का भव्य कार्यक्रम बलरामपुर जनपद के देवीपाटन धाम में होगा। तुलसीपुर में गायत्री परिवार पचपेड़वा के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी संजय जायसवाल और वरिष्ठ परिव्राजक श्रीराम भारती ने सद्वाक्य टेबल कैलेंडर, युग निर्माण साहित्य और सद्वाक्य स्टिकर देकर मुख्य अतिथि का सम्मान किया । महिला मंडल की सदस्यों ने तिलक लगाकर स्वागत किया और मंत्र पट्टिका पहनाकर स्वागत किया । इसी क्रम में भाजपा नेत्री कोमल शेरावाली शुक्ला का गायत्री शक्तिपीठ बलरामपुर में उपस्थित परिजनों और महिला मंडल की सदस्यों ने पूजन, अर्चन और पुष्प वर्षा कर मां गायत्री से उनके मंगल जीवन की कामना की । इस अवसर पर तुलसीपुर शक्तिपीठ में श्रीराम भारती, प्रदीप कुमार गोयल, संजय जायसवाल, अशर्फी लाल सहित महिला मंडल की सभी सदस्य और बलरामपुर शक्तिपीठ में मंदिर व्यवस्थापक सतीश मिश्रा, महिला मंडल प्रभारी राम दुलारी गुप्ता, कल्पना शुक्ला सहित अन्य बहने, सुनील वर्मा, कृष्ण कुमार कश्यप, परिव्राजक राजकरण और भक्तराज जी की उपस्थिति रही।

# डीएम की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय गौ संरक्षण एवं अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न



जन एक्सप्रेस । रायबरेली

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय गौ संरक्षण एवं अनुश्रवण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने सभी गो-आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं की ब्लॉकवार समीक्षा की। निर्देश दिया कि समय से सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करा लें।

जिलाधिकारी ने कहा कि नवीन गो-आश्रय स्थलों के निर्माण कार्य समय से पूरे कराए जाएँ। निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। गो-आश्रय स्थलों में पशुओं के लिए हरा चारा, पानी, चिकित्सा, प्रकाश, शेड आदि की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। यदि कोई पशु संक्रामित है तो उन्हें अलग कर उचित उपचार कराया जाए। साथ ही ठंड के मौसम को देखते हुए आश्रयों में ठंड से बचाव के लिए आवश्यक प्रबंध किए जाएँ। यदि किसी गोवंश की मृत्यु हो जाए तो उनका उचित तरीके से अंतिम संस्कार कराया जाए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन गोशालाओं में सीसीटीवी कैमरे कार्य नहीं कर रहे हैं, उन्हें शीघ्र ठीक कराया जाए तथा उनकी लगातार निगरानी भी की जाए। गो-आश्रय स्थलों को स्वावलंबी बनाने के लिए गोशालाओं में वर्मीकम्पोस्ट, गोबर निर्मित काष्ठ, दीपक व पेंट निर्माण की व्यवस्था कराई जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए सतीश प्रसाद मिश्रा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप कुमार द्विवेदी, उप निदेशक कृषि विनोद कुमार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## इंडो नेपाल के अधिकारियों की द्विपक्षीय समन्वय बैठक आयोजित

बलरामपुर। जनपद बलरामपुर के इंडो नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में शांति व्यवस्था तथा मैत्रीपूर्ण संबंध प्रगाढ़ बनाए रखने के लिए दोनों देशों के बीच समय-समय पर होने वाले द्विपक्षीय बैठक के क्रम में मंगलवार को सशस्त्र सीमा बल 50 वीं वाहिनी सीमा चौकी बढ़नी कैंप कार्यालय में दोनों देशों के अधिकारियों की समन्वय बैठक आयोजित की गई ।

जानकारी के अनुसार 24 नवंबर को मुकेश कुमार गुर्जर उप कमांडेंट 50 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बलरामपुर के उपस्थिति में भारत नेपाल के बीच संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया । बैठक के दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा किया गया । दोनों देशों के स्थानीय प्रशासन, नगर पालिका अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश पुलिस, एपीएफ नेपाल एवं बढ़नी समवाय के प्रभारी उपस्थित रहे । बैठक को संबोधित करते हुए मुकेश कुमार गुर्जर ने बताया कि दोनों देशों की सीमाओं को साफ सुथरा रखा जाए जिसके लिए प्रत्येक सप्ताह स्वच्छता अभियान चलाया जाए । नोमेन्स लैंड पर आ रहे दोनों देशों के पानी को भी रोकने का बंदोबस्त किया जाए ।

# बस पलटने से बीस यात्री घायल, तीन की हालत गंभीर,सात महीने का बच्चा भी घायल

जन एक्सप्रेस । अमेठी



दिल्ली से अमेठी आ रही एक प्राइवेट बस सोमवार देर शाम दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर अनियंत्रित होकर पलट गई।हादसा इतना भीषण था कि बस में सवार 20 यात्री घायल हो गए,जिनमें तीन की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घायलों में सात महीने का बच्चा,कई महिलाएँ और युवक शामिल हैं।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस सोमवार शाम करीब आठ बजे तेज रफ्तार से हाईवे पर दौड़ रही थी। अचानक चालक का संतुलन बिगड़ गया।और बस सड़क किनारे पलट गई।टक्कर इतनी जोरदार थी कि कई यात्री बस के अंदर फंस गए।बस कमई विराज,गोकुला,आनंद विहार दिल्ली रूट पर संचालित होती है।हादसे के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई।मौके पर राहत कार्य के लिए जुटे स्थानीय लोगों और पुलिस ने फंसे लोगों को निकालने में काफी मशक्कत की।थाना प्रभारी रंजन सचान ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत घटना स्थल पर पहुँच गई।और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया।एवं सभी घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।बाद में क्रेन की मदद से बस को सीधा कराया गया।20 घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद विभिन्न अस्पतालों में भेजा गया।तीन गंभीर घायल रीना, विवेक,और रविंद्र को बेहतर इलाज के लिए आगरा रेफर किया गया है।अन्य 17 घायलों को मथुरा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहाँ सभी का इलाज जारी है।डॉक्टरों के अनुसार अधिकांश घायलों को सिर,हाथ-पैर और शरीर पर चोटें आई हैं।बस पलटने के कारण हाईवे पर करीब तीस मिनट तक जाम लगा रहा। पुलिस ने फोर्स तैनात कर रास्ता डायवर्ट किया।बस को हटवाने के बाद यातायात बहाल किया।थाना प्रभारी के अनुसार हादसे की प्राथमिक वजह चालक की लापरवाही और तेज रफ्तार मानी जा रही है।चालक के भागने की सूचना है, जिसकी तलाश की जा रही है।वाहन का तकनीकीपरीक्षण कराया जाएगा।पुलिस ने मामला दर्ज कर विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

# हार्ट मरीजों को बड़ी राहत,अब जिले में ही लगेगा 'टेट्राट प्लस' इंजेक्शन

जन एक्सप्रेस । अमेठी

दिल से जुड़ी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए जिले में बड़ी राहत आई है।अब हार्ट अटैक जैसी स्थितियों में जीवन रक्षक माने जाने वाला 'टेट्राट प्लस' इंजेक्शन अमेठी में ही उपलब्ध होगा।सामान्य बाजार में लगभग 40 हजार रुपये कीमत वाले इस इंजेक्शन को सरकार अब रियायती दर पर 20 हजार रुपये में उपलब्ध कराएगी।इससे मरीजों को समय पर उपचार मिलेगा और रेफर किए जाने की जरूरत भी कम होगी।स्वास्थ्य विभाग के अनुसार उच्च स्तर के निर्देश पर जनपद के सीएचसी जगदीरपुर,सीएचसी फुरसतगंज और जिला अस्पताल में यह महत्वपूर्ण सुविधा शुरू कर दी गई है।अब तक हार्ट मरीजों को इस इंजेक्शन के अभाव में लखनऊ या अन्य बड़े अस्पतालों में रेफर करना पड़ता था,जिससे कई बार इलाज में देरी होने के कारण मरीजों की स्थिति गंभीर हो जाती थी।नई व्यवस्था से क्षेत्र के हजारों मरीजों को तुरंत राहत का रास्ता मिलेगा।अधिकारियों ने बताया कि टेट्राट प्लस का उपयोग हृदय की नसों को खोलने और ब्लॉकेज की स्थिति में रक्त प्रवाह पुनः स्थापित करने के लिए किया जाता है।हार्ट अटैक के शुरुआती 'गोल्डन ऑवर' में यह इंजेक्शन जीवन बचाने में अत्यंत प्रभावी माना जाता है।स्वास्थ्य विभाग ने वर्तमान स्थिति को देखते हुए इंजेक्शन की पर्याप्त मात्रा अस्पतालों को उपलब्ध कराई है।जिससे लगातार और निर्बाध आपूर्ति बनी रहे।मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर दवा की खरीद की प्रक्रिया भी तेज कर दी गई है।स्वास्थ्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता हर जिले में गंभीर बीमारियों का त्वरित इलाज सुनिश्चित करना है।इस दिशा में अमेठी को मिली यह सुविधा एक महत्वपूर्ण कदम है।स्थानीय नागरिकों व मरीजों ने इस पहल का स्वागत किया है।उनका कहना है कि पहले महंगे इलाज के कारण कई परिवार आर्थिक संकट में आ जाते थे,जबकि अब आधी कीमत में उपलब्ध यह जीवनरक्षक इंजेक्शन उनके लिए बड़ी राहत साबित होगा।स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि जिले में चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के साथ हृदय रोगियों को अबबेहतर और त्वरित उपचार मिलेगा,जिससे अनगिनत जानें बचाई जा सकेंगी।

## डीएम ने तहसील उतरौला में एसआईआर के गणना पपत्र के संकलन एवं डिजिटाइजेशन का लिया जायजा

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत तहसील उतरौला सभागार एवं विकास खंड उतरौला में गणना पत्रकों के संकलन एवं डिजिटाइजेशन की प्रगति का डीएम और जिला निर्वाचन अधिकारी विपिन कुमार जैन ने स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने डिजिटाइजेशन में तेजी लाएं जाने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसील उतरौला में स्थापित हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया एवं मतदाताओं की सभी जिज्ञासाओं का समाधान किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सादुल्लानगर में आयोजित विशेष कैंप में उन्होंने बीएलओ से गणना पपत्र के संकलन कार्य की जानकारी प्राप्त की तथा मैपिंग की शुद्धता, डिजिटाइजेशन की गति पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए । जिला निर्वाचन अधिकारी ने हाजी इस्माइल महाविद्यालय में गणना पपत्र के डिजिटाइजेशन का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम उतरौला व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# बलरामपुर के मेधावी ने अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन में प्रस्तुत किया सोधपत्र

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के होनहार लाल ने विश्व हिंदू परिषद एवं भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 21 - 22 नवंबर को विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन में शोधपत्र प्रस्तुत कर बलरामपुर जिले का मान बढ़ाया है। देश-विदेश आये प्रतिनिधियों के मध्य बलरामपुर के लाल ने अपनी प्रस्तुति से जबरदस्त हनक दिखाई है। दीपक के इस उपलब्धि पर परिजनों व मित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

जानकारी के अनुसार नगर के टेढ़ी बाजार निवासी मन्नू लाल चौहान के तीसरे नंबर के पुत्र दीपक कुमार चौहान ने विज्ञान भवन नई दिल्ली में ÷राष्ट्रीयता और मानवता के प्रतीक पंडित दीनदयाल उपाध्याय÷विषय पर आयोजित सम्मेलन में ÷भारतीय संस्कृति के संवाहक÷ पर अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया है। सम्मेलन में उपस्थित मुख्य अतिथि लद्दाख के उपराज्यपाल कवींद्र गुप्त, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, सांसद मनोज तिवारी, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी व दिल्ली सरकार के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्र के समक्ष दीपक कुमार चौहान ने दीनदयाल उपाध्याय के राष्ट्रीयता और मानवतावादी दर्शन के संबंध में अपने विचार प्रस्तुत किये। दीपक कुमार चौहान की शोधपत्र की प्रस्तुति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पद्मश्री व पद्मभूषण आचार्य यार्लगड्डा लक्ष्मी प्रसाद व राष्ट्रीय महासचिव डॉ विपिन कुमार ने स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया है। दीपक को बचपन से ही लेखन का काफी शौक रहा है। वर्ष 2024 में साहित्य सेवा में योगदान के लिए नई दिल्ली की वर्धी संस्था द्वारा राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। इसके पूर्व साहित्य साधना के लिए ही दो बार युवा साहित्य पुरस्कार, टीवी सीरियल ÷शेष प्रश्न÷ धारावाहिक साहित्यिक प्रतियोगिता मुंबई के द्वारा प्रशंसा पत्र,गृह मंत्रालय भारत सरकार की पत्रिका पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो नई दिल्ली द्वारा पुरस्कार प्राप्त होने के साथ ही हिंदी साहित्य सम्मेलन द्वारा वर्ष 2004 व 2005 सारस्वत सम्मान, 2005 में डॉ राम कुमार वर्मा पुरस्कार एवं केशरी नाथ त्रिपाठी अभिनंदन ग्रंथ समारोह 2004 में सरस्वती सम्भा वर्चना सम्मान से भी सम्मानित किया गया है। दीपक के कई शोध पत्र राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय जनरल में प्रकाशित हो चुके हैं। वर्तमान में दीपक कुमार 51 वीं यू पी बटालियन बलरामपुर में वरिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत हैं। दीपक कुमार चौहान की उपलब्धि पर माता-पिता के साथ साथ बड़े भाई आनंद कुमार चौहान, डॉ राज कुमार, बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अरविन्द प्रताप सिंह पटवाल सहित कई शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए हर्ष जताया है।

# राम विवाह के मौके पर आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 11 जोड़ो का हुआ विवाह

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के छोटा धुसाह स्थित समय माता मंदिर परिसर में सोमवार को समाजसेवी विनय कुमार मिश्रा द्वारा राम विवाह उत्सव के अवसर पर भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 11 नव दंपत्ति जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया ।

जानकारी के अनुसार 25 नवंबर को विवाह पंचमी राम विवाह के अवसर पर सामाजिक समरसता एवं परंपरागत वैवाहिक संस्कारों को सहेजने वाले इस आयोजन में ग्यारह जोड़ों ने विधिवत मंत्रोच्चार और वैदिक रीतियों के साथ विवाह बंधन में प्रवेश किया।

कार्यक्रम का संचालन प्रतिवर्ष की भांति वरिष्ठ समाजसेवी तथा भाजपा क्षेत्रीय सह-संयोजक (अवध क्षेत्र) विनय कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। क्षेत्रीय ग्रामीण व जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने समारोह में पहुंचकर नवदंपत्ति को आशीर्वाद प्रदान किया। विवाह संस्कारों के उपरांत वर-वधू को गृहस्थ जीवन के प्रारंभिक आवश्यकताओं हेतु बेड, रजाई, गद्दा, श्रृंगारदान, सोफा, जेवरात सहित अन्य उपयोगी सामग्री भेंट की गई। विनय मिश्रा ने बताया कि बलरामपुर और श्रावस्ती जनपद के विभिन्न ग्रामीण अंचलों से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को चिन्हित कर इस वर्ष भी ग्यारह कन्याओं का विधि विधानपूर्वक विवाह कराया गया है। उन्होंने कहा कि गरीब और निराश्रित कन्याओं के हाथ पीले करना ही मेरे जीवन का उद्देश्य है। भविष्य में भी निजी व्यय से सामूहिक विवाह कार्यक्रम को निरंतर जारी रखा जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में भण्डारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन में ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। इस मौके पर तुलसीपुर विधायक कैलाशनाथ शुक्ल, निवर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, भाजपा नेत्री शेरावाली शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, नगर पालिका चेयरमैन धीरेन्द्र प्रताप सिंह (धीरू), अजय सिंह पिंकू, डीपी सिंह, दिनेश तिवारी, मोहित श्रीवास्तव, बाबा उमाशंकर त्रिपाठी, महन्त वृजानंद महाराज, संत सर्वेश महाराज, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बृजेंद्र तिवारी, ब्लॉक प्रमुख सदर प्रतिनिधि गोविंद सोनकर, ग्राम प्रधान शशिकांत तिवारी, राज किशोर मिश्र, बाबा उमाशंकर तिवारी, सेतु बंधु तिवारी, बाबा आनंद तिवारी व थाना देहात निरीक्षक गिरजेश तिवारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे । सभी ने नवविवाहित जोड़ों को मंगलमय जीवन का आशीर्वाद प्रदान किया। संचालन का कार्य रमेश पाठक एडवोकेट ने किया।

# कांग्रेस की प्रेस-वार्ता वार्ता

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

25 नवम्बर जनपद में विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) को लेकर आ रही दिक्कतों पर जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष पकज तिवारी ने कहा कि सबसे पहले तो कांग्रेस पार्टी यह माग करती है कि एस आई आर के तहत मतदाताओं द्वारा भराये जाने वाले फार्म की तिथि 4 दिसम्बर 2025 आगे बढ़ाई जाये ताकि जनता में जो अफरा-तफरी का माहौल है, चुनाव आयोग द्वारा 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक एस आई आर फार्म भरकर जमा करने की घोषणा की गई है, जबकि योजना लागू करने के बाद भी लगभग एक हफ्ते तक गणना प्रपत्र देने में चुनाव आयोग ने देरी की, और जब बी एलओ प्रपत्र मिले तो वितरण करने में भी एक हफ्ते से अधिक का समय लगा, ऐसे में एक महीने का समय देने के बाद मात्र पन्द्रह दिन ही जनता को गणना प्रपत्र भरकर जमा करने का समय मिला, जो कि बहुत कम समय है, जिलाध्यक्ष ने कहा कि चुनाव आयोग महज एक माह में पूरी प्रक्रिया को निपटाना चाह रहा है, जो की गलत है और मतदाताओं में कम समय को लेकर एक तरह से भय का माहौल है, फार्म जमा करने की अंतिम तिथि में मात्र 9 दिन शेष है ऐसे में बहुत से मतदाताओं को बी.एल.ओ. से एस.आई.आर. फार्म नहीं प्राप्त हुए है, कई मतदाताओं की शिकायत है कि उनका बीएलओ फोन नहीं उठा रहा है, ऐसे में मतदाता परेशान है, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश की भाजपा सरकार ने जनता को लाइन में खड़ा कर दिया है, चुनाव में लाभ लेने के लिए सरकार जनता को एस.आईआर के नाम पर भ्रमित्त कर रही है, जबकि बिहार चुनाव में पूरे देश ने देखा है कि कैसे लाखो की संख्या में वोटरों के नाम काटे गए और भाजपा समर्थित लोगों के नाम अधिक से अधिक वोटर लिस्ट में जोडे गये है, भाजपा सरकार में लोकतंत्र की हत्या कर बिहार में सरकार बनायी है, और वहीं फॉर्मूला पूरे देश में लागू करना चाहती है, जिसे कांग्रेस पार्टी कभी नहीं होने देगी। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि कुछ जगह पर मतदाताओं ने बताया कि उनके क्षेत्र का बी.एल.ओ. को स्वयं ठीक से फार्म भरना नहीं आता, कई-कई बार फार्म में व्हाइटनर या काट कर सही किया जा रहा है, सबसे बड़ी परेशानी महिलाओं के फार्म भरने में आ रही है, विशेष कर 2003 के बाद विवाह होकर ससुराल में रह रही महिलाओं को फार्म भरने में अधिक दिक्कते आ रही है, जिसकी वजह से वह समय पर अपना फार्म नहीं भर पाएगे ऐसा आदेश है, और ऐसी परिस्थिति में मतदाताओं की बड़ी संख्या एस.आई.आर फार्म भरने से छूट सकती है।शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि कुछ जगह पर मतदाताओं ने बताया कि उनके क्षेत्र का बी.एल.ओ. को स्वयं ठीक से फार्म भरना नहीं आता, कई-कई बार फार्म में व्हाइटनर या काट कर सही किया जा रहा है, सबसे बड़ी परेशानी महिलाओं के फार्म भरने में आ रही है, विशेष कर 2003 के बाद विवाह होकर ससुराल में रह रही महिलाओं को फार्म भरने में अधिक दिक्कते आ रही है, जिसकी वजह से वह समय पर अपना फार्म नहीं भर पाएगे ऐसा आदेश है, और ऐसी परिस्थिति में मतदाताओं की बड़ी संख्या एस.आई.आर फार्म भरने से छूट सकती है। काग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने कहा कि एसआईआर की इस पूरी प्रक्रिया में बीएलओ इतने दबाव में है कि देश भर से कई बी.एल.ओ. के आत्महत्या करने की खबरे भी सुनाई पड़ रही है, सरकार का निर्देश और चुनाव आयोग का दबाव बीएलओ के लिए जान की आफत बनकर आया है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा राजनैतिक लाभ के लिए हर जिले में डिटेशन सेन्टर बनाये जाने की घोषणा से भी मतदाताओं में भय है, खास कर मुस्लिम समाज में जो इस पूरी एसआईआर प्रक्रिया को अपने विरुद्ध भाजपा सरकार के षडयंत्र के तौर पर देख रहा है और इस एस आई आर को अघोषित एनआरसी मान रहा है। प्रेसवार्ता को मुख्यरुप से कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव, श्री विजयशंकर अग्निहोत्री, जिला प्रवक्ता महताब आलम, मोइलियास ने सम्बोधित किया।

# फिल्म ट्रेड की नई कसौटी: मस्ती 4 में रूही सिंह की चमक



बॉलीवुड में हर साल कई फ़िल्में आती हैं, कुछ बड़ी हिट होती हैं, कुछ फ्लॉप। मगर कुछेक फ़िल्में ऐसी होती हैं जो बॉक्स ऑफ़िस का इतिहास नहीं, बल्कि भविष्य का इतिहास लिख जाती हैं। मिलाप झवेरी के निर्देशन में बनी, दिग्गज अभिनेताओं से भरी मस्ती 4 Mastiii 4 शायद इस साल की सबसे बड़ी कॉमेडी हिट न बने, और न ही इसे सिनेमाई उत्कृष्टता के लिए याद रखा जाएगा। लेकिन एक बात निश्चित है- यह फ़िल्म हमें एक सितारा दे गई है—रूही सिंह .

जहां फ़िल्म की कहानी और पटकथा को लेकर दर्शकों की राय बंटी हुई है, वहीं रूही की स्क्रीन प्रेज़ेंस और कॉमिक टाइमिंग ने हर किसी को चौंकाया है। एक फ़्रैंचाइज़, जो पहले से ही स्थापित अभिनेताओं के कंधों पर टिकी थी, रूही ने वहाँ अपनी जगह बनाई और अपने हर सीन को पूरी कमांड के साथ निभाया। यह उनका ब्रेकआउट मोमेंट है, जिसने साबित कर दिया कि वह सिर्फ़ 'ग्लैमर' नहीं, बल्कि अभिनय की गहरी खान हैं।



**कश्यप की मुहर: टैलेंट की सबसे बड़ी गारंटी**

किसी कलाकार की प्रतिभा पर उद्योग में सबसे बड़ी मुहर लगती है, जब उसे किसी बड़े निर्देशक का समर्थन मिलता है। रूही को निर्देशक अनुराग कश्यप का समर्थन मिला है। कश्यप, जो खुद एक संस्थान हैं, वह हमेशा उस मिट्टी को पहचानते हैं जिससे भविष्य के महान कलाकार निकलते हैं। उनका ट्रैक रिकॉर्ड किसी भविष्यवाणी से कम नहीं है।

गौर करने वाली बात है कि एक समय था जब कश्यप ने नवाज़ुद्दीन सिद्दीकी पर अपना दांव लगाया था, जब नवाज़ सिर्फ़ एक साइड आर्टिस्ट थे। उन्होंने मनोज बाजपेयी को उनके सबसे शानदार किरदारों में गढ़ा। उन्होंने राजकुमार राव को पहचान दी और विनीत सिंह को मुक्काबाज़ में चमकाया। ये सभी वो कलाकार हैं जो आज अपने काम के महारथी हैं, और उनके करियर को हमेशा अनुराग कश्यप के पसंदीदा होने का फ़ायदा मिला।

कश्यप ने रूही को भी एक शानदार और मेहनती अभिनेत्री कहा था, जब वह ओटीटी पर रनअवे लुगाई जैसी गंभीर भूमिकाओं में थीं। अब, मस्ती 4 के साथ, यह बात पत्थर की लकीर बन गई है- कश्यप की पारखी नज़र एक बार फिर सही साबित हुई है।

## मालती चाहर ने तान्या मित्तल को मारा थप्पड़, नॉमिनेशन टास्क में क्यों भड़कीं क्रिकेटर की बहन?




सलमान खान का पॉपुलर रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' इस वक्त चर्चा में बना हुआ है. जिसका जल्द ही फिनाले होने वाला है. उससे पहले ही घर में नॉमिनेशन टास्क हुआ, जहां सभी घर वालों को किसी कंटेस्टेंट्स को नॉमिनेट करना था, साथ ही उनके चेहरे पर नॉमिनेशन का स्टांप लगाना था. जहां पिछले वीकेंड के वार में सलमान खान ने कई घरवालों की जमकर क्लास लगाई. तो फैमिली वीक के बाद कई घरवालों की तारीफ भी करते दिखे. इस दौरान एकता कपूर ने तान्या मित्तल और अमाल को शो भी ऑफर किया है. अब इस हफ्ते होने वाले नॉमिनेशन टास्क में भी खूब ड्रामा देखने को मिलने वाला है. जहां तान्या मित्तल की बदतमीजी देखकर मालती चाहर नॉमिनेशन टास्क में भड़क गईं. साथ ही उन्हें थप्पड़ जड़ दिया.

दरअसल नॉमिनेशन टास्क में तान्या मित्तल को बोलते हुए दिखाया गया कि, मैं अपने आप को छोड़कर पूरे घर को नॉमिनेट करना चाहती हूं, इस दौरान तान्या ने अमाल के चेहरे पर भी नॉमिनेशन का स्टांप लगाया. न सिर्फ तान्या मित्तल, बल्कि फरहाना भट्ट ने भी मालती चाहर को ही नॉमिनेट किया है. जिसके बाद अमाल मलिक भी तान्या पर भड़कते हुए दिखाई दिए हैं.

**मालती ने मारा तान्या को थप्पड़**

बिग बॉस के 19वें सीजन का नया प्रोमो आ चुका है. जिसमें सेकंड लास्ट वीक की नॉमिनेशन प्रक्रिया में प्रणित मोरे ने अमाल मलिक को नॉमिनेट किया. जिसकी वजह अमाल के गुस्से को बताया गया. साथ ही अशनूर ने कहा कि- वो अच्छाई करती हैं, तो सबको गिनवाती हैं. जबकि, अमाल मलिक ने एक घरवाले को ये बोलकर नॉमिनेट किया कि वो उनसे जबरदस्ती के पंगे ले रहा है. हालांकि, तान्या मित्तल ने बिग बॉस को कहा कि, वो सभी घरवालों को नॉमिनेट करना चाहती हैं. हालांकि, तान्या मित्तल ने मालती चाहर के होंठ के ऊपर ही स्टांप लगा दिया. जिसके बाद गुस्से में उन्होंने तान्या को थप्पड़ मारा, पर वो तबतक पीछे हट चुकी थीं.

इस दौरान मालती बोलती दिखाई दी कि- बदतमीज कहीं की. साथ ही अमाल मलिक ने भी तान्या की हरकत को गलत बताते हुए कहा कि- किसी के मुंह में लगाते हैं क्या ? बेवकूफ है और इतनी भी भोली मत बन. हालांकि, इस टास्क में कौन-कौन नॉमिनेट होता है, यह जानने के लिए हर कोई एक्साइटेड है. दरअसल तान्या मित्तल के गेम प्लान का तभी खुलासा हुआ, जब मालती चाहर की बतौर वाइल्ड कार्ड घर में एंट्री हुई. उन्होंने तान्या के झूठ का पर्दाफाश किया, जिसके बाद से दोनों के बीच खूब लड़ाई देखने को मिल चुकी है.

## 'लंबी सेहत दे, खुशियां दे'... धर्मेंद्र की आखिरी सोशल मीडिया पोस्ट,जानें इंस्टाग्राम और X पर क्या कहकर गए 'ही-मैन'?




बॉलीवुड के 'ही-मैन' कहे जाने वाले अभिनेता धर्मेंद्र के निधन की खबर से पूरा देश सदमे में है. 89 साल की उम्र में इस दिग्गज कलाकार ने 24 नवंबर 2025 को दुनिया को अलविदा कह दिया. दुख की इस घड़ी में, फैंस और बॉलीवुड हस्तियों के बीच उनकी आखिरी सोशल मीडिया पोस्ट तेजी से वायरल हो रही है. आखिरी दिनों में धर्मेंद्र सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस से जुड़े रहते थे. इंस्टाग्राम हो या एक्स (पहले ट्विटर), उनकी पोस्ट में अक्सर जिंदगी का फलसफा, सादगी और फैंस के लिए ढेर सारा प्यार झलकता था. अब उनकी आखिरी सोशल मीडिया पोस्ट अब एक इमोशनल 'अलविदा' जैसी महसूस हो रही है.

धर्मेंद्र की आखिरी इंस्टाग्राम पोस्ट एक वीडियो मैसेज था, जो उन्होंने दशहरे के मौके पर अपने चाहने वालों को दिया था. गाड़ी में बैठे हुए, अपने हमेशा के खुशनुमा अंदाज में धर्मेंद्र ने ये वीडियो रिकॉर्ड किया था, जो अब उनकी आखिरी संदेश बन गया है. उन्होंने कहा था,तमाम भाई-बहनों को, बच्चे-बच्चियों को, दशहरे की शुभकामनाएं भगवान आपको लंबी सेहत दे, खुशियां दे, और अब आप नए बन के रहें, तब तो तरक्की ही तरक्की है.

**पोस्ट पढ़कर भावुक हो रहे हैं फैंस**

धर्मेंद्र ने अपने इस आखिरी संदेश में फैंस को सेहत, खुशी और जीवन में आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया था, जिसे सुनकर आज उनके चाहने वालों की आंखें नम हो रही हैं. दशहरा की इस पोस्ट से पहले, धर्मेंद्र ने एक और गहरी और भावुक पोस्ट शेयर की थी, जिसे अब फैंस एक 'आखिरी विदाई' के तौर पर देख रहे हैं. 26 सितंबर 2025 को किए इस पोस्ट में उन्होंने लिखा था,आजकल गम-ए-दौरां से दूर गम-ए-दुनिया से दूर अपने ही नशे में झूमता हूं. धर्मेंद्र की इस पोस्ट पर उनके बच्चों, ईशा देओल, सनी देओल और बॉबी देओल ने भी प्यार भरे इमोजी के साथ प्रतिक्रिया दी थी.

**'ड्रीम गर्ल' के साथ आखिरी तस्वीर**

धर्मेंद्र ने एक्स पर अपनी आखिरी पोस्ट अपनी 'ड्रीम गर्ल' और पत्नी हेमा मालिनी के साथ शेयर की थी. ये एक ब्लैक एंड वाइट तस्वीर थी, जिसमें वो और हेमा मालिनी एक-दूसरे के पास खड़े थे और बेहद खुशनुमा दिख रहे थे. उनकी ये पोस्ट बॉलीवुड की सबसे मशहूर प्रेम कहानियों में से एक को दर्शाती है.



### 100 करोड़ कमाने में हांफ गई

# अजय देवगन की फिल्म, काम ना आया आर माधवन का साथ

हर साल की तरह साल 2025 में भी अजय देवगन ने अपने पुराने वर्किंग पैटर्न पर काम किया है. इस बार भी उनकी 4 फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज हुई हैं. उनकी कुछ फिल्मों ने तो अच्छा परफॉर्म किया लेकिन कुछ फिल्में उम्मीद के मुताबिक परफॉर्म नहीं कर सकीं. मौजूदा समय में उनकी फिल्म दे दे प्यार दे 2 रिलीज हुई है जो साल 2019 में आई उनकी फिल्म दे दे प्यार दे का सीक्वल है.

इस फिल्म में अजय देवगन के साथ आर माधवन भी नजर आए हैं. शैतान के बाद इस फिल्म से दोनों ने एक बार फिर से कोलाबोरेट किया है. शैतान फिल्म में तो दोनों की जोड़ी ने कमाल कर दिया था और काफी अच्छी कमाई की थी. लेकिन दे दे प्यार दे 2 फिल्म का कुछ खास करिश्मा नजर नहीं आ रहा है. फिल्म की कमाई के 10 दिन के आंकड़े आ गए हैं. आइए जानते हैं कि इस फिल्म ने सिनेमाघरों में कितना कलेक्शन कर लिया है और अभी भी ये फिल्म अपने बजट से कितनी दूर चल रही है.

**दे दे प्यार दे 2 ने कितने रुपए कमाए ?**

दे दे प्यार दे 2 फिल्म की बात करें तो इस फिल्म को शुरुआत में काफी अच्छी स्टार्ट मिली थी. लेकिन इसके बाद इस फिल्म की कमाई में गिरावट देखने को मिलने लगी. अब तो आलम ये है कि फिल्म की कमाई में वीकेंड के दिन भी वैसी धार नजर नहीं आ रही है. पहले वीकेंड में फिल्म को अच्छी स्टार्ट मिली और इसका कलेक्शन 34.75 करोड़ रुपए का रहा था.

लेकिन इसके बाद फिल्म की कमाई में गिरावट देखने को मिली. फिल्म ने पहले हफ्ते में 51.10 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया. इसका मतलब कि 4 दिनों में फिल्म 16-17 करोड़ ही कलेक्ट कर सकी. वहीं एक हफ्ते पूरे करने के बाद




भी अपने दूसरे वीकेंड में फिल्म कोई खास कमाल नहीं दिखा सकी है. फिल्म ने 3 दिनों में 10.75 करोड़ कमाए हैं. वीकेंड के कलेक्शन के लिहाज से ये आंकड़े कुछ खास इंप्रेसिव नहीं हैं.फिल्म का भारत में 10 दिनों का कुल कलेक्शन 61.85 करोड़ रुपए का हो गया है.



*खिलाड़ियों को नतीजों की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। रैना ने कहा, गौती भैया (गौतम गंभीर) ने बहुत मेहनत की है और टेस्ट टीम की मौजूदा स्थिति में उनकी कोई गलती नहीं है। खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत करनी होगी और अच्छा खेलना होगा।*

*-सुरेश रैना*





**कर्नाटक सीएम बदलने की अटकलें...**

कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदलने की अटकलों पर मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष, कर्नाटक के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने बयान दिए। डिप्टी सीएम और कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने कहा- मैं मुख्यमंत्री बदलाव पर सार्वजनिक रूप से कुछ नहीं... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# कांग्रेस की बिहार हार की खीझ चुनाव आयोग पर

**कांग्रेस एक मात्र राष्ट्रीय पार्टी है जिसने अभी तक चुनाव आयोग के साथ बैठक नहीं की है। राहुल गांधी ने पहले कर्नाटक में वोटरों के पंजीकरण में बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया था और बिहार में वोट चोरी का दावा करते हुए वोटर अधिकार यात्रा निकाली। आयोग ने पारदर्शिता बढ़ाने के लिए कई सुधार किए हैं, जैसे ईवीएम माइक्रो-कंट्रोलर की जांच और डब्ल्यूपीएटी पर्ची की गिनती अनिवार्य करना। आयोग ने 334 निष्क्रिय पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को हटा दिया है और 476 अन्य के खिलाफ कार्रवाई शुरू की।**

*खिसयानी बिल्ली खंभा नोचे। बिहार चुनाव में भीषण पराजय के बाद कांग्रेस की यही हालत हो गई है। चुनावी जीत के लिए भ्रष्टाचार और जंगलराज से समझौता करने वाली कांग्रेस हार की खीझ चुनाव आयोग पर निकाल रही है। यह पहला मौका नहीं है कि जब कांग्रेस ने अपनी गिरेबां में झांकने के बजाए चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं पर अपनी हार का ठीकरा फोड़ने का प्रयास किया है। संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने की कांग्रेस की इस हरकत के लिए देश के प्रबुद्ध जनों ने फटकारा है। देश के 272 प्रतिष्ठित नागरिकों ने एक पत्र लिखकर राहुल गांधी की आलोचना की है। यह पत्र लिखने वालों में 16 जज, 123 रिटायर नौकरशाह (जिनमें 14 राजदूत शामिल हैं) और 133 रिटायर सशस्त्र बल अधिकारी शामिल हैं। सभी ने एक खुला पत्र लिखकर विपक्ष के नेता और कांग्रेस पार्टी द्वारा भारत के चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने के प्रयासों की निंदा की है। इस पत्र में लिखा है कि हम, नागरिक समाज के वरिष्ठ नागरिक इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त करते हैं कि भारत के लोकतंत्र पर बल प्रयोग से नहीं, बल्कि इसकी आधारभूत संस्थाओं के विरुद्ध जहरीली बयानबाजी की बढ़ती लहर से हमला हो रहा है। कुछ राजनीतिक नेता, वास्तविक नीतिगत विकल्प प्रस्तुत करने के बजाय, अपनी नाटकीय राजनीतिक रणनीति के तहत भड़काऊ लेकिन निराधार आरोपों का सहारा ले रहे हैं। पत्र में आगे कहा गया है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता ने बार-बार चुनाव आयोग पर हमला करते हुए कहा है कि उनके पास इस बात के स्पष्ट प्रमाण हैं कि चुनाव आयोग वोट चोरी में शामिल है और उन्होंने दावा किया कि उनके पास 100 प्रतिशत सबूत हैं। अविश्वसनीय रूप से असभ्य बयानबाजी करते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें जो मिला है वह एक परमाणु बम है और जब यह फटेगा, तो चुनाव आयोग के पास छिपने की कोई जगह नहीं होगी। राहुल गांधी ने यह भी धमकी दी है कि चुनाव आयोग में ऊपर से नीचे तक जो भी इस काम में शामिल है, वह उन्हें नहीं बख्शेंगे। उनके अनुसार, चुनाव आयोग देशद्रोह कर रहा है। इसमें कहा गया है कि उन्होंने (राहुल गांधी) सार्वजनिक रूप से धमकी दी है कि अगर मुख्य चुनाव आयुक्त/चुनाव आयुक्त रिटायर हुए, तो वह उन्हें परेशान करेंगे। फिर भी, इतने तीखे आरोपों के बावजूद उन्होंने निराधार आरोप लगाने और लोक सेवकों को उनके कर्तव्य पालन के दौरान धमकाने की अपनी जवाबदेही से बचने के लिए निर्धारित शपथ पत्र के साथ कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं की है। कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दलों के कई वरिष्ठ नेता और वामपंथी एसआईआर के खिलाफ इसी तरह की तीखी बयानबाजी में शामिल हो गए हैं, यहां तक कि यह भी घोषित कर दिया है कि आयोग भाजपा की बी-टीम की तरह काम करके पूरी तरह से बेशर्मी पर उतर आया है। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने विभिन्न राजनीतिक दलों को आमंत्रित करके उनके साथ बैठक करने की कई बार कवायद की है ताकि उनकी समस्याओं और संदेहों का निदान कर सके। आयोग ने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को भी आमंत्रित किया लेकिन वे आयोग के दफ्तर नहीं गए। चुनाव आयोग ने जनता दल (सेक्युलर) के प्रतिनिधियों से मिलकर उनकी बातें सुनीं और सुझाव लिए। आयोग ने अब तक पांच राष्ट्रीय पार्टियों और 16 राज्य पार्टियों के साथ बैठकें की हैं।*

### एक्सप्रेस आलेख

**भारत एक विश्वसनीय, स्थिर और दूरदर्शी नेतृत्व प्रस्तुत कर रहा है। मोदी का यह उभार केवल भारत की प्रतिष्ठा को ऊंचा नहीं उठाता बल्कि दुनिया को एक ऐसे नेतृत्व का विकल्प देता है जो विकास, शांति, सुरक्षा और वैश्विक सहयोग के नए मॉडल को आगे बढ़ा सकता है और यही आज की दुनिया के लिए सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की एकात्म मानववाद के दर्शनशास्त्र को वैश्विक विकास के भविष्य में महत्वपूर्ण बताते हुए दुनिया से इसे अपनाने की अपील की। मोदी ने पारंपरिक ज्ञान, स्वास्थ्य क्षेत्र, क्रिटिकल मिनरल्स, सैटेलाइट डेटा एक्सेस, अफ्रीका में क्षमता निर्माण और ड्रग-टेरर नेटवर्क के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का प्रस्ताव रखा।**

# जी-20 शिखर सम्मेलन में नरेंद्र मोदी के सुझावों की रोशनी



**ललित गर्ग**

दक्षिण अफ्रीका की अध्यक्षता की प्रशंसा की, जिसने कौशल आधारित प्रवासन, पर्यटन, खाद्य सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल अर्थव्यवस्था, नवाचार और महिलाओं के सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है। उन्होंने यह भी बताया कि नई दिल्ली जी-20 शिखर सम्मेलन में लिए गए कई ऐतिहासिक निर्णयों पर आगे कार्य हो रहा है।

जी-20 शिखर सम्मेलन का उद्घाटन सत्र इस बार जिस गंभीर मुद्दे पर केन्द्रित रहा, वह दुनिया के सामने उभरते खतरों की बदलती प्रकृति को स्पष्ट करता है। भारतीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद के साथ-साथ ड्रग तस्करी को भी वैश्विक शांति, सुरक्षा और मानव अस्तित्व के लिए उतना ही घातक बताया जितना किसी संगठित हिंसा को माना जाता है। उनकी यह चेतावनी केवल कूटनीतिक वक्तव्य नहीं बल्कि बढ़ती वैश्विक वास्तविकताओं का सटीक विश्लेषण है। यह तथ्य अब निर्विवाद है कि मादक पदार्थों की तस्करी आतंकवाद को ईंधन प्रदान करने वाला सबसे बड़ा स्त्रोत बन चुकी है। अरबों डॉलर का यह अवैध व्यापार केवल अपराध जगत को नहीं बल्कि राष्ट्रों की सुरक्षा, समाज की स्थिरता और युवाओं के भविष्य को भी चूर-चूर कर रहा है। मोदी ने अपने संबोधन में साफ कहा कि दुनिया के बड़े राष्ट्रों को ड्रग-माफिया और उसके आतंकवाद से जुड़े वित्तीय नेटवर्क के खिलाफ एकजुट होकर निर्णायक लड़ाई लड़नी होगी। दुनिया आज जिस गति से नए-नए मादक पदार्थों के जाल में फंसती जा रही है, वह वैश्विक चिंता और भी बढ़ाता है। फेंटानाइल जैसे अत्यंत खतरनाक सिंथेटिक ड्रग्स ने अमेरिका में स्वास्थ्य-संकट की भयावह स्थिति पैदा कर दी है, जहां प्रतिदिन अनेक लोग इसके कारण जान गंवा रहे हैं। यह संकट किसी एक देश की समस्या नहीं, बल्कि मानव जीवन पर मंडरा रहा एक वैश्विक खतरा है। यह मानना भूल होगी कि ऐसे ड्रग्स केवल एक महाद्वीप तक सीमित रह सकते हैं; संगठित तस्करी के नेटवर्क इसकी पहुंच दुनिया के किसी भी कोने तक ले जा सकते हैं। यही कारण है कि मोदी ने चेताया कि यदि अभी निर्णायक कार्रवाई नहीं हुई, तो यह त्रासदी अन्य देशों में भी फैल सकती है। ड्रग्स माफिया केवल एक आपराधिक व्यापार नहीं, बल्कि मानव समाज की जड़ों को खोखला करने वाला वैश्विक संकट है। नशे का कारोबार सीमाओं, कानूनों और नैतिक मूल्यों-तीनों को धत्ता बताकर फैल रहा है। यह न केवल युवाओं के भविष्य को निगल रहा है, बल्कि देशों की आंतरिक सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता और आर्थिक व्यवस्था को भी कमजोर कर रहा है। इसलिए ड्रग्स माफिया का खतरा अब केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के अस्तित्व का प्रश्न बन गया है। दुनिया भर में नशे का अवैध व्यापार एक विशाल संगठित नेटवर्क के रूप में विकसित हो चुका है, जिसमें माफिया, कार्टेल, हथियार गिरोह, आतंकवादी संगठन और भ्रष्ट तंत्र की गहरी सांठगांठ शामिल है। यह नेटवर्क इतना शक्तिशाली है कि कई देशों में यह समानान्तर सत्ता जैसा व्यवहार करता है। अफगानिस्तान, मैक्सिको, कोलंबिया, म्यांमार, नाइजीरिया, रूस और यूरोप तथा एशिया के अनेक हिस्सों में ड्रग्स कार्टेलों ने शासन प्रणालियों को चुनौती दी है। अनेक जगह तो स्थितियां ऐसी बन जाती हैं कि सरकारें या तो




**प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में साफ कहा कि दुनिया के बड़े राष्ट्रों को ड्रग-माफिया और उसके आतंकवाद से जुड़े वित्तीय नेटवर्क के खिलाफ एकजुट होकर निर्णायक लड़ाई लड़नी होगी। दुनिया आज जिस गति से नए-नए मादक पदार्थों के जाल में फंसती जा रही है।**

इस लड़ाई में कमजोर पड़ जाती हैं या फिर समझौते करने को मजबूर हो जाती हैं। मोदी ने इस पर नियंत्रण के लिये दुनिया को एकजुट होने की आवश्यकता व्यक्त की। जी-20 देशों की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे ड्रग्स के अवैध उत्पादन, वितरण, ऑनलाइन डार्क-नेट व्यापार, क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से होने वाले भुगतान और सीमा-पार तस्करी पर न केवल नियंत्रण करें बल्कि इसके खिलाफ साझा रणनीति भी अपनाएं। मोदी ने इस दिशा में कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए- प्रत्येक देश में अवैध वित्तीय गतिविधियों पर कड़ा नियंत्रण, एआई के दुरुपयोग को रोकने के लिए सामूहिक प्रयास, डेटा साझाकरण को बढ़ावा, तकनीकी सहयोग को सुदृढ़ करना तथा डिजिटल और साइबर अपराधों के विरुद्ध नई वैश्विक नीति बनाना। एआई का दुरुपयोग आज केवल गलत सूचना फैलाने या साइबर अपराध तक सीमित नहीं रहा; उसके माध्यम से ड्रग्स की ऑनलाइन बिक्री, नकली पहचान, एन्क्रिप्टेड चैनल और तस्करों के गुप्त नेटवर्क को चलाने में भी व्यापक उपयोग होने लगा है। इस पर रोक अब सामूहिक प्रयासों के बिना संभव नहीं। इस वर्ष का जी-20 शिखर सम्मेलन अमेरिका की अनुपस्थिति के बावजूद काफी सफल माना गया। यह सफलता केवल उपस्थिति की संख्या में नहीं बल्कि चर्चाओं की गुणवत्ता, मुद्दों की गंभीरता और लिए गए निर्णयों के ठोस स्वरूप में दिखाई दी। बड़े देशों का एक-दूसरे से समन्वय और वैश्विक चुनौतियों को लेकर स्पष्टता इस सम्मेलन की बड़ी उपलब्धि रही। दुनिया का बदलता भू-राजनीतिक वातावरण, यूक्रेन और मध्य-पूर्व जैसे संघर्ष, आर्थिक अनिश्चितताएं और ग्लोबल साउथ की महत्वाकांक्षाएं-इन सबके बीच भी यह सम्मेलन शांत, रचनात्मक और समाधान-उन्मुख रहा। यह संकेत है कि दुनिया के राष्ट्र अब प्रतिस्पर्धा से ज्यादा सहयोग को प्राथमिकता देने लगे हैं। ड्रग-तस्करी और आतंकवाद जैसे मुद्दे किसी भी देश की सीमाओं में बंधे नहीं रह सकते; इसलिए उनका समाधान भी सीमाओं के पार सहयोग से ही संभव है। मोदी के सुझावों का विशेष महत्व इसलिए भी है क्योंकि भारत लंबे समय से सीमा-पार आतंकवाद का शिकार रहा है और दक्षिण एशिया में ड्रग-तस्करी का एक बड़ा ट्रांज़िट-पॉइंट भी बनता रहा है। भारत ने तकनीक, कानून और कूटनीति-तीनों स्तरों पर इस खतरे से मुकाबला करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिनसे दुनिया सीख सकती है। भारत का अनुभव बताता है कि ड्रग-नेटवर्क को समाप्त करने के लिए तीन मोर्चों पर काम करना अत्यंत आवश्यक है-कड़ी सीमा निगरानी, सोशल-मीडिया एवं एआई आधारित निगरानी तंत्र को मजबूत करना, और युवाओं में नशामुक्ति एवं जागरूकता को बढ़ाना। केवल कानून पर्याप्त नहीं; सामाजिक-मानसिक जागरूकता भी उतनी ही जरूरी है। जी-20 सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सक्रिय, प्रभावशाली और केंद्रीय उपस्थिति ने एक बार फिर सिद्ध किया कि वे आज वैश्विक परिदृश्य के सबसे सशक्त, निर्णायक और भरोसेमंद नेताओं में अग्रणी हैं। अमेरिका की अनुपस्थिति के बावजूद विश्व मंच पर नेतृत्व का जो शून्य बन सकता था, उसे मोदी ने अपने संयमित, दूरदर्शी और कूटनीतिक करिश्मे से भर दिया। आतंकवाद, एआई के दुरुपयोग, वैश्विक अर्थव्यवस्था, ग्लोबल साउथ और मानव-कल्याण जैसे विविध मुद्दों पर उनकी स्पष्ट दृष्टि और व्यावहारिक समाधान ने दुनिया को यह विश्वास दिलाया कि भारत न केवल उभरती शक्ति है बल्कि स्थिर और सकारात्मक दिशा दिखाने वाला पथ-प्रदर्शक भी है। उनकी उपस्थिति ने यह भी रेखांकित किया कि बदलती वैश्विक राजनीति में जहां कई राष्ट्र आंतरिक संघर्षों और नीतिगत अनिश्चितताओं से जूझ रहे हैं।

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | षष्ठी 23:58 तक |
| नक्षत्र: | श्रावण 25:21 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | बुधवार |
| योग: | वृद्धि, 12:35 |
| सूर्योदय: | 06:51 |
| सूर्यास्त: | 17:18 |
| चंद्रमा: | मकर राशि में |
| राहुकाल: | 12:04-13:23 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्त: | कोई नहीं |

## जन एक्सप्रेस

**मैदान दिया उतार !**

*है सियासी मायने ।*
*मैदान दिया उतार ।।*
*चढ़ा राजनीतक पारा ।*
*और कई कतार ।।*
*लाभ लेने खातिर ।*
*जोर है लगाया ।।*
*कर देना वो चुकता ।*
*जो है अभी बकाया ।।*
*गुणा गणित करके ।*
*कर लिया तैयार ।।*
*टिक जाएंगे लंबा ?*
*या होंगे फरार ।।*
*उठापटक तो चल रही ।*
*मौके की तलाश ।।*
*होड़ न होगी खत्म ।*
*बने रहना खास़ ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सर्दियों में बालों की रफ्तार बढ़ा सकते हैं वेजिटेबल जूस

**सर्दियों** में कम नमी और स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन खराब होने की वजह से बालों में रूखापन और हेयर फॉल बढ़ जाता है। ऐसे में ताजी सब्जियों के जूस को डाइट में शामिल करना एक आसान और प्रभावी तरीका है, जो बालों को अंदर से पोषण देता है और मौसमी नुकसान से बचाता है। आयरन, एंटी-ऑक्सीडेंट और विटामिन-ए, सी और ई से भरपूर सब्जियां बालों की जड़ों को मजबूत करती हैं और स्कैल्प की सेहत को सुधारती हैं। संतुलित पोषक तत्वों का ये मिश्रण केराटिन बनने में मदद करता है, जो हेल्दी बालों के लिए जरूरी है और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से भी सुरक्षा देता है।



**हफ्ते में दो से तीन बार पिएं वेजिटेबल जूस**: बालों के लिए असली पोषण अंदर से आता है, भले ही बाहर से तेल लगाना और हल्की सफाई करना जरूरी है। इन जूस को हफ्ते में दो से तीन बार शामिल करने से बालों का टेक्सचर बेहतर होता है, हेयर फॉल कम होता है और सर्दियों में स्कैल्प की सेहत मजबूत होती है। वह सलाह देती हैं कि बेहतर परिणामों के लिए इन्हें प्रोटीन से भरपूर डाइट, पर्याप्त पानी और अच्छी नींद के साथ लें।

**चुकंदर का जूस:** चुकंदर का जूस पीने से स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है। इस जूस में मौजूद मैंगनीज, पोटैशियम और कैरोटेनॉइड्स बालों को मजबूत बनाता है।

**टमाटर का जूस:** टमाटर जूस लाइकोपीन और विटामिन-ई से भरपूर होता है। यह डैंड्रफ को कम करता है और स्कैल्प का पीएच बैलेंस बनाए रखता है।

**गाजर का जूस:** बीटा-कैरोटीन और विटामिन-ए से भरपूर गाजर का जूस स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाता है। गाजर का जूस पीने से स्कैल्प ड्राईनेस दूर होती है और हेयर फॉल की समस्या को कम करने में मदद मिलती है।

**खीरे का जूस:** खीरे का जूस स्कैल्प को हाइड्रेट करता है और शरीर को ठंडक देता है।

खीरे का जूस बालों की नेचुरल चमक बनाए रखने में मदद करता है।

**पालक का जूस:** आयरन, फोलेट और विटामिन-सी से भरपूर पालक का जूस, कोलेजन बनने में मदद करता है और बालों की जड़ों तक सही मात्रा में ऑक्सीजन पहुंचाता है।

**निष्कर्ष:** सर्दियों में हेयर ग्रोथ के लिए पालक, खीरे, गाजर, टमाटर और चुकंदर के जूस का सेवन करें। इन 5 जूस का सेवन करने से हेयर ग्रोथ में मदद मिलती है और बालों का झड़ना कम होता है। उम्मीद करते हैं कि आपको यह जानकारी पसंद आई होगी। इस लेख को शेयर करना न भूलें।

### एक्सप्रेस विशेष

# प्रतीकों के सियासी टोटके फिर भी नाकाम



**योगेंद्र योगी**

1999 में एक्जिट पोल को काला जादू न मानने वाले योगेंद्र को अब बीजेपी की हर जीत में शंका ही नजर आती है। कांग्रेस आलाकमान के तमाम सलाहकार कभी शिक्षा के लालगढ़ की राजनीति के प्रतीक रहे।

**जातिवाद कड़वी सच्चाई है। हजारों साल की परंपरा का एकदम खत्म होना संभव नहीं। कड़वा सच है कि जातिवाद को दूर करने और उससे दूर रहने का दावा करने वाली राजनीति और बौद्धिक भी इनसे अछूते नहीं। उनके अंदरूनी खांचे में जातिवाद कई रूपों में मौजूद है। वैसे जाति और धर्म के संदर्भ में समूचे देश और समाज को एक फॉर्मूले से समझना संभव नहीं। कांग्रेस यही गलती दोहरा रही है।**

**चुनाव** नतीजों के बाद बिहार के सियासी गलियारों में एक लतीफा चल पड़ा है। मुकेश सहनी ने तालाब में कूद कर एक मछली पकड़ी, उसे बड़ी हसरत के साथ राहुल गांधी को थमाया, लेकिन राहुल के हाथ से वह मछली भी फिसल गई। जो सहनी महागठबंधन के उप मुख्यमंत्री उम्मीदवार थे, उसके हाथ सिफर ही लगा है। बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान मुकेश के साथ राहुल गांधी और कन्हैया कुमार तालाब में कूद गए थे। 'सन ऑफ मल्लाह' के साथ दोनों का तालाब में कूदना दरअसल लोक से जुड़ने का सियासी टोटका था, लेकिन चुनाव नतीजों से साफ है कि ये सियासी टोटके एक बार फिर नाकाम रहे। राजनीति में प्रतीकों के जरिए लोकसंदेश की स्थापित परंपरा है। शिखर नेता और शीर्ष राजनीतिक परिवार लोगों से रस्मी घुलना-मिलना, उनकी सदाशयता और सादगी के प्रतीक के रूप में स्थापित हो गया है। किसी हस्ती का सामान्य दिखना और आम लोगों जैसे काम करना वोटरों के समर्थन की गारंटी माना जाता रहा है। यही वजह है कि कांग्रेस के प्रथम परिवार के राहुल जब भी ऐसा करते हैं, उनसे उम्मीदें बढ़ जाती हैं। यह बात और है कि राजनीति में कामयाबी पाने का यह टोटका कांग्रेस के लिए मुफीद नहीं रहा है। बिहार में बीते तीन महीनों में राहुल गांधी ने आम आदमी बनने की दो कोशिशें कीं । 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान मोजे पहने ही मखाने के पानीभरे खेत में वे उतरे और बाद में चुनाव प्रचार के दौरान मुकेश सहनी के साथ मछली पकड़ने के लिए गंदले तालाब में उतर गए। राहुल जब ऐसा करते हैं, बौद्धिकों का एक तबका इसे अभूतपूर्व कदम साबित करने लगता है। बहुत तो इसमें राहुल के दिल की नरमी भी खोज लाते हैं। सोनीपत में जब राहुल ने धान-रोपाई की और ट्रैक्टर चलाया, तब भी ऐसी ही उम्मीदों के पंख लग गए थे । 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दोनों चरणों में भी ऐसे कई सारे नजारे दिखे। तब एक वर्ग की नजर में राहुल की ऐसी कोशिशों से राजनीति बदलने लगी थी। लेकिन तेलंगाना छोड़, राहुल के ऐसे कदमों का कोई चुनावी फायदा नहीं मिला। इस प्रसंग में सवाल उठ सकता है कि प्रधानमंत्री भी तो ऐसे काम अक्सर करते हैं। काशी के गंगा घाट और प्रयागराज कुंभ जैसे कई मौकों और जगहों पर मोदी सफाई कर्मचारियों का पैर धो चुके हैं, उनके साथ भोजन कर चुके हैं, अयोध्या में अचानक गरीबों के घर पहुंच नेह जताते रहे, किसी परियोजना के पूरा होने के बाद उसमें श्रमस्वेद बहा चुके मजदूरों संग खाना खाते रहे हैं। तो उन पर ऐसे सवाल क्यों नहीं उठते। ऐसा नहीं कि सवाल नहीं उठते। वैचारिक खांचे में बंटी राजनीति और समाज में महज विरोध के लिए सवाल उठते रहे हैं। जिनका जवाब बीजेपी की बजाय वोटर देते रहे हैं। सवाल है कि राहुल के लोक लुभावन कदमों के बावजूद लोग कांग्रेस के साथ क्यों नहीं खड़ा हो रहे? कुछ महीने पहले कांग्रेस के अंदरूनी हलके में वरिष्ठ नेताओं से पार्टी को उबारने को लेकर राय मांगी गई थी। तब कुछ नेताओं ने अपने घनिष्ठ प्रबुद्ध लोगों की राय मांगी थी। ये पता नहीं कि नेताओं ने पार्टी को सफलता के गुर सुझाए या नहीं । वैसे कांग्रेस के जैसे अंदरूनी हालात हैं, शायद ही कोई नेता सही और वाजिब राय देने का साहस जुटा पाए। सियासी नाकामी से उबारने का नुस्खा वरिष्ठ कांग्रेसियों के पास भी है। चूंकि यह नुस्खा बेहद कड़वा है। डर ये है कि कड़वी दवा सुझाना कठिन हो सकता है। लिहाजा राय देने से लोग बच रहे हैं। स्वाधीनता आंदोलन की प्रतिनिधि पार्टी रही कांग्रेस अखिल भारतीय संगठन से लैस है। सत्तावादी राजनीति के दौर में कांग्रेस इस थाती पर गर्व कर सकती है। लेकिन संगठन को गतिशील बनाने वाले सही मुद्दों और लोकमर्म को छूने वाले विचारों से वह सर्वथा दूर है। राहुल उन्हीं मुद्दों को ज्यादा उछालते हैं, जिन्हें उनके वामपंथी सलाहकार सुझाते हैं। बौद्धिक और अकादमिक जगत इससे चाहे जितना भी आकर्षित हो, जमीनी स्तर पर वह अस्वीकार्य हो चुकी है। निजीकरण की कुछ खामियां हैं।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद का पीलीभीत दौरा : गुरुद्वारा में श्रद्धांजलि, जन समस्याएँ सुनीं

■ महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक ने सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ किया केंद्रीय मंत्री एवं सांसद का स्वागत

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत/पूरनपुर




केंद्रीय राज्य मंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद ने मंगलवार को अपने एक दिवसीय संसदीय क्षेत्र दौरे में पूरनपुर, बरखेड़ा और बिठौरा कलां-खाग क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। दौरे की शुरुआत में महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने मार्ग में पहुंचकर मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे। पूरनपुर ब्लॉक रोड स्थित श्री सिंह सभा गुरुद्वारा में पहुंचे मंत्री ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित कर माथा टेका। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और संगत के प्रतिनिधियों ने क्षेत्र की तमाम समस्याएँ उनके सामने रखीं। मंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान सदियों तक मानवता को अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा देता रहेगा।

## मार्ग में गजरौला कलां में हुआ भव्य स्वागत

पूरनपुर की ओर जाते समय गजरौला कलां में ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से मंत्री का जोरदार स्वागत किया। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग स्वागत के लिए पहले से एकत्र थे। वहीं अमरैया कला में आयोजित जन संवाद में ग्रामीणों ने बारात घर बनाए जाने की मांग उठाई। इसी मांग को मंत्री आगे रघुनाथपुर में भी सुनने को मिले।रघुनाथपुर में जमीन उपलब्ध होने की जानकारी पर केंद्रीय मंत्री ने घोषणा की कि दोनों गांवों के बीच सांसद निधि से बारात घर का निर्माण कराया जाएगा।उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी।

## पूरनपुर ब्लॉक में स्थाई वीडीओ की तैनाती का निर्देश

पूरनपुर ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने ब्लॉक में स्थाई वीडीओ न होने की समस्या रखी। मंत्री ने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल नियुक्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण

इसके बाद मंत्री पीलीभीत मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां उन्होंने परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने परिसर में बनी बैठने की पगडंडियों को अनुपयुक्त पाते हुए उन्हें सही ढंग से पुनर्निर्माण कराने के निर्देश दिए ताकि मरीजों व आगंतुकों को परेशानियों से मुक्ति मिल सके।

### कार्यकत्री सम्मेलन में सहभागिता, प्रेशर कुकर वितरित

मेडिकल कॉलेज परिसर में आयोजित आंगनबाड़ी कार्यकत्री सम्मेलन में जितिन प्रसाद ने कार्यकत्रियों के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी बहनों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी और उनके मानदेय में वृद्धि की मांग शासन के सामने रखी जाएगी। इस मौके पर कार्यकत्रियों को प्रेशर कुकर वितरित किए गए।

### पूरनपुर में डेंटल अस्पताल का उद्घाटन

पूरनपुर में भाजपा जिला महामंत्री लेखराज भारती के सुपुत्र द्वारा स्थापित डेंटल अस्पताल का उद्घाटन भी केंद्रीय मंत्री ने किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बढ़ती स्वास्थ्य सुविधाएँ आमजन के लिए बड़ी राहत साबित होंगी।अमरैया खाता में आयोजित जनसभा में स्थानीय लोगों ने सड़क, आवागमन और बिजली की समस्याएँ भी उनके सामने रखीं। मंत्री ने सभी मुद्दों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।

### दौरे में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता रहे मौजूद

दौरे के दौरान कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष गोकुल मौर्य, जिला मंत्री आयुष मिश्रा, प्रफुल्ल मिश्रा, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज,ब्लॉक प्रमुख सविता वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरभाग सिंह,नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता, रजनीश पांडेय, हर्ष प्रधान,गन्ना समिति अध्यक्ष नितिन दीक्षित, रितुराज पासवान, हंस राज गुलाटी,समाजसेवी अशोक खंडेलवाल, सतनाम सिंह छीना सहित बड़ी संख्या में मंडल और बूथ स्तर के कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं अधिकारियों में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) ने कार्यक्रमों में सहभागिता की। कार्यक्रमों का संचालन किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने किया केंद्रीय मंत्री का यह दौरा पूर्णतः जनसंपर्क, विकास समीक्षा और क्षेत्रीय आवश्यकताओं के समाधान को समर्पित रहा।

# ब्लाक प्रमुख पति सहित चार पर मुकदमा दर्ज मृतक के परिजनों ने लगाया था हादसा करने का आरोप

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

सड़क हादसे में ग्रामीण की हुई मौत के मामले में पुलिस ने ब्लाक प्रमुख पति सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना सोमवार शाम करीब चार बजे की है। माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव रम्पुरा फकीरे निवासी श्रीकृष्ण (पुत्र नंदराम) सोमवार को अपनी स्कूटी से चन्दुइया से घर लौट रहे थे। इसी दौरान क्षेत्र के गांव प्रसादपुर गौशाला के पास ब्लॉक प्रमुख लिखी एक स्कॉर्पियो ने उनकी स्कूटी को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि श्रीकृष्ण की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के पुत्र अरविंद कुमार वर्मा ने पुलिस को बताया कि आरोपी पक्ष विधवा आशा देवी (पत्नी स्व. कालीचरन) की जमीन पर अवैध कब्जा करना चाहता था। उनके परिवार द्वारा इसका विरोध करने पर आरोपी रंजिश मानने लगे थे। परिजनों का आरोप है कि इसी रंजिश के चलते स्कॉर्पियो चालक ने जानबूझकर श्रीकृष्ण की स्कूटी में टक्कर मारी, जिससे उनकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौकै पर पहुंची। परिजनों और ग्रामीणों ने शव को घटना स्थल पर रखकर हंगामा कर विरोध जताया। मामले को बिगड़ता देख अन्य पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। वमुश्किल परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा था। मृतक के पुत्र की ओर से ब्लॉक प्रमुख पति निर्विकार सिंह उर्फ अपूर्व सिंह, विचित्र सिंह,अगमबीर सिंह,युद्धवीर सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है।



## शिक्षामित्रों को एसडीएम ने किया सम्मानित

**पूरनपुर।** जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य तेजी से चल रहा है। भारत निर्वाचन आयोग ने हर विधानसभा में बीएलओ को सम्मानित करने के निर्देश दिए हैं जो अपने बूथ का कार्य सर्वप्रथम डिजीटाइजेशन के साथ पूरा करेंगे। इस योजना के अंतर्गत दो शिक्षामित्र रामसनेही एवं रनजीत सिंह द्वारा अपने बूथ का शत प्रतिशत कार्य पूर्ण किया। मंगलवार को पूरनपुर उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने दोनो शिक्षामित्रों को शॉल ओढ़ाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कहा कि उन्होंने अपने बूथ क्षेत्र में मतदाताओं की उपलब्धता को देखते हुए कार्य पूर्ण किया,।जिससे कार्य सुगमता से संपन्न हो सके। जिला विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा तहसीलदार पूरनपुर आदि द्वारा शाल उड़ाकर एवं मिष्ठान देते हुए सम्मानित किया गया।




## विधायक ने दौड प्रतियोगिता का झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग पीलीभीत के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग 2025-2026 के तहत खेल स्पर्धा का आयोजन नगर के सेंट जोसेफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किया गया। जिस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा विधायक वावूराम पासबान पहुंचे, उन्होंने 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। जिस प्रतियोगिता में चयनित छात्राओं को मैडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर इसके बारे में जानकारी दी।इस अवसर पर जिला युवा कल्याण अधिकारी अमित कुमार,क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी छवि राम सिंह,फादर ग्रेग्रीन मैस्करेंनस सेंट जोसेफ मैनेजर,सिस्टर प्रधानाचार्य रम्या, उपजिलाधिकारी अजीत सिंह,खण्ड विकास अधिकारी हेमंत कुमार,जिला विकास अधिकारी खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह,सहित अन्य विधालय के स्टाफ गण उपस्थित रहें।

# जिलाधिकारी ने मरौरी क्षेत्र में किया निरीक्षण



■ एसआईआर अभियान और कस्तूरबा गांधी विद्यालय की व्यवस्थाओं का लिया जायज़ा

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने मंगलवार को मरौरी क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का आकलन किया। उन्होंने सबसे पहले प्राथमिक विद्यालय गौहनिया में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की प्रगति देखी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रह और डिजिटाइजेशन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बीएलओ घर-घर जाकर अधिक से अधिक फार्म एकत्रित करें और उन्हें समयबद्ध रूप से बीएलओ ऐप पर डिजिटाइज कराएं, ताकि अभियान को तय अवधि में सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके। इस निरीक्षण के दौरान बीडीओ मरौरी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

इसके बाद जिलाधिकारी ने नगर क्षेत्र स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, मरौरी का औचक निरीक्षण किया। विद्यालय पहुंचकर उन्होंने शौचालय, किचन, भोजन कक्ष, प्रकाश व्यवस्था, रसोई में तैनात कर्मचारियों की संख्या और फर्नीचर की उपलब्धता जैसी बुनियादी व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा। निरीक्षण के समय विद्यालय की छात्राएँ उपस्थित मिलीं। जिलाधिकारी ने छात्राओं से वार्ता करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बच्चियों को प्रतिदिन योगाभ्यास कराया जाए और उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति सजग एवं प्रेरित करने के प्रयास किए जाएं। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शिक्षिकाएँ, वार्डन और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। इस प्रकार जिलाधिकारी द्वारा किए गए इन निरीक्षणों में शिक्षा, स्वच्छता और प्रशासनिक कार्यों की गुणवत्ता को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

# पुनरीक्षण–2025 में खीरी के बीएलओज़ ने कर दिया दिया कमाल

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2025 के तहत लखीमपुर खीरी ने एक बार फिर अपनी कार्यकुशलता का परिचय देते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने उन बीएलओज़ को सम्मानित किया,जिन्होंने मात्र 20 दिनों के भीतर गणना प्रपत्रों का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा कर दिया।142-लखीमपुर,140-श्रीनगर और 139-गोला विधानसभा क्षेत्रों की बीएलओ रंजना, पूनम, अल्का, पवन, मनीषा और तौहीद बेग ने निर्धारित अवधि से पहले ही पूरा लक्ष्य हासिल कर जिले को प्रदेश में एक मजबूत उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया। इसी क्रम में डीएम के निर्देश पर सभी विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ने भी अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया।जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2025 के अंतर्गत लखीमपुर खीरी जिले के बीएलओज़ ने अत्यंत कम समय में प्रशंसनीय कार्य किया है। मात्र 20 दिनों में गणना प्रपत्रों का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा करना पूरे जिले के लिए गौरव की बात है। सभी बीएलओ ने समर्पण,अनुशासन और टीम भावना के साथ कार्य कर निर्वाचन प्रक्रिया को गति प्रदान की है। गोला विधानसभा के बीएलओ तौहीद बेग ने अपने बूथ पर नवाचार की ऐसी मिसाल पेश की, जिसने सभी को चौंका दिया। उन्होंने डिजिटाइजेशन कार्य तो रिकॉर्ड समय में पूरा किया ही, साथ ही अपने पूरे बूथ क्षेत्र के प्रत्येक घर का नजरी नक्शा तैयार कर बूथ की भौगोलिक सटीकता को एक नए स्तर पर पहुंचा दिया।

## तालाब में सिंघाड़े निकालने गया किशोर डूबा, उपचार के दौरान मृत्यु

■ ग्राम उगनपुर मरौरी में दर्दनाक हादसा, परिवार में कोहराम

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



जनपद की तहसील बीसलपुर के ग्राम उगनपुर मरौरी में मंगलवार दोपहर सिंघाड़े निकालने गए 17 वर्षीय किशोर की तालाब में डूबने से मौत हो गई। लगभग आधे घंटे की मशक्कत के बाद उसे बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीसलपुर लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, ग्राम उगनपुर मरौरी निवासी पंचम लाल का 17 वर्षीय बेटा सक्षम मंगलवार को विद्यालय अवकाश होने पर मां से अनुमति लेकर गांव में घूमने निकला था। दोपहर करीब 2 बजे वह गांव के एक तालाब में सिंघाड़े निकालने पहुंच गया। तालाब में पानी अधिक होने के कारण वह गहराई में चला गया और डूब गया। उसकी चप्पलें तालाब के किनारे पड़ी मिलीं। आसपास खेतों में काम रहे ग्रामीणों ने चप्पलें देखकर अनहोनी की आशंका जताई और खोजबीन शुरू की। करीब आधे घंटे की कोशिशों के बाद सक्षम को बेहोशी की हालत में पानी से बाहर निकाला गया। परिजन व ग्रामीण उसे तुरंत बीसलपुर ष्टाष्ट लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। किशोर की मौत की सूचना पुलिस को दे दी गई है। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि सक्षम पंचम लाल का इकलौता पुत्र था। दो पुत्रियों में अपने भाई की मौत से बेहद दुख है। वे रो-रोकर कह रही थीं अब हम किसे राखी बांधेंगे? गाँव में हर आंख नम है और परिवार गहरे सदमे में है।

# प्रेमी के संग मिलकर पुत्र की हत्या का षड्यंत्र रच रही है बहू

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर-खीरी

■ बहन के चक्कर में अपने वैवाहिक जीवन को बर्बाद कर रही है बहू बहन बहू को प्रेमी से बात और जीजा को छोड़कर असली जीजा बहू के शातिर प्रेमी को मान रही जीजा

पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में मोहल्ला शास्त्री नगर मिश्राना चौकी कोतवाली सदर जनपद लखीमपुर-खीरी की रहने वाली पीड़िता छोटी बेगम ने बताया उसके दो पुत्र महताब अली सरताज अली व दो पुत्रियां हैं बड़ी पुत्री के साथ रेप व गैंगरेप प्राणघातक हमले कुल मिलाकर 10 एफआईआर पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दर्ज कराई और सरकार द्वारा निशुल्क सुरक्षा मिली और सुरक्षा हटने के बाद पुत्री पत्रकारिता कर शादी न कर पीड़ितों को न्याय दिलाने का कार्य कर रही 15 साल से पूरा परिवार दहशत भरा जीवन जी रहा था परिवार में जब कुछ आत्मविश्वास जागा तो बड़े पुत्र महताब अली की शादी पिपरिया निकट मूसाराम शोरूम के पीछे थाना कोतवाली सदर लखीमपुर खीरी के रहने वाले नशीर अहमद की बड़ी पुत्री रिजवाना से तय हुई थी सभी जानकारी बता दिया जैसे पुत्र बेरोजगार हैं बड़ी पुत्री रेप व गैंगरेप पीड़ित हैं।इस शर्त पर शादी तय हुई थी की न पीड़िता किसी के बहकावे में आएगी न नशीर और दोनों को एक दूसरे से मतलब रखेंगे बस सहमति बनने पर दिनांक 17. नवम्बर.2024 को महताब की शादी रिजवाना से हुई थी पीड़िता की बहू स्वतंत्र स्वभाव की महिला है।तथा शादी के बाद से ही बात-बात पर बड़ी पुत्री को निशाना बनाना तेरे साथ रेप हुआ प्राणघातक हमले में मरी नहीं बहुत बड़ी पत्रकार बनती है आए दिन ताने छोटी पुत्री को दहेज केस में फंसाने की धमकी दे छोटे पुत्र को मार तक चुकी और दो बार गर्भ नष्ट कर चुकी हैं।विरोध करने पर फांसी लगा लेंगे नाटक आए दिन करना और पुत्र को पुत्रियां और छोटे पुत्र के खिलाफ भड़का कर मार खिलवाना बहूं की दिनचर्या में शामिल हो गया था पीड़िता की बड़ी पुत्री बहूं के सदैव निशाने पर रही बाद में पता चला समधी द्वारा झूठ बोला गया। वह लखीमपुर-खीरी में रह कर देख भाल मंगनी शादी के कार्ड छपवाएं जबकि बहूं मोहल्ला वजीरपुर इन्डस्ट्रियल एरिया थाना अशोक बिहार उत्तरी पश्चिमी दिल्ली में पली बढी हुई दिल्ली के ही किसी युवक से बहूं का प्रेम प्रसंग चल रहा था रात दिन फोन पर बातें विडियो काल करना जिसमें बहूं की छोटी बहन रहनुमा उर्फ छोटी मध्यस्ता करती थी इसी लिए बहूं लखीमपुर-खीरी को गांव कह तांडव मचाती और घर वालों से गांव में न रहने की बात कर पीड़िता के परिवार पर झूठे आरोप लगाती है।घटना दिनांक 2-अक्टूबर-2025 को पीड़िता के यहां बहूं की मां,, छोटी बहन रहनुमा उर्फ़ छोटी आई और घर ले जाने की ज़िद करने लगी और तरह-तरह के आरोप लगाए जिस पर विरोध करने पर बहूं की छोटी बहन रहनुमा उर्फ़ छोटी ने मां के साथ मिलकर छोटी पुत्री का मुंह नोचने के बाद बहुत मारा-पीटा और पुत्र को बुलाकर उल्टे पुत्री पर झूठा आरोप लगाकर पुत्र से भी पिटवाया बहूं की छोटी बहन बहूं को साथ ले जाने की ज़िद पर अड़ी रही न भेजने पर छोटी साली रहनुमा उर्फ़ छोटी और सांस ने अंजाम भुगतने की धमकी देकर चली गई।जिसका परिणाम बड़ा पुत्र महताब अली व छोटे पुत्र सरताज अली का खून का प्यासा हो गया पूरे परिवार में जबरदस्त दरार डाल कर पीड़िता के पुत्र से दिल्ली में रहो लखीमपुर में नहीं रहूंगी दबाव बनाने लगी।पीड़िता के पुत्र के न मानने पर दिनांक 5.अक्टूबर.2025 को बहू उस समय जब पीड़िता का पुत्र घर पर मौजूद नहीं था लाखों के घर में रखे जेवर कपड़ा व नगदी लेकर बिना बताए घर से चली गई पीड़िता के पुत्र ने जब काफी तलाश किया तब उसे जानकारी मिली कि वह अपने मायके मोहल्ला आनंद नगर पिपरिया बाईपास थाना कोतवाली सदर लखीमपुर खीरी चली गई है।बहुत प्रयास करने के बाद बहू घर नहीं आईं पीड़िता के समधी नशीर ने साफ कहा मेरी लड़की बड़े शहर की रहने वाली है या तुम्हारे छोटे शहर लखीमपुर में नहीं रह पाएगी परिवार में जबरदस्त फूट डालकर दिल्ली में रहने की जिद्द पर अड़ी दिनांक 10-नवम्बर 2025 को पीड़िता का पुत्र बहूं को लेने गया जहां बहूं ने आने से साफ़ मना कर दिया जेवर रूपए मांगने पर साफ मना कर दिया जिसको लेकर पीड़िता के पुत्र व बहु रिजवाना उसके पिता नशीर सास व बहन अफसाना रहनुमा उर्फ़ छोटी, भाई अरमान इमरान ने खूब मारा पीटा और कहा दिन अच्छे तो मोटरसाइकिल घर छोड़ छोड़ जाओ वरना दहेज एक्ट में जेल में सड़ोगे भयभीत पीड़िता के पुत्र ने 20-11-2025 विदाई का वाद न्यायालय में डाला जिसकी जानकारी होने पर पीड़िता के शिकायती पत्र से सेम डेट 5-11-2025 पर झूठी घटना दिखाकर डेढ़ माह बाद बहूं ने दिनांक 24-नवम्बर -2025 को महिला थाने शिकायती पत्र दिया जिसमें पुत्र और बड़ी पुत्री को महिला थाने बुलवाया गया वहां पर मौजूद पीड़िता की बहूं और बहूं की छोटी बहन द्वारा झूठे आरोप लगाकर पीड़िता के पुत्र के साथ न रहने की जिद्द पर अड़ी रही जिसके बाद महिला थाने से मामले को परिवार परामर्श केंद्र भेज दिया गया है।जहां दिनांक 30.नवम्बर.2025 को पीड़िता की बहूं व पुत्र को बुलाया गया है।पूरे मामले की मास्टरमाइंड बहूं की छोटी बहन रहनुमा उर्फ छोटी है।वह जितना कहती उतना समधी समधन यानि पूरा परिवार करता है पुत्र के वैवाहिक जीवन के साथ खिलवाड़ करने वाली पुत्र की साली रहनुमा उर्फ़ छोटी है।मामले की नजाकत देखते हुए पीड़िता के परिवार में हुए जबरदस्त बिखराव करने वाली बहूं जिस शर्त पर रहे जो पुत्र चाहे पुत्र व बहूं के वैवाहिक जीवन में पीड़िता न उसके छोटे पुत्र दोनों पुत्रियों का न कोई वास्ता न कोई सरोकार रहा है न रहेगा वह जैसे चाहे रहे काफी पीड़ादायक जीवन से उभरे परिवार को निशाना न बनाया जाए पति बाहर काम करते हैं उनकी जान को खतरा है। पीड़िता के परिवार की कमज़ोरियों का लाभ बहु व उसका परिवार न उठा पाए और बहूं प्रेमी से मिलकर पीड़िता के पुत्र की हत्या का षड्यंत्र न रच पाए अगर किसी भी तरह की अप्रिय घटना घटित होती है उसके जिम्मेदार पुत्र के ससुरालीगण होगे।क्योंकि बहुत बडा खेल बहूं द्वारा खेला गया पुत्र को घरजमाई बनाकर प्रेमी के साथ दिल्ली में मौज मस्ती करे।

# पूर्ती निरिक्षक कार्यालय के प्राइवेट कर्मचारी महिलाओं के साथ अभद्रतापूर्ण व्यवहार

जन एक्सप्रेस। पलियाकलां-खीरी

उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार जनता तक तमाम योजनाएं और लाभार्थियों को होने वाली समस्याओं को छुटकारा दिलाने के लिए खासा तैयारी कर हर संभव मदद और योजनाओं के द्वारा लाभ पहुचाने का काम कर रहे हैं।लेकिन लखीमपुर-खीरी पलिया पूर्ती निरिक्षक कार्यालय में तैनात प्राइवेट कर्मचारी महिलाओं से दुर्व्यवहार कर सरकार की तमाम योजनाओं में ग्राहण लगाने का काम कर रहे हैं और तो और महिलाओं के साथ हो रहे दुर्व्यवहार पर पूर्ति निरीक्षक अधिकारी और लिपिक कर्मचारी भी शांति से तमाशा देख रहे है। इसका जीता जागता उदाहरण नगरपालिका पलिया वार्ड नं पठान 1 की आधा दर्जन महिलाएं महिनों से पूर्ती निरिक्षक कार्यालय के चक्कर लगा रही है जैसे ही मंगलवार को सुबह कार्यालय खुला वही महिलाएं राशनकार्ड से नाम कटवाने के लिए पहुंची थी पूर्ती निरिक्षक कार्यालय के प्राइवेट कर्मचारी ने बड़ी ही दुर्भाग्यपूर्ण व्यवहार करते हुए महिलाओं को चलता कर दिया। वहीं मौजूद मीडिया कर्मियों ने पूछा तो आरोप लगाते हुए महिलाओं ने नाम वीडियो न चलाने को लेकर खुलासा कर दिया कहा कि की महिनों से पलिया पूर्ती निरिक्षक कार्यालय में राशनकार्ड में नाम काटने और परिवार से अलग राशनकार्ड बनवाने के लिए चक्कर लगा रही हैं। वहीं दूसरी महिला ने कहा हमारी शादी 2019 में हुई थी 2021 में सभी पत्र इकट्ठा कर दिया था लेकिन नजराना न मिलने के चलते अभी तक राशनकार्ड नही बनाया गया।जबकि पठान 1 के उन घरों के राशनकार्ड बना दिए गए जिनके नाम घर गाडी तमाम जगहों पर लाखों करोड़ों के प्लाट पड़े हैं।वहीं लाभार्थियों की बात करें तो पलिया पूर्ती निरिक्षक कार्यालय के चक्कर काटने के लिए ही पैदा हुआ है??।महिलाओं ने कहा कि केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार कार्य तो अच्छा कर रही लेकिन पूर्ती निरिक्षक पलिया कार्यालय में तैनात प्राइवेट कर्मचारी व अधिकारी सरकार को बदनाम करने पर तुले हुए है।

महिला ने कड़ा विरोध करते हुए कहा है कि हमारे साथ हुए दुर्व्यवहार पर हम सभी महिलाएं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हेल्पलाइन और महिला हेल्पलाइन पर शिकायत करेंगें। अधिकारियों की बात करें तो न किसी ने मामले को गम्भीरता से लिया और न ही उन प्राइवेट कर्मचारी पर कार्रवाई हुई।

# सड़क हादसे में 60 वर्षीय बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल जिला मुख्यालय रेफर

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

मंगलवार को एक सड़क हादसे में 60 वर्षीय बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। सिंगाही-बेलराया मार्ग पर एक निजी बस ने बुजुर्ग को टक्कर मार दी। घायल बुजुर्ग को प्राथमिक उपचार के बाद निघासन से जिला अस्पताल लखीखीमपुर रेफर किया गया है।यह घटना सिंगाही थाना क्षेत्र के सिद्ध बाबा मंदिर के पास हुई। तिकुनिया कोतवाली क्षेत्र के रामनगर निवासी रामपाल, पुत्र सीताराम, सिंगहा कलां में अपने रिश्तेदारी में गए हुए थे आज वापस अपने घर लौट रहे थे। सड़क पार करते समय एक निजी बस ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस की मदद से घायल रामपाल को इलाज के लिए निघासन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया।

# कब्र से किशोरी का शव गायब एक किमी दूर गन्ने के खेत में नग्न अवस्था में मिला

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

मंगलवार सुबह सिकंदराबाद गांव में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई जिससे सभी के रौंगटे खड़े हो गए बताते चलें बीते सप्ताह दफनाई गई 17 वर्षीय युवती का शव उसकी कब्र से गायब मिला। बाद में, उसका शव करीब एक किलोमीटर दूर एक गन्ने के खेत में निर्वस्त्र अवस्था में बरामद हुआ, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।सिकंदराबाद निवासी शकील की 17 वर्षीय बेटी मानसिक रूप से अस्वस्थ थी और उसका इलाज चल रहा था। गंभीर बीमारी के कारण 21 नवंबर (शुक्रवार) को उसकी मृत्यु हो गई थी। परिवार ने मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार उसी दिन उसे कब्रिस्तान में दफनाया था। मंगलवार सुबह मस्जिद के मौलाना ने एक लड़के को कब्र पर दुआ पढ़ने के लिए भेजा। जब युवक कब्र पर पहुंचा, तो उसने देखा कि कब्र की मिट्टी उखड़ी हुई थी और शव गायब था। घबराकर उसने तुरंत मौलाना को इसकी जानकारी दी।सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और शव की तलाश शुरू की। इसी दौरान, कब्र से लगभग एक किलोमीटर दूर स्थित एक गन्ने के खेत में किशोरी का शव नग्न अवस्था में पड़ा मिला। चौंकाने वाली बात यह थी कि कफन कब्र पर ही पड़ा हुआ था। शव की हालत देखकर परिजन और ग्रामीण स्तब्ध रह गए।मृतका के पिता शकील ने बताया कि कब्र की स्थिति देखकर लगता है कि यह काम किसी एक व्यक्ति का नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, ÷कब्र के पास दो-तीन आदमियों के पैरों के निशान दिखाई दे रहे हैं। यह काम एक व्यक्ति के बस की बात नहीं है।÷मृतक किशोरी अपने भाई-बहनों में सबसे बड़ी थी। उसके दो छोटे भाई हैं,15 वर्षीय मोहम्मद सफी और 12 वर्षीय मुहल्कम है मौत की घटना से आहत परिजनों को शव कब्र गायब होने की घटना ने हिला कर रख दिया है।

# उत्कृष्ट कार्य करने बाले दो बीएलओ सम्मानित

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार पूरे भारतवर्ष मे सर,अभियान के तहत मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मात्र वीस दिनो मे ही अपने बूथ संख्या 387 जुनियर हाई स्कूल मे कार्यरत शिक्षामित्र तैहिद बेग व वूथ संख्या 253 प्राथमिक विद्यालय इमलिया मे तैनात शिक्षामित्र मनीषा देवी ने मात्र बीस ही दिनो मे सर अभियान के तहत मतदाता शुद्धिकरण के फार्मो का पूरा डाटा भरकर अपने कार्यालय मे सक्षम अधिकारियो को सौप कर पूनः शिक्षण कार्य मे लग गई है।जिसके तहत जिला लखीमपुर खीरी की जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने सम्मानित किया इसके पश्चात गोला की उप जिला अधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी की पूरी टीम ने उनका माल्यार्पण कर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# हरदोई में बारातियों से भरी बस खाई में पलटी, 11 लोग घायल

जन एक्सप्रेस । प्रतुल कुमार



कटरा-बिल्हौर हाईवे पर मंगलवार की सुबह सांडी थाना क्षेत्र के लमकन पुल के पास एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। जिसमें बारातियों से भरी बस अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। हादसे में 11 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि बस चालक मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चला रहा था, जिससे बस का नियंत्रण बिगड़ गया और दुर्घटना हो गई।

जानकारी के अनुसार, अरवल थाना क्षेत्र के दहेलिया गांव निवासी धर्मपाल के पुत्र सुनीत की बारात बांगरमऊ गई थी। सुबह लौटते समय यह हादसा हुआ। घायलों में रामसरन (72), पंकज (29), देवदत्त (15), विमल (25), दीपक (12), अंकित (15), करू (6), रामपाल (70), रामरूप (30), गुलशन (28) और करन (15) आदि शामिल हैं। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस सेवा को सूचना दी। एंबुलेंस पहुंचने के बाद सभी घायलों को सीएचसी हरपालपुर में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।जबकि प्रांशु व दीपक की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया हैं।दुर्घटना की जानकारी मिलते ही हरपालपुर पुलिस और क्षेत्राधिकारी बिलग्राम रवि प्रकाश सिंह मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने प्राथमिक जांच में चालक की लापरवाही और मोबाइल फोन उपयोग को मुख्य कारण माना है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि हाईवे पर तेज रफ्तार और मोबाइल फोन पर बातचीत करते हुए वाहन चलाना अक्सर बड़े हादसों का कारण बनता है।

## साइबर फाड के आरोपी खाताधारक पर मुकदमा दर्ज

जनएक्सप्रेस/हरपालपुर। हरपालपुर थाने में साइबर हेल्प डेस्क प्रभारी उपनिरीक्षक की तहरीर पर खाता धारक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार हरपालपुर कोतवाली की साइबर हेल्प डेस्क प्रभारी उप निरीक्षक महेश कुमार ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया है कि वर्तमान समय में कोतवाली की साइबर हेल्प डेस्क के प्रभारी है उनके द्वारा साइबर से संबंधित प्रार्थना पत्रों व शिकायत के निस्तारण के साथ एनसीआरपी व समन्वय पोर्टल पर सूचनाओं के देखरेख का कार्य किया जाता है। प्रभारी साइबर थाना जनपद हरदोई द्वारा व्हाट्सएप से भेजे गए साइबर अपराध संबंधित अकाउंट नंबर तथा आईएफएससी कोड के विषय में विस्तार जांच करने पर खाते में 12 जून 2024 को 22500 को फॉड के रुपए आए थे।जिसके कारण 13 जून 2024 को खाता को बंद कर दिया गया।खाता कोतवाली क्षेत्र के सीलदासपुर नगस चौधरपुर गांव निवासी राघवेंद्र पुत्र अवध बिहारी नाम दर्ज है।जांच में खाते में साइबर फ्रॉड संबंधित लेनदेन होना पाया गया।उपरोक्त खाता के विरुद्ध एनसीआरपी पोर्टल व समन्वय पोर्टल पर शिकायत दर्ज हो ना पाया गया। इस संबंध में साइबर हेल्प डेस्क प्रभारी के तहरीर पर खाता धारक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

# एसआईआर को लेकर बीएसए के आदेश की उड़ाई गईं धज्जियाँ

जन एक्सप्रेस । शाहाबाद




निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगति पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत चल रहे सर्वेक्षण एवं डिजिटाइजेशन कार्य में कई विद्यालयों के शिक्षकों की गंभीर उदासीनता सामने आई है। निरीक्षण में अनेक स्कूलों में शिक्षक ड्यूटी समय पर अनुपस्थित पाए गए, जिससे प्रशासनिक तैयारियों पर सवाल खड़े हो गए हैं। सबसे चिंताजनक स्थिति प्राथमिक विद्यालय आगमपुर में देखी गई, जहाँ नियुक्त तीनों कर्मी मौके पर नहीं मिले। प्राथमिक विद्यालय आगमपुर में इंचार्ज प्रधानाध्यापक मेहेरनिधि निगम,सहायक अध्यापक राहुल वैश्य, शिक्षामित्र किरणलता निरीक्षण के दौरान एक भी व्यक्ति उपस्थित नहीं था। निर्वाचन कार्य की प्रमुख जिम्मेदारी के बीच इस तरह की गैरहाजिरी को विभाग अत्यंत गंभीर मान रहा है। वहीं बीएलओ आलमवीर सिंह और सहायक अध्यापिका सरस्वती शुक्ला अपनी ड्यूटी पर मौजूद मिलीं।

*मौलागंज में बीएलओ ड्यूटी से नदारद*

प्राथमिक विद्यालय मौलागंज में प्रधानाध्यापक सुनील कुमार तो मौजूद रहे, किंतु बीएलओ के रूप में तैनात आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सम्मी रानी और रेखा रानी बूथ पर अनुपस्थित पाई गईं। उनकी अनुपस्थिति से क्षेत्रीय पुनरीक्षण की प्रगति प्रभावित हुई।

*परेली और सिगुलापुर में भी अनदेखी*

प्राथमिक विद्यालय परेली और सिगुलापुर में भी निरीक्षण के समय शिक्षक न तो विद्यालय में मिले और न ही बूथ पर।

इन विद्यालयों में मिली स्थिति से स्पष्ट है कि कई शिक्षकों ने अपने निर्वाचन दायित्वों को गंभीरता से नहीं लिया।

*क्या बोले सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी ? इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ए रामेंद्र ने बताया 85त्न शिक्षक अपनी ड्यूटी पर रहे हैं। 15त्न शिक्षकों के बारे में जानकारी मिली है जिन्होंने कार्य मे लापरवाही बरती। उनकी लिस्ट मंगाई जा रही है उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## क्रिकेट टूर्नामेंट में दहेलिया की टीम ने मिघौली टीम को दी 15 रनों से शिकस्त

जन एक्सप्रेस । हरपालपुर



पलिया गांव स्थित खेल मैदान पर चल रहे जय मां क्रिकेट टूर्नामेंट में दहेलिया के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मिघौली गांव की टीम को 15 रनों से शिकस्त देकर जीत दर्ज कराई।

मंगलवार का मैच मिघौली व देहलिया के बीच खेला गया। मिघौली गांव की टीम ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया तथा बैटिंग करने उतरी दहेलिया गांव टीम 11ओवर में 90 रन बनाकर आल आउट हो गयी। जिसमें आदिल ने सर्वाधिक 23 रन बनाए। मिघौली की तरफ से गेंदबाजी में अमरीश ने 4 व देव अवस्थी ने 2 विकेट लिए।90 रनों का लक्ष्य लेकर बल्लेबाजी को उतरी मिघौली की टीम 11 ओवर में 75 रन बनाकर आल आउट हो गयी। देहलिया ने यह मैच 15 रन से जीत लिया।देहलिया की ओर से गेंदबाजी में आदिल ने 3 व आजम ने 2 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आदिल को दिया गया।इस मौके पर अरविंद मिश्रा,आशु अंकुल सिंह,विकास श्रीवास्तव,बबलू सिंह,धीरज सिंह,मनोज गुप्ता,सनोज सिंह,प्रवीण अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।

# रोडवेज बस से कुचलकर वृद्ध की मौत, मौके पर पहुंची सीओ

जन एक्सप्रेस । उरई




कोतवाली क्षेत्र में रोडवेज बस स्टैंड पर बस से कुचलकर वृद्ध की मौत हो गई। खबर मिलते ही सीओ व कोतवाल मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू कर दी।

शहर के मुहल्ला रामनगर निवासी 60 वर्षीय महेश गुप्ता कोंच बस स्टैंड पर फूल माला व अन्य सामग्री बेचने का काम करते थे। बताया गया कि मंगलवार की सुबह चालक अवधेश निवासी हरासी प्रेमनगर झांसी स्टैंड से रोडवेज की जनरथ बस लेकर निकला। बस सड़क पर पहुंची ही थी कि महेश गुप्ता उसमें चढ़ा और माला देने के बाद वह नीचे उतर रहा था। तभी उनका पैर उतरने वाले स्टैंड में फंस गया और वह सड़क पर गिर गया। इसी दौरान चालक ने उन्हें न देखकर बस को आगे बढ़ा दिया। जिससे सीने पर पहिया चढ़ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद सीओ अर्चना सिंह, कोतवाल प्रभारी हरिशंकर चंद मौके पर पहुंचे और स्वजन को सूचना देकर शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के भाई राजेंद्र गुप्ता की तहरीर पर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। बताया गया कि मृतक के दो पुत्र हैं जो दिल्ली में रहकर काम करते हैं उन्हें सूचना दे दी गई है। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कै लिए भेज दिया।

## खड़े डंपर में घुसा डंपर फंसकर चालक की मौत

उरई। कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर जा रहा ट्रक बड़ेगांव के समीप खड़े डंपर में घुस गया। हादसे में डंपर चालक की मौत हो गई। लखनऊ के थाना माल क्षेत्र के ग्राम ललई खेड़ा निवासी सुरेश कुमार 36 वर्ष डंपर ड्राइवर था। जो सोमवार रात को झांसी से गिट्टी लेकर लखनऊ की ओर जा रहा था। इस दौरान जब वह नेशनल हाईवे पर उरई कोतवाली क्षेत्र से गुजर रहा था। तभी बड़ागांव के बाहर गलत दिशा में खड़े डंपर से जा टकराया। जिससे डंपर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें फंसकर ड्राइवर सुरेश की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई और राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। हादसे की खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने डंपर में फंसे ड्राइवर के शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और हादसे की खबर उसके परिजनों को दी। मृतक के भाई राम नरेश ने ट्रक ड्राइवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के लिए कोतवाली में तहरीर दी है।

# पीओएस सिम रिटेलर के खिलाफ एफआईआर दर्ज

जन एक्सप्रेस । हरपालपुर

हरपालपुर में सिम बेचने वाले पीओएस रिटेलर के विरुद्ध थाने में तैनात आरक्षी की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत किया गया है।

जानकारी के अनुसार हरपालपुर कोतवाली में तैनात आरक्षी विपिन कुमार ने थाने पर दर्ज कराई गई एफआईआर में बताया हैं कि वह कोतवाली साइबर हेल्प डेस्क पर शिकायतों के निस्तारण के साथ एनसीआरपी पोर्टल व समन्वय पोर्टल की सूचनाओं की देखरेख का कार्य करता हैं।प्रभारी साइबर थाना जनपद हरदोई द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर सिम वेरिफिकेशन व पीओएस एजेंट वेरिफिकेशन की सूचना प्राप्त हुई।जिसमें पीओएस एजेंट अरविंद कुमार पुत्र बालक राम की पीओएस आईडी से 34 सिम बेचे गए।सिमों के नंबरों की जांच में चार नंबरों का विवरण प्राप्त हुआ जिनमें से एक टडियांवा थाना क्षेत्र निवासी रामजीत,मधौगंज थाना क्षेत्र के बीकापुर निवासी सोनी सिंह, कोतवाली देहात के धरमऊपुर गांव निवासी आदित्य सिंह तथा कोतवाली शहर के बेला गांव निवासी पंकज तथा 30 मोबाइल नंबर गैर जनपद व गैर राज्य में पाए गए।मोबाइल नंबर जिनके नाम रजिस्टर्ड है उनके द्वारा उपयोग नहीं किए गए।जब उपरोक्त धारकों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति हमारे गांव में सिम बेचने आया था।जिससे प्रतीत होता है कि उपरोक्त नंबरों का प्रयोग साइबर फ्रॉड में हुआ।

# यातायात जागरूकता माह पर रामश्री पब्लिक स्कूल में चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता आयोजित

जन एक्सप्रेस । उरई




यातायात जागरूकता माह के तहत रामश्री पब्लिक स्कूल में कला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने चित्रों और लेखन के माध्यम से यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया। इसमें करीब 200 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सीओ यातायात अर्चना सिंह का स्वागत विद्यालय के चेयरमैन डॉ. सीपी गुप्ता ने गुलदस्ता भेंटकर किया। सीओ ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि बच्चे अगर जागरूक होंगे तो परिवार और समाज भी सुरक्षित होगा। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन सिर्फ आवश्यकता नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है। उन्होंने घोषणा की कि आगामी यातायात माह नवम्बर समापन समारोह, 30 नवंबर को उत्कृष्ट प्रतिभागियों को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इस मौके पर यातायात प्रभारी वीर बहादुर सिंह ने बच्चों को सड़क सुरक्षा, हेलमेट की अनिवार्यता, सीट बेल्ट और ट्रैफिक संकेतों के महत्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं का बड़ा कारण शराब पीकर वाहन चलाना व लापरवाही है, जिसे नियमों के पालन से रोका जा सकता है। साथ ही ठंड की भी शुरूआत हो रही है अतः रात्रि में वाहन चलाने और कोहरे से दुर्घटनाओं में कमी लाने के संबंध में भी जानकारी दी। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. सीपी गुप्ता ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों में जागरूकता के साथ रचनात्मकता को भी बढ़ावा देती हैं। उन्होंने सभी अतिथियों का धन्यवाद करते हुए बच्चों के प्रयासों की सराहना की।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य शैलेन्द्र सिंह सेंगर, मीनू अंसारी, अंशुल द्विवेदी, विजय ठाकुर, राघव श्रीवास्तव, देवेंद्र रावत, गौरव शर्मा सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## ग्राहक बनकर आये युवक ने गोलक से गायब किए दो लाख, पुलिस ने लिया हिरासत में

कदौरा। कस्बा के मोहल्ला पुराना बाजार निवासी आशाराम गुप्ता की बाजार में किराने की दुकान है।मंगलवार की सुबह दुकानदार रोज की तरह अपनी दुकान पर बैठा था। इसी दौरान एक युवक ग्राहक बनकर दुकान में आया और दुकानदार को किराने के सामान का पर्चा देकर उसी से सामान लेने लगा। दुकानदार के ध्यान भटकते ही आरोपी युवक ने काउंटर के पास रखी गुल्लक से दो लाख रुपए निकाल लिए और आराम से दुकान से बाहर निकल गया। कुछ देर बाद जब दुकानदार ने गुल्लक में रखे पैसे देखे तो पैसे गुल्लक में नहीं थे। इस पर दुकानदार को सामान लेने के लिए कानपुर जाना था। रकम गायब होने के बाद दुकानदार तुरंत उस युवक के पास पहुंचा और उसने जब उससे पैसों के बारे में कहा तो युवक ने मना कर दिया। घटना से मौके पर अफरा तफरी मच गई और के दुकानदार ने आसपास के लोगों को बुलाकर मामले की जानकारी दी, और उसने तुरंत डायल 112 को फोन किया। मौके पर पहुंची पुलिस युवक को थाने ले गई। दुकानदार ने थाने पहुंचकर आरोपी युवक के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है।

# इन्फिनिटी ग्रुप के कृष्णा भूमि आर्केड ने 140 एकड़ में 108 पंचवटी रोपण पहल की शुरुआत की, वृंदावन की अब तक की सबसे बड़ी ईको-स्पिरिचुअल पुनरुद्धार मुहिम

जन एक्सप्रेस । वृंदावन



एक महत्वपूर्ण सीएसआर-नेतृत्वित पहल के तहत, इन्फिनिटी ग्रुप की कृष्णा भूमि आर्केड, उत्तर प्रदेश के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा ब्रज तीर्थ विकास परिषद ह के सहयोग से, आज श्री बिहार पंचमी पंचवटी महोत्सव 2025 के अवसर पर 140 एकड़ पुनरुद्धार क्षेत्र में 108 पंचवटी क्लस्टर (540 पवित्र वृक्षों) का रोपण प्रारंभ किया। यह आयोजन ऐतिहासिक कुंभ पूर्व वैष्णव बैठक स्थल, वृंदावन धाम पर सम्पन्न हुआ।

140 एकड़ का यह महत्वपूर्ण रोपण क्षेत्र परिक्रमा मार्ग और यमुना तट के बीच स्थित है - वृंदावन का सबसे आध्यात्मिक रूप से घना और पर्यावरणीय रूप से संवेदनशील क्षेत्र। 'सेवा परमोधर्मः' की मूल भावना पर आधारित, यह रोपण ड्राइव इन्फिनिटी ग्रुप की दीर्घकालिक सीएसआर प्रतिबद्धता का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य वृंदावन की पवित्र पारिस्थितिकी, जिसका ऐतिहासिक आधार इसके प्राचीन वन हैं, को पुनर्जीवित, संरक्षित और सुरक्षित करना है। यह कार्यक्रम ब्रज क्षेत्र में अब तक हुए सबसे बड़े आध्यात्मिक व पारिस्थितिक पुनरुद्धार प्रयासों में से एक है।

140 एकड़ का यह रोपण केवल शुरुआत है, कंपनी ब्रज क्षेत्र के लिए एक आत्मनिर्भर पारिस्थितिक तंत्र विकसित कर रही है। इसमें शामिल हैं-

फलदार वृक्ष, जिनसे प्राप्त उपज श्री कृष्ण गौशाला का सहयोग करेगी

पुष्पीय पौधारोपण, जिनके फूल प्रतिदिन वृंदावन के आश्रमों और मंदिरों में अर्पित होंगे

यमुना तट की प्राकृतिक संरचना को मजबूत करने, ताप-नियंत्रण क्षेत्रों को विकसित करने, मिट्टी के स्वास्थ्य को सुधारने, जैव विविधता को पुनर्स्थापित करने और प्रदूषण अवशोषण बढ़ाने हेतु देशज प्रजातियों का बड़े पैमाने पर रोपण

इन सभी प्रयासों का लक्ष्य वृंदावन धाम के लिए एक स्थायी पारिस्थितिक अर्थव्यवस्था स्थापित करना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ किया-

डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), वन, पर्यावरण, वन संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन, उत्तर प्रदेश सरकार

पद्म भूषण एवं ग्रैमी पुरस्कार विजेता पंडित विश्व मोहन भट्ट (मोहन वीणा के जनक)

तन्त्री सम्राट पंडित सलील भट्ट (सतविक वीणा के जनक)

प्रसिद्ध वादक पंडित अजय प्रसन्ना, तीन बार के ग्रैमी नामांकित

कार्यक्रम 108 प्रतिष्ठित महंतों और संतों की दिव्य उपस्थिति में सम्पन्न हुआ जिन्होंने 108 पंचवटी-(पीपल, बरगद, गुलर, देसी आम और पाकड़-इन पाँच पवित्र पौधों का समूह) का रोपण किया। साथ ही, समुदाय ने भी तुलसी पौधारोपण में भाग लिया।

उद्घाटन के दौरान, डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने कहा- जन्माष्टमी और होली जैसे प्रमुख उत्सवों में एक ही दिन में इस कॉरिडोर से 5 लाख तक तीर्थयात्री गुजरते हैं। ऐसे में पर्यावरणीय स्वास्थ्य और सुरक्षित आवागमन के लिए मजबूत हरित क्षेत्रों की अत्यंत आवश्यकता है। यमुना तटवर्ती क्षेत्र में बार-बार बाढ़ और लगातार गतिविधियों के कारण पर्यावरणीय दबाव बढ़ा है, और यह पुनर्स्थापन इसी महत्वपूर्ण आवश्यकता को पूरा करता है।

## जंगल में पेड़ से लटका मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

जन एक्सप्रेस । उरई

कोटरा थाना क्षेत्र के बरसार के जंगल में युवक का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। मृतक की पहचान बरसार निवासी मनीष पुत्र रमजानी के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फील्ड यूनिट को बुलाकर साक्ष्य जुटाए। मृतक के पिता रमजानी ने थाने पहुंचकर सूचना दर्ज कराई।उन्होंने बताया कि मनीष 16 नवंबर की रात लगभग 9 से 10 बजे के बीच पत्नी से विवाद होने के बाद घर से निकल गया था। परिजनों के अनुसार इससे पहले भी वह कई बार विवाद के बाद घर छोड़कर चला जाता था। इसी कारण परिवार ने उसी रात उसकी गुमशुदगी की सूचना पुलिस को नहीं दी और उसके लौट आने का इंतजार करते रहे।परिजन कई दिनों तक उसकी तलाश में जुटे रहे, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार सुबह गांव के ही भान सिंह राजपूत ने जंगल में बबूल के पेड़ से लटका शव देखा और इसकी जानकारी मृतक के पिता को दी। गांव में घटना की खबर फैलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। पुलिस ने पहुंचकर जांच शुरू की।अधिकारियों के अनुसार, मौके से प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का वास्तविक कारण स्पष्ट होगा। बताया गया कि मृतक की शादी को लगभग 20 वर्ष हो चुके थे और उसके दो बेटे व एक बेटी है। परिजनों ने बताया कि मनीष शराब का आदी था और इसी बात को लेकर अक्सर घर में विवाद होता रहता था।

## सर्दियों में सेहत की शुरूआत: कैलिफ़ोर्निया बादाम वाली दो सुपरफ़ूड रेसिपी

जन एक्सप्रेस । आगरा



सर्दियां आ रही हैं, इसलिए समझदारी से खाना खाने से शरीर में नई जान आ सकती है और पूरी सेहत अच्छी रहती है। साबुत, पोषक तत्वों से भरपूर चीज़ों के साथ क्लीन ईटिंग पर वापस लौटना एनर्जी और बैलेंस वापस पाने का एक आसान तरीका है। इस मौसमी रूटीन में दो रेसिपी एकदम फिट बैठती हैं, बादाम और स्प्राउट्स टिक्की चाट और रोस्टेड गोभी और बादाम सूप। दोनों में कैलिफ़ोर्निया बादाम के पोषक तत्व भरपूर हैं, जिन्हें प्रोटीन, हेल्दी फैट और फाइबर से भरपूर सुपरफूड माना जाता है।

ये डिशेज़ प्लांट प्रोटीन और नैचुरली मिलने वाले हेल्दी फैट का पौष्टिक मिश्रण देती हैं, जबकि कैलिफ़ोर्निया बादाम में भरपूर फाइबर होता है, जो फाइबरमैक्सिंग में मदद करता है, पाचन में मदद करता है और आपको ज़्यादा देर तक पेट भरा हुआ महसूस कराता है। आरामदायक, पौष्टिक और सर्दियों के अनुकूल-ये रेसिपी ठंड के मौसम में क्लीन ईटिंग को बेहद सरल और सहज बना देती हैं।

भुनी हुई गोभी और बादाम का सूप

### 4 कप के लिए सामग्री-

- 10 मि.ली. वेजिटेबल ऑयल
- 5-6 लहसुन की कलियाँ, कटी हुई
- 45 ग्राम प्याज़, कटा हुआ
- 20 ग्राम लीक्स, कटा हुआ
- 10 ग्राम सेलरी
- 200 ग्राम फूलगोभी
- 1/4 कप दूध
- 50 ग्राम बादाम
- 100 मि.ली. वेजिटेबल स्टॉक (आवश्यकतानुसार कम या अधिक उपयोग कर सकते हैं)
- 20 ग्राम परमेज़न चीज़, घिसा हुआ
- स्वादानुसार नमक
- स्वादानुसार कुटी काली मिर्च

### विधि

- ओवन को 160 डिग्री सेल्सियस पर प्री-हीट करें।
- एक पार्चमेंट पेपर लगे बेकिंग ट्रे में लहसुन, प्याज़, लीक्स, सेलरी, फूलगोभी और बादाम डालें। थोड़ा तेल डालकर अच्छी तरह मिलाएँ और 15-18 मिनट तक या हल्का भूरा/चार होने तक बेक करें।
- मिश्रण को ठंडा होने दें और फिर इसे ब्लेंड करके एक स्मूद पेस्ट बना लें।
- एक बर्तन में यह पेस्ट और दूध डालकर मध्यम आंच पर पकाएँ।
- आवश्यकतानुसार सूप की कंसिस्टेंसी के लिए स्टॉक मिलाएँ।
- अब इसमें चीज़, नमक और काली मिर्च डालें और स्वादानुसार सीज़निंग समायोजित करें।
- गरमागरम परोसें।

### न्यूट्रिएंट एनालिसिस

| | |
|---|---|
| कैलोरी | 675 kcal |
| प्रोटीन | 25.4 g |
| कुल फैट | 52.6 g |
| सैचुरेटेड | 11.9 g |
| मोनोअनसैचुरेटेड फैट | 26.8 g |
| पॉलीअनसैचुरेटेड | 10.8 g |
| कार्बोहाइड्रेट | 24.5 g |
| फाइबर | 15.8 g |
| कोलेस्ट्रॉल | 17.2 g |
| सोडियम | 1014 mg |
| कैल्शियम | 538.2 mg |
| मैग्नीशियम | 240.5 mg |
| पोटैशियम | 1378 mg |
| विटामिन E | 13.6 mg |

## भाजपा के बूथ अध्यक्ष की सड़क हादसे में मौत

जन एक्सप्रेस । उरई

कुठौंद थाना क्षेत्र में बीमार सास को देखकर लौट रहे भाजपा वूथ अध्यक्ष की सड़क हादसे में मौत हो गई। कुठौद थाना क्षेत्र के ग्राम दादूपुर निवासी 45 वर्षीय बृजलाल गांव के भाजपा पार्टी से बूथ अध्यक्ष थे और वह राजनीतिक में भी सक्रिय रहते थे। सोमवार की शाम को वह अपनी ससुराल ग्राम धमना बीमार सास को देखने गए थे। बताया गया कि देर रात वह धमना गांव से वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही वह गांव के बाहर पहुंचे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह बाइक सहित सड़क पर गिरकर घायल हो गए। इसी दौरान ट्रैक्टर चालक उन्हें रौंदता हुआ निकल गया और सीने पर अगला व पिछला पहिया चढ़ जाने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत ही उसकी ससुराल व स्वजन के अलावा पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शव कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। मामले में पुलिस का कहना है कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।फिलहाल घटना के बाद से मृतक की पत्नी मीना व दो पुत्रों सहित भाईयों रो-रोकर बुरा हाल है।

# डीएम संतोष कुमार शर्मा ने किया औचक निरीक्षण

## मिठौरा ब्लॉक में एसआईआर और किसान पंजीकरण कार्य की समीक्षा, संबंधित को दिए आवश्यक निर्देश

**जन एक्सप्रेस | महराजगंज**



जिलाधिकारी सन्तोष कुमार शर्मा ने मंगलवार को मिठौरा ब्लॉक अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय तथा पंचायत सचिवालय का औचक निरीक्षण कर मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) और किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ग्राम सभा भागाटार पहुंचे, जहां मतदेय स्थल संख्या 202, 203 और 204 पर एसआईआर का कार्य प्रगति पर पाया गया। डीएम ने बूथवार मतदाताओं की संख्या, गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रहण और डिजिटाइजेशन की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली।

बूथ संख्या 202 पर कुल 1126 मतदाता सूचीबद्ध हैं, जिनमें सभी प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं तथा लगभग 200 फार्म ऑनलाइन अपलोड किए गए हैं। बूथ संख्या 203 (मतदाता संख्या 1141) पर लगभग 400 फार्म तथा बूथ संख्या 204 (मतदाता संख्या 864) पर भी लगभग 400 फार्म अपलोड किए जाने की जानकारी बीएलओ द्वारा दी गई। जिलाधिकारी ने बीएलओ को निर्देश दिया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में और अधिक गति व सक्रियता लाई जाए, ताकि समयावधि के भीतर प्रारंभिक प्रकाशन, आपत्ति निस्तारण और अंतिम सूची का प्रकाशन सुचारू रूप से सुनिश्चित हो सके। उन्होंने चेतावनी दी कि एसआईआर कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है और किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

निरीक्षण के बाद डीएम पंचायत सचिवालय पहुंचे, जहां किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य चल रहा था। कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने एडीओ पंचायत कौशल किशोर सिंह को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि किसानों को सरल, त्वरित और सुगम सेवाएं उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है, इसलिए इस कार्य में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने अंत में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण एवं फार्मर रजिस्ट्री दोनों ही सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्य हैं। सभी संबंधित अधिकारी समन्वित प्रयासों से इन्हें समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा कराएं।

## मवेशी से टकराकर बाइक सवार की मौत

**जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़**

जिले के बाघराय थाना इलाके में देर रात घर लौट रहे युवक की बाइक मवेशी से टकराकर सड़क पर पलट गई। गंभीर हालत में उसे सीएचसी ले जाया गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार बाघराय थाना क्षेत्र अंतर्गत महराजपुर (पंडित का पुरवा) गांव निवासी राजबाबू तिवारी ( 43 वर्ष ) शनिवार शाम किसी काम से छेवगा चौराहे पर गये थे। रात करीब नौ बजे वह बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही धुंधरकीपुर नहर पुल के पास पहुंचे ही थे कि सड़क पर अचानक मवेशियों का झुंड आ गया। मवेशियों को बचाने का प्रयास करने के बावजूद टकराकर युवक बाइक समेत दूर जा गिरा। गिरने के बाद वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर जुटे क्षेत्रीय लोगों ने उसे सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टर ने युवक को देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। युवक के मौत की खबर मिलते ही परिजनों में रोना पीटना मच गया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पच्चीस हजार का इनामिया गैंगस्टर चढ़ा पुलिस के हत्थे, भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़**




जिले की संग्रामगढ़ थाने की पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत वांछित पच्चीस हजार के इनामिया बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफलता हासिल की है।

मिली जानकारी के अनुसार मानिकपुर थाना इलाके के मिरगढ़वा निवासी फिरोज के विरुद्ध जिले के विभिन्न थानों में चोरी, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर जैसे गंभीर अपराध दर्ज हैं। एसपी दीपक भूकर द्वारा आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस सरगर्मी से उसकी तलाश कर रही थी। उसी क्रम में प्रभारी संग्रामगढ़ मनोज कुमार तोमर के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सुनील कुमार और कांस्टेबल रामनिवास तथा मानिकपुर थाने पर तैनात कांस्टेबल अजीत शर्मा की टीम ने मुखबिर की सूचना पर फिरोज को दबोच लिया। फिरोज पर संग्रामगढ़ थाने में गैंगस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत है। बदमाश फिरोज पुत्र बबलू हत्था को पुलिस ने मानिकपुर थाना क्षेत्र स्थित उसके घर के पास से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी मनोज कुमार तोमर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में गम्भीर मामलों में मुकदमे दर्ज हैं। संग्रामगढ़ थाने में गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज था। आरोपी पर पच्चीस हजार का इनाम था। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# जीआरपी पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर भेजा जेल, चोरी का मोबाइल बरामद

**जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़**




जिले में मंगलवार को जीआरपी ने रेलवे स्टेशन से एक चोर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी का मोबाइल फोन भी बरामद किया। गिरफ्तार किया गया अभियुक्त चांद बाबू पुत्र निजामुद्दीन थाना कोतवाली इलाके के पूर्वी सहोदरपुर का निवासी है। जीआरपी ने उसे मंगलवार को प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन के वाशिंग एरिया के पास बने मंदिर के पास से गिरफ्तार किया। ये कार्रवाई एसपी रेलवे लखनऊ रोहित मिश्रा के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। इस अभियान का उद्देश्य ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर चोरी, लूट, जहरखुरानी और मादक पदार्थों की तस्करी जैसी घटनाओं को रोकना तथा वांछित अपराधियों को गिरफ्तार करना है। थानाध्यक्ष जीआरपी प्रतापगढ़ के नेतृत्व में गठित टीम ने यह गिरफ्तारी की। अभियुक्त के पास से चोरी का एक ओप्पो मोबाइल फोन भी बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत उन्नीस हजार रुपये है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को संबंधित धाराओं के तहत न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

## कबड्डी प्रतियोगिता के लिए जूनियर मंडल स्तरीय टीम का चयन

**जन एक्सप्रेस | देवरिया**

स्पोर्ट्स स्टेडियम मल्हना भाटपाररानी में सोमवार को कबड्डी प्रतियोगिता के लिए मंडल स्तरीय जूनियर बालक और बालिका वर्ग की टीम के खिलाड़ियों का ट्रॉयल चयन किया गया। इसमें जनपद के बालक वर्ग के खिलाड़ियों में 49 तथा बालिका वर्ग में 32 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जूनियर बालक वर्ग में दिव्यांशु कुमार, संगम यादव, असगर अंसारी, दुर्गेश पांडे, राघवेंद्र भारती, अंकित यादव, अजय विश्वकर्मा, सूरज चौहान, अरविंद चौहान, किशन गुप्ता, अभय कुमार और प्रियांशु यादव का चयन हुआ। जूनियर बालिका वर्ग में श्रुति यादव, अंशिमा तिवारी, वंदना मौर्या, जिज्ञासा यादव, अनामिका, आंचल यादव, नम्रता दुबे और आस्था कुमारी का चयन किया गया। इस दौरान ट्रायल चयन में एथलेटिक्स के विश्वजीत यादव, कबड्डी के राजकुमार यादव, सहायक जेपी यादव की देखरेख में चयन प्रक्रिया पूरी की गई।

# एसआईआर कार्य में बाधा डालने वाला अभियुक्त गिरफ्तार बीएलओ के साथ मारपीट व सरकारी कागजात फाड़ने का

**जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़**




जिले के रानीगंज थाना इलाके के बालीपुर गांव में एसआईआर कार्य में बाधा डालने व स्टाफ के साथ मारपीट करने के आरोप में एक अभियुक्त को रानीगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बता दें कि सोमवार को शिवगढ़ विकासखण्ड के प्राथमिक विद्यालय बालीपुर की बीएलओ द्वारा थाने पर तहरीर देते हुए बताया गया कि बालीपुर गांव में निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित एसआईआर सर्वे के दौरान सोमवार दोपहर साढ़े बारह बजे गांव के ही इम्तियाज और जीशान आकर उनके और उनके सहयोगी स्टाफ़ के साथ मारपीट और गाली गलौज करने लगे। आरोप है कि दोनों ने एसआईआर के कई कागज भी फाड़ दिये। डायल-112 पर सूचना देने के बाद जब तक पुलिस पहुंचती तब तक आरोपी मौके से भाग गये। बीएलओ की तहरीर पर पुलिस दोनों आरोपियों के विरुद मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश कर रही थी। उसी क्रम में थाने पर तैनात एसआई गिरजा प्रसाद सिंह व उनकी पुलिस टीम ने एक अभियुक्त इम्तियाज अली को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी रानीगंज प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि एसआईआर कार्य मे बाधा डालने वाले दोनों आरोपियों में से एक को गिरफ्तार कर लिया गया है। जल्द ही दूसरे को भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा। पुलिस का कहना है कि निर्वाचन संबंधी कार्यवाही में बाधा उत्पन्न करने, सरकारी कर्मचारियों के साथ अभद्रता अथवा किसी भी प्रकार की अवैध एवं आपराधिक हरकत करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसी किसी भी घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा दोषियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस | 000**



जिले के कोहड़ौर थाना इलाके में एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में कोहंडौर पुलिस द्वारा एंटी रोमियो चेकिंग अभियान चलाया गया। मंगलवार को एंटी रोमियो टीम द्वारा थाना क्षेत्र के प्रमुख बाज़ारों, शिक्षण संस्थानों, सार्वजनिक स्थलों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सघन चेकिंग की गई। पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा के लिए जागरूक किया। अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने के साथ ही आवश्यक चेतावनी दी गई तथा महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सतर्कता बढ़ाई गई। चेकिंग के दौरान टीम ने बालिकाओं व महिलाओं से बातचीत कर मिशन शक्ति, महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनी प्रावधानों एवं हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 181, 1930 आदि के बारे में विस्तार से बताया। शिक्षण संस्थानों के बाहर अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को हिदायत देते हुए मौके से हटाया गया तथा असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु गश्त को और प्रभावी बनाया गया। कोहंडौर पुलिस के अनुसार महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखते हुए आगे भी ऐसे चेकिंग अभियान नियमित रूप से संचालित किए जाएंगे।

## न्यायालय के आदेश पर पांच के विरुद्ध हत्या के प्रयास समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र में न्यायालय के आदेश पर ई रिक्शा चालक के साथ जान से मारने का प्रयास व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में कुछ लोगों के खिलाफ हत्या का प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई धनुहा निवासी वीरेन्द्र प्रताप उर्फ मोनू यादव पुत्र मिठाईलाल की शिकायत पर हुई है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के रानीगंज थाना इलाके के धनुहा गांव निवासी वीरेन्द्र प्रताप उर्फ मोनू यादव ई रिक्शा चलाकर अपने परिवार का जीवन यापन करता है। वीरेन्द्र ने न्यायालय में दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि उसके गांव की एक महिला रिक्शा किराए पर बुक करके ले गई थी। जिसका बकाया पैसा मांगने 14 सितम्बर को जब वह उनके घर पहुंचा तो महिला नाराज हो गई और अपने घर के लोगो को बुला लिया। जिसके बाद महिला का बेटा, बेटी व अन्य परिजन हाँथ में लाठी डंडा लेकर आये और उसे जान से मार डालने की नीयत से बेरहमी से मारने लगे। लाठी उसके सिर पर लगी जिससे उसका सिर फट गया और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। हल्ला गुहार सुनकर उसके माता पिता व भाई के साथ ही गांव के बहुत से लोग पहुँचे और बीच बचाव किया तब उसकी जान बची। पुलिस न्यायालय के आदेश पर आरोपियों के विरुद्ध हत्या का प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

# तेज रफ्तार बाइक पुल से टकराई, एक की मौत, दूसरा गम्भीर

**जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़**




जिले के संग्रामगढ़ थाना इलाके के चंदू की बाग अर्से पुल के समीप बीती रात एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर पुल से टकरा गया। इस दुर्घटना में युवक की मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार हथिगवां थाना इलाके के जैसावा गांव निवासी कमलेश सरोज ( 28 वर्ष ) पुत्र मल्हू सरोज अपने मित्र अजय सरोज ( 25 वर्ष ) पुत्र फूलचंद सरोज के साथ सलोन (रायबरेली) में एक दोस्त के शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। चर्चा है कि बाइक तेज रफ्तार में होने के कारण चालक का संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे पुल से जा टकराई। इस हादसे में हथिगवां थाना क्षेत्र के जैसावा निवासी कमलेश सरोज की मौत हो गई जबकि हादसे में गंभीर रूप से घायल अजय सरोज को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे रेफर कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। थाना अध्यक्ष मनोज कुमार तोमर ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की गई।

# पगडंडी से आवागमन में दिक्कत, ग्रामीणों ने की सड़क की मांग

**जन एक्सप्रेस | कुशीनगर**



फाजिलनगर विकास खंड के परसौनी ग्राम सभा का टोला भटवलिया में आज भी कच्ची सड़क से ग्रामीणों का आवागमन होता है। कच्ची सड़क से आवागमन होने की वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों में इस मार्ग से आवागमन बंद हो जाता है।

यह मार्ग भटवलिया से तरुअनवा, कुम्हिया, बारी टोला, धरम टोला, अतरवल होते हुए तरुअनवा तक जाता है। तरुअनवा की ओर से कुछ दूर तक तो यह सड़क बनी है, लेकिन उसके बाद लगभग दो किलोमीटर सड़क अब भी कच्ची ही है। संयोग से भटवलिया के दक्षिण एक ईट भट्ठा चलता है। वहीं ईंट भट्ठा वाला रास्ता बरसात के बाद उसको चालू करने के लिए पुआल, मिट्टी और राबिस आदि डालकर सड़क को ट्रैक्टर चलने के लायक बना देता है। वह भी केवल भटवलिया गांव तक। आज भी इस गांव के लोगों को तरुअनवा जाने के लिए लगभग चार किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। भटवलिया के लोगों की अधिकतर खेती-बाड़ी इसी कच्ची सड़क पर पड़ती है। पूरे बरसात लोगों को सड़क के अभाव काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## क्षमता से अधिक गन्ना ले जा रहे 10 ट्रॉला का किया चालान

**जन एक्सप्रेस | कुशीनगर**

परिवहन विभाग की तरफ से सोमवार को क्षमता से अधिक गन्ना ले जा रहे 10 ट्रॉला को चानान कर उनसे व्यक्तिगत जुर्माना किया गया है। अधिकारियों ने चेताया कि मिलों तक गन्ना केवल ट्रक से ही जाएगा। तौल केंद्रों से ट्रॉला से गन्ना ढुलाई हुई तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एआरटीओ मोहम्मद अजीम ने बताया कि जिले की सड़कों पर संचालित अनफिट वाहनों के अलावा नियमों का उलंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। अधिकारी बलवंत सिंह ने पडरौना, नियमों का उलंघन कर गन्ना की ढुलाई करते 10 ट्राला के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके संचालकों को व्यक्तिगत रूप से 3.40 लाख रुपये जुर्माना किया गया है।

# धान की खरीद ने अब तक नहीं पकड़ी रफ्तार, किसान परेशान

**जन एक्सप्रेस | देवरिया**



धान खरीद अभी जोर नहीं पकड़ पा रहा है। क्षेत्र के पांच क्रय केंद्रों पर अभी तक केवल 33 किसानों की 1033.20 क्विंटल धान की खरीद हो पाई है। कोन्हवलिया में बनाए गए पीसीएफ के धान क्रय केंद्र पर अभी तक खरीदारी शुरू ही नहीं हो पाई है। इस बार धान खरीद के लिए कुल पांच क्रय केंद्र बनाए गए हैं। इसमें मंडी समिति के दो, खाद्य विभाग के दो और पीसीएफ का एक क्रय केंद्र शामिल है। इस बार सहकारी समितियों के माध्यम से धान खरीद की प्रक्रिया एक नवंबर से शुरू हुई है। धीरे-धीरे 24 दिन गुजर गए, लेकिन केवल 1033.20 क्विंटल धान की खरीद हो सकी है। यह सारी खरीद दो मंडी समिति और दो खाद्य विभाग क्रय केंद्र के माध्यम से की गई है। कोंहवलिया में बने पीसीएफ क्रय केंद्र पर अभी कोई किसान अपना धान लेकर नहीं पहुंचा है।

क्रय केंद्र प्रभारी जितेंद्र मद्धेशिया ने बताया कि बारिश की वजह से खेतों में पानी भर जाने के कारण धान की फसल जमीन पर गिर गई। इसके चलते कटाई व मढ़ाई के काम में देरी हुई है। जिन किसानों के धान की कटाई हो चुकी है, उनके धान में नमी है। इसके चलते खरीद अभी शुरू नहीं हो पाई है। खाद्य विभाग के एसएमआई धनंजय मिश्रा ने बताया कि खरीद शुरू हो चुकी है। अगले महीने से खरीद प्रक्रिया में तेजी आने की उम्मीद है।

**क्रय केंद्रों पर ताले, सत्यापन ठप**

बरियारपुर। आसपास के क्रय केंद्रों पर भारी अव्यवस्था से किसान बेहाल हैं। कई केंद्र दिनभर बंद मिल रहे। कहीं बोरा उपलब्ध नहीं है और तो कहीं सत्यापन कर्मी समय पर नहीं पहुंच रहे। पोर्टल पर हिस्सेदारी के अनुसार धान की मात्रा भी बेहद कम दिखने से छोटे किसान सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। किसानों ने बताया कि घरों में रखा धान बारिश में भीगने की वजह से खराब होने की कगार पर है। डिहा बसंत के रामपलट सिंह ने कहा केंद्र पर बोरा नहीं है, जिस वजह से धान की खरीद नहीं हो पा रही है। महुआबारी के भूपेंद्र प्रताप ने बताया कि आंशिक सत्यापन अटका पड़ा है और अधिकारी रोज सिर्फ तारीख बढ़ा रहे हैं। कई किसानों का कहना है कि कागज सही होने के बावजूद सिस्टम गलत मात्रा दिखा रहा है। ऑनलाइन पंजीकरण करने वाले अधिकांश बटाईदार किसानों के आवेदन बिना स्पष्ट कारण निरस्त कर दिए गए। अधिकारी केवल इतना जवाब दे रहे हैं पोर्टल हैंग है, चित्र अपलोड में दिक्कत है।

# थानों में मिशन शक्ति का व्यापक अभियान, महिलाओं की सुरक्षा–सशक्तिकरण पर विशेष फोकस

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**


पुलिस अधीक्षक बस्ती के निर्देशन में जनपद के सभी थानों द्वारा मिशन शक्ति फेज-5 के तहत मंगलवार को जिलेभर में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। मिशन शक्ति टीमों एवं एंटी रोमियो स्क्वॉड ने भीड़-भाड़ वाले बाजारों, गांवों, सार्वजनिक स्थलों और यात्रियों की आवाजाही वाले स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी, पम्पलेट वितरित किए और अलग-अलग हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग की प्रक्रिया समझाई।



एंटी रोमियो स्क्वॉड बस्ती ने सोनहा बाजार, बैड़वा समय माता मंदिर सहित कई सार्वजनिक स्थलों पर भ्रमण कर महिलाओं-बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर, महिला अपराधों की रोकथाम और सुरक्षित व्यवहार के संबंध में जागरूक किया। थाना कप्तानगंज की मिशन शक्ति टीम ने कस्बे में भ्रमणशील होकर महिला सशक्तिकरण, साइबर क्राइम से बचाव, महिला अपराध और 1090, 181, 112 जैसे जरूरी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। थाना लालगंज की टीम ने ग्राम बानपुर में जागरूकता अभियान चलाते हुए महिला सुरक्षा, ऑनलाइन धोखाधड़ी और जरूरत पड़ने पर तत्काल सहायता प्राप्त करने के तरीकों पर प्रकाश डाला। थाना कोतवाली क्षेत्र में रोडवेज माल, पचपेड़िया रोड बाजार में मिशन शक्ति टीम ने पम्पलेट वितरण करते हुए महिलाओं को सतर्क रहने, संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत सूचना देने और उपलब्ध हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। थाना कलवारी की टीम ने ग्राम सिकंदरपुर में महिला अपराध रोकथाम और साइबर सुरक्षा पर विस्तृत जानकारी दी, वहीं थाना दुबौलिया की टीम ने पदमापुर गांव में लोगों से संवाद स्थापित कर मिशन शक्ति के उद्देश्य समझाए। थाना हरैया की टीम ने हरैया बाजार में महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और हेल्पलाइन नंबरों के महत्व पर जागरूकता अभियान चलाया। महिला थाना की मिशन शक्ति टीम ने गांधीनगर, रोडवेज व गायत्री मंदिर क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं को सुरक्षा संबंधी सुझाव, हेल्पलाइन नंबर और साइबर सतर्कता के बारे में विस्तार से बताया। थाना रुधौली की टीम ने ग्राम कुसुम्ही कुंवर में चौपाल लगाकर महिलाओं-बालिकाओं को पम्पलेट वितरित किए और उन्हें साइबर अपराध, महिला संबंधी अपराधों से बचने तथा आपात स्थिति में उपलब्ध सरकारी सहायता के बारे में अवगत कराया। जनपद में एक साथ चले इस व्यापक अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित, जागरूक और आत्मविश्वासी बनाना तथा समाज में सुरक्षा का माहौल मजबूत करना रहा।

# महान शिक्षाविद डॉ. के.एन सिंह का हुआ निधन

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जौनपुर सुईथाकला विकास खण्ड सुईथाकला क्षेत्र के अंतर्गत श्री गांधी स्मारक पीजी कॉलेज के हिन्दी विभाग के पूर्व एचओडी,प्रकांड विद्वान डॉ के एन सिंह अब इस दुनिया से अलविदा कह के लगभग 85 वर्ष की अवस्था में परलोक सिधार गए। वहीं प्रकांड विद्वान साहित्यि कार एवं उनके द्वारा हिंदी जगत में कई पुस्तकों को स्वरचित की रचना किया गया और जो वर्तमान समय में बीए, बीएड के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा अध्ययन किया जा रहा है। वहीं श्री गांधी स्मारक पीजी कॉलेज में प्रोफेसर रहते हुए कई छात्र एवं छात्राओं को पीएचडी डाक्टर की उपाधि से राष्ट्र के निर्माण में शिक्षक के रूप में आशीर्वाद प्रदान करते हुए ज्ञान दिया। इसी क्रम में उनके बड़े सुपुत्र बयालसी इंटर कालेज जलालपुर के प्रधानाचार्य डा शैलेन्द्र सिंह , बीच के सुपुत्र जिला मलेरिया चिकित्सालय अयोध्या के डा धर्मेन्द्र सिंह , सबसे छोटे सुपुत्र उच्च माध्यमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक डॉ शिवेंद्र कुमार सिंह के ऊपर से पिता का साया उठ गया और बड़े सुपुत्र डा शैलेन्द्र सिंह ने मुखाग्नि देते हुए अंतिम संस्कार राज घाट जौनपुर में किया। इसकी सूचना जब उत्तर प्रदेश सरकार के युवा कल्याण विभाग के राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव को हुआ तब अपने गुरू डा के एन सिंह को स्मरण करते हुए उनके आवास पर पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसी क्रम में जनपद जौनपुर के भाजपा पार्टी के जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य राजेन्द्र प्रसाद सिंह, गांधी स्मारक पीजी एवं इंटर कालेज के प्रबंधक हृदय प्रसाद उर्फ रानू सिंह,पूर्व प्रधानाचार्य डॉ रणजित सिंह,प्रबंधक देवेश कुमार सिंह समेत सैकड़ों लोग उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।इसकी सूचना जब क्षेत्र वासियों को हुआ तो क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी।

## एक्सप्रेस खबरें...

### नगर पंचायत कि लापरवाही की वजह से घंटों लगी रही जाम

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जौनपुर मडियाहूं नगर पंचायत में मंगलवार की दोपहर को घंटों जाम लगा रहा। कोतवाली के सामने फंसा एक एंबुलेंस अपनी सायरन बजाता रहा, लेकिन जाम के कारण वह आगे नहीं बढ़ पाया। यह जाम मड़ियाहूं नगर पंचायत में सड़क किनारे और नालियों पर अवैध रूप से ठेला खुमचा लगाने वालों के कारण हुआ था। नगर पंचायत ने एक हफ्ते पहले ही लाउडस्पीकर लगाकर घोषणा की थी कि अवैध कब्जा हटा लें, अन्यथा प्रशासन द्वारा उन्हें हटाया जाएगा और इसका खर्च अतिक्रमणकारियों से वसूला जाएगा। लेकिन अल्टीमेट देने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया। आज मंगलवार की दोपहर मड़ियाहूं कोतवाली से रानीपुर से शिवपुर बाइपास और बेलवा रोड़ और वाराणसी रोड़ पर लगभग एक किलोमीटर दूर तक जाम लगा रहा। जाम खुलवाने के लिए मड़ियाहूं कोतवाली पुलिस व अड्डश्व विभाग के पुलिस जगह जगह लगाए गए थे

### सचिवों ने आदेशों की उड़ाई धज्जियाँ, प्रधानों को किया मालामाल

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर (महोली)।** विकास खण्ड महोली में तैनात सचिवों द्वारा शासनादेशों को ताख़ पर रखकर मनमाने ढंग से भुगतान किए जाने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ग्रामीण विकास कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देशों के बावजूद ब्लॉक स्तर के जिम्मेदार अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त सचिवों को संरक्षण देते नजर आ रहे हैं, जिसके चलते सचिवों के हौसले बुलंद हैं।ताजा मामला ग्राम पंचायत परागपुर ग्रांट का है, जहाँ तैनात सचिव ने प्रधान मीना देवी से मिलीभगत कर ग्राम निधि से नियमविरुद्ध भुगतान किया है। आरोप है कि सचिव ने प्रधान मीना देवी तथा उनके पति खुशीराम के नाम पर बिना किसी कार्य के हजारों रुपये ग्राम निधि से निकालकर सरकारी धन का खुला बंदरबाँट किया।यही नहीं, प्रधान के एक अन्य परिवारीजन जगदीश कुमार के नाम पर भी भुगतान दिखाकर सरकारी धन के दुरुपयोग का गंभीर मामला सामने आया है। ग्रामीणों का कहना है कि सचिव और प्रधान की मिलीभगत से ग्राम पंचायत में विकास कार्य ठप पड़े हैं, जबकि सरकारी धन कागजों पर ही खर्च दिखाया जा रहा है।

### निर्धारित समय के अन्दर प्रकरणों का निस्तारित करे जिला प्रोबेशन अधिकारी: डीएम

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के अंतर्गत पॉक्सो अधिनियम की धारा 4, 6 तथा आईपीसी की धारा 376घ में रेप विक्टिम व दहेज हत्या के मामलों में मृतका के नाबालिग बच्चों को आर्थिक क्षतिपूर्ति प्रदान कराए जाने हेतु जिला स्तर पर गठित जिला संचालन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान एजेण्डा प्रस्तुत करते हुये जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल ने 78 प्रकरण समिति के समक्ष प्रस्तुत किये, जिनके नियमानुसार निस्तारण के संबंध में चर्चा की गयी। ?जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि पुलिस व मेडिकल स्तर पर लंबित प्रकरणों में आवश्यक कार्यवाही करते हुए प्रकरणों को जिला संचालन समिति के स्तर पर अग्रसारित किया जाये। जिला संचालन समिति के स्तर पर लंबित प्रकरणों में कार्यवाही कर निस्तारित हेतु जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया गया। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निस्तारण सुनिश्चित किया जाये।? ?बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल, जिला समाज कल्याण अधिकारी मोती लाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति एवं जिला टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि परिषदीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य कराये जायें। समस्त प्रकार के भुगतान एवं मानदेय का भुगतान समय से सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाये।

# बैगन नही रखने दे रहा हाथ टमाटर दिखा रहा आंख मटर थाली में आने से कर रहा इंकार

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

सब्जियों के भाव में इतने बढ़ गये है कि आम आदमी हरी सब्जियों को नही खरीद पा रहा है गरीब की थाली बीस रूपये किलो बिकने वाला टमाटर इस समय अस्सी रूपये कि ऊपर पहुंचकर गरीब की थाली से कोसो दूर हो चुका है अब गरीब टमाटकर की चटनी और रोटी नही खा पा रहा है। बैगन का भर्दा लोगो की पहली पसन्द हुआ करता है आज बैगन भी अपने चाहने वालों को हाथ नही रखने दे रहा है क्योकि बैंगन का भाव भी सीतापुर की मण्डियों में सौ रूपये से ज्यादा पहुंच चुका है। करेला और भी कड़ुवा हो चुका है अब करेला केवल तावे पर ही देखने को मिल रहा है आम आदमी की पहुंच से दूर जा चुका है आम आदमी इस समय करेला के साथ अरहर की दाल और चावल का मजा नही ले पा रहा है क्योकि करेला इतना थाली में आने के मंहगाई का तीखा पन दिखाने लगा है। गौरतलब हो कि सहालग में सब्जियों की मांग बढ़ने से दाम भी बढ़ गए हैं। एक सप्ताह में टमाटर, बैंगन व मटर का भाव 20 रुपये प्रति किलो तक बढ़ गया है। इससे आम आदमी की रसोई का बजट गड़बड़ा गया है।शहर के बाजार में टमाटर पिछले हफ्ते 60 रुपये किलो बिक रहा था, अब इसका भाव 80 से 85 रुपये किलो पहुंच गया है। बैंगन भी 100 रुपये प्रति किलो से बढ़कर 120 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। सब्जी उत्पादक किसान राम किशोर मौर्य बताते हैं कि गोभी का भाव इस समय गिरता था, अबकी गोभी का भाव भी टूट नहीं रहा है। इसकी वजह सहालग के चलते मांग बढ़ने और बाहर से गोभी की आपूर्ति न होना है।अन्य सब्जियों की आवक भी कम हो रही है। इस कारण एक सप्ताह में टमाटर, बैंगन व मटर आदि के दाम काफी बढ़ गए हैं। नरेश, ननकू मौर्या व रामपाल ने बताया कि करेला के दाम भी 20 रुपये प्रति किलो तक बढ़ गए हैं। सब्जी विक्रेता किशोर ने बताया कि सहालग में सब्जियों की मांग बढ़ने और क्षेत्र में फसल का उत्पादन कम होने के कारण दाम में बढ़ोतरी हो रही है। आलू व गोभी आदि के दाम स्थिर हैं। सहालग भर दाम कम होने की उम्मीद नहीं हैं।

## 70 अधिकारियों का प्रशिक्षण दल सिधौली दौरे पर पहुंचा

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

सिधौली-सीतापुर। गृह मंत्रालय, दिल्ली के राज्य ग्राम विकास संस्थान में एएसओ पद पर चयनित 2024 बैच के 70 अधिकारियों का प्रशिक्षण दल सांयकाल सिधौली दौरे पर पहुंचा। असिस्टेंट डायरेक्टर राजकिशोर एवं फैकल्टी मेम्बर मोहित यादव के नेतृत्व में दल ने प्रशासनिक ढांचे को समझने के उद्देश्य से कोतवाली, उप जिलाधिकारी कार्यालय, तहसीलदार कार्यालय, नायब तहसीलदार कार्यालय तथा अभिलेखागार का विस्तृत निरीक्षण किया। 70अधिकारियों का प्रशिक्षण दल को दौरे के दौरान अधिकारियों को कानून-व्यवस्था नियंत्रण, राजस्व कार्यप्रणाली, अभिलेख प्रबंधन, न्यायालयीन प्रक्रियाओं, लोक शिकायत निस्तारण तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन की जानकारी दी गई। अधिकारी उत्कर्ष गुप्ता और तहसीलदार मुकेश कुमार शर्मा ने प्रशासनिक तंत्र की कार्यशैली पर विस्तृत जानकारी देते हुए अपने व्यावहारिक अनुभव साझा किए।

## जिलाध्यक्ष ने फीताकाटकर किया कार्यालय का उदघाटन

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

तहसील क्षेत्र के ग्राम एवं कस्बा औरंगाबाद में मानवाधिकार एसोसिएशन के तहसील कार्यालय का संगठन के जिला अध्यक्ष ने किया उद्घाटन। सीतापुर-नवम्बरध्जिले में सक्रिय सामाजिक संगठन भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन के मिश्रित तहसील इकाई कार्यालय का उद्घाटन कस्बाध्ग्राम पंचायत औरंगाबाद में बीते रविवार को संगठन के जिलाध्यक्ष संजय शर्मा द्वारा किया गया इस अवसर पर जनपद और तहसील संगठन पदाधिकारियों के साथ ही क्षेत्र के लगभग एक सैकड़ा जन सामान्य के लोग मौजूद रहे। भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन संगठन के मिश्रित तहसील कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित लोगों के मध्य आयोजित विचार गोष्ठी में अपने उदगार व्यक्त करते हुये संगठन के जिला अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा की आम जन सामान्य के सामने विभिन्न प्रकार की समस्याये तमाम विभागों क्रमशः पुलिस,सामान्य प्रशासन, और अनेकों विभागों से सम्बन्धित जैसे विद्युत,जल निगम, शिक्षा, कृषि, सिंचाई, यातायात आदि की आये दिन निरन्तर उत्पन्न होती रहती हैं सम्बन्धित पीड़ित पक्ष के बार-बार फरियाद करने के बावजूद भी उनका समुचित निस्तारण नहीं हो पता है ऐसी ही समस्याओं के पीड़ित व्यक्तियों द्वारा पूरा मामला अगर संगठन के संज्ञान में लाया जाता है तो संगठन के पदाधिकारी सम्बन्धित विभागों के उच्च अधिकारियों के साथ ही शासन प्रशासन के संज्ञान में प्रकरण लाकर पीड़ित व्यक्ति या पक्ष की समस्या जोरदार ढंग से रखते हुये पत्राचार आदि करके उत्पन्न समस्या एवं प्रकरण का समुचित निदान कराया जाएगा।

# डीजे वाहन ने धक्के से रेलवे क्रासिंग का बूम टूटा, तीन घण्टे बाद बना, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर जफराबाद क्षेत्र के नाथुपुर रेलवे क्रासिंग का बूम सोमवार की रात को डीजे वाहन के टक्कर से टूट गया।जिसके चलते काफी दिक्कत हुई। आरपीएफ के जवानों को पहुंचकर वाहनों का आवागमन सुचारु रूप से संचालित कराया। ज्ञात हो जगदीशपुर रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज का काम शुरू हो गया है।जिसके चलते बाइक को छोड़ सभी वाहनों को ऊक्त रेलवे क्रासिंग से निकाला जा रहा है।उस क्रासिंग पर वाहनों का आवागमन बहुत अधिक बढ़ गया है।सोमवार की रात लगभग सात बजे एक डीजे वाहन की टक्कर से ऊक्त बूम टूट गया।गेटमैन ने स्टेशन अधीक्षक सुनील कुमार को सूचना दिया।उन्होंने आरपीएफ के जवानों को वाहनों के संचालन के लिए भिजवाया।उसके अलावा मेंटनेंस विभाग को बूम ठीक करने को कहा।लगभग तीन घण्टे तक आरपीएफ के जवानों ने क्रासिंग पर मौजूद रहकर आवागमन को सुचारु ढंग से संचालित कराया।नौ बजकर 10 मिनट पर बूम ठीक हुआ।स्टेशन अधीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि बूम टूटने से हिमगिरि एक्सप्रेस, सुहेलदेव एक्सप्रेस, सुल्तानपुर पैसेंजर तथा तीन मालगाड़ियों को पांच से पंद्रह मिनट का प्रभाव पड़ा।आरपीएफ चौकी प्रभारी प्रभुनारायण सिंह ने बताया कि बूम तोड़ने वाले डीजे वाहन को चिन्हित कर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।चालक व वाहन को जल्द पकड़ लिया जाएगा।

# बरसठी पुलिस ने आभूषण चोरी के वांछित आरोपी को दबोचा

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जौनपुर थाना बरसठी पुलिस को सोमवार को बड़ी सफलता मिली, जब सोने व चांदी के आभूषण चोरी के मामले में वांछित चल रहे आरोपी दिनेश पुत्र कल्लू वनवासी, निवासी ग्राम पौहर, थाना मछलीशहर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसे बड़ेरी बाजार नहर पुलिया के पास से मुखबिर की सूचना पर दबोचा। थाना बरसठी में पंजीकृत मुकदमा मु0अ0सं0-164/25 में आभूषण चोरी का आरोप दर्ज है, जिसमें बीएनएस की धारा 305(ड्), 331(4) एवं 317(2) में कार्रवाई की जा रही है। पुलिस को लंबे समय से अभियुक्त की तलाश थी। प्रभारी निरीक्षक देवानन्द रजक के नेतृत्व में गठित टीम – उपनिरीक्षक विनोद कुमार चतुर्वेदी तथा हेड कांस्टेबल दिलीप बिन्द – ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपी का चालान माननीय न्यायालय भेज दिया। पुलिस का कहना है कि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अभियान लगातार जारी है। इलाके में सक्रिय ऐसे अन्य अपराधियों की भी तलाश की जा रही है

# घर से 50 मीटर दूर कुएँ में मिला विवाहिता का शव, पति पर हत्या का आरोप




**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर खेतासराय थाना क्षेत्र के एत्मादपुर गांव में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया जब गांव के पास स्थित एक पुराने कुएँ में एक विवाहिता का शव तैरता हुआ मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची और शव को बाहर निकलवाकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा रही। मृतका की पहचान गीता देवी (35) पत्नी सतीश कुमार यादव के रूप में हुई है। उनका शव घर से लगभग 50 मीटर दूर स्थित कुएँ में मिला। परिजनों ने आरोप लगाया कि गीता देवी की हत्या कर शव को कुएँ में फेंका गया है। मृतका के तीन बेटे–अंशु यादव (19), प्रांजल यादव (16) और श्रेयांश यादव (13)–ने मां की मौत पर गहरा संदेह जताया है। 16 वर्षीय प्रांजल ने आरोप लगाया कि उसके पिता का गांव की एक महिला से अवैध संबंध था, जिसे लेकर घर में अक्सर झगड़े होते रहते थे। प्रांजल के अनुसार सोमवार रात विवाद इतना बढ़ गया कि मां ने बाहर से बच्चों का कमरा बंद कर दिया था। बच्चे खाना खाकर सो गए और सुबह जब दरवाज़ा खुला तो उनकी मां घर में नहीं थीं। तलाश करने पर पता चला कि उनका शव कुएँ में तैर रहा है।

### गांव की महिला से संबंध होने का आरोप

परिवार का कहना है कि सतीश कुमार यादव का गांव की महिला इन्द्रकला पासवान से प्रेम संबंध था, जिसके कारण पति–पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। पुलिस ने इन्द्रकला पासवान को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है

## श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की बैठक में पत्रकार हितों पर चर्चा




**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

श्रमजीवी पत्रकार यूनियन उत्तर प्रदेश के बस्ती शाखा के पदाधिकारियों और सदस्यों की मासिक बैठक मंगलवार को प्रेस क्लब सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में पत्रकारों की समस्याओं के समाधान और परस्पर सहयोग पर विचार किया गया। जिलाध्यक्ष डा. वी0के0 वर्मा के ने कहा कि पत्रकारिता के अपने दायित्व हैं, पत्रकारों को इस भूमिका पर खरा उतरना होगा। वे इस क्षेत्र की पवित्रता और विश्वास को बचाये बनाये रखने में योगदान दें। कहा कि उनका प्रयास होगा कि पत्रकारों की समस्याओं का प्रमुखता से समाधान कराया जाय। कहा कि पत्रकारों का दायित्व विशेष महत्वपूर्ण है। उन्होने यूनियन की सदस्यता बढाये जाने पर जोर दिया। बैठक में महामंत्री राकेश गिरी, अमर सोनी, अजय कुमार श्रीवास्तव, वशिष्ठ पाण्डेय, कपीश मिश्रा, अनिल पाण्डेय, रितिक कुमार, आनंद कुमार, राकेश त्रिपाठी, बबलू खान, राजेश कुमार पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण का समय बढाये चुनाव आयोग: विश्वनाथ चौधरी

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

कांग्रेस मतदाता सूची पुनरीक्षण 'एस.आई.आर.' की विरोधी नही है किन्तु इसे जल्दबाजी में नहीं किया जाना चाहिये। यह विचार मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी ने व्यक्त किया। वे कांग्रेस कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। पत्रकारों के सवालों का उत्तर देते हुये विश्वनाथ चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं ऐसे में बी.एल.ओ. को पूरा समय दिया जाना चाहिये किन्तु न जाने किस मंशा से चुनाव आयोग ने केवल एक माह का समय दिया है। बी.एल.ओ. तनाव और दबाव में काम कर रहे हैं। ऐसे में चुनाव आयोग समय बढाये जिससे पारदर्शी मतदाता सूची बन सके। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता देवेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण 'एसआईआर.' को लेकर चुनाव आयोग की नीयत साफ नहीं है। वह सत्तारूढ भारतीय जनता पार्टी को लाभ पहुंचाने की मंशा से काम कर रही है। यह स्वस्थ लोकतंत्र के लिये शुभ लक्षण नहीं है। चुनाव आयोग का लक्ष्य निष्पक्ष, पारदर्शी मतदाता सूची होना चाहिये जो एक माह में संभव नही है। कहा कि चुनाव आयोग तत्काल प्रभाव से समय बढाये। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से संदीप श्रीवास्तव, डा. वाहिद सिद्दीकी, अलीम अख्तर, वृजेश आर्य, विजय श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# पैसे के लेनदेन को लेकर मुंबई से घर आ रहे युवक की गोली मारकर हत्या, लाश झाड़ियों में छिपाया

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर सिकरारा थाना क्षेत्र में स्थित बरगुदर पुल के पास मंगलवार को बीते सात दिन पहले मुंबई से अपने घर आ रहे लापता युवक की झाड़ियों में लाश बरामद हुई है। इस मामले में पुलिस ने पैसे के लेनदेन को लेकर गोली मारकर हत्या करने का खुलासा किया है। युवक सात दिन पहले मुंबई से अपने घर लौट रहा था। मछलीशहर थाना क्षेत्र के छाछो चकमुबारकपुर गांव निवासी रमाकांत यादव बीते 18 नवंबर को मुंबई से कामायनी एक्सप्रेस ट्रेन से अपने घर के लिए निकला था। बीते पांच दिनों बाद जब युवक नहीं लौटा तो उसकी पत्नी रेखा यादव मछलीशहर थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मेरे पति रामकान्त यादव मुम्बई से जौनपुर के लिए निकले थे लेकिन अभी तक वापस नहीं आये है। मृतक युवक की पत्नी ने बताया कि प्रयागराज पहुँचने के पश्चात उन्होनें अपने साथी अशोक कुमार यादव से गाड़ी मंगवाई थी व उनके साथ ही वापस लौटने वाले थे। इस मामले में पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर कर जांच में जुट गई थी। मंगलवार के दिन सिकरारा थाना क्षेत्र के बरगुदर पुल के पास झाड़ियों में उसी युवक की चोटिल हालत में लाश मिलते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के दौरान अशोक कुमार यादव से पूछताछ की तो उसने बताया गया कि रमाकान्त यादव और उसके साथ उसने पूर्व में मारपीट किया था। आरोपी ने बताया कि उसके साथ पैसे का लेन देन था, इसी कारण उसने जौनपुर लौटते समय रमाकान्त यादव की सिकरारा क्षेत्र के समाधगंज के पास गोली मारकर हत्या कर दी और उसकी लाश को झाड़ियों में छिपा दिया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आलाकत्ल की बरामदगी की। युवक की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गोली मारकर हत्या करने वाला और कोई नहीं बल्की युवक दोस्त ही था

# पूर्व विधायक ने किया असहाय व्यक्तियों में कंबल का वितरण

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर थानागद्दी चंदवक क्षेत्र के ग्राम सभा गोबरा में महाराष्ट्र के व्यवसाई ब्रह्मनारायण मिश्रा पप्पू के द्वारा आयोजित गरीब और असहाय 1,000 से अधिक व्यक्तियों को कंबल वितरित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया था, उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर केराकत विधानसभा के पूर्व विधायक दिनेश चौधरी उपस्थित रहे, पूर्व विधायक दिनेश चौधरी ने गरीब व्यक्तियों को कंबल वितरित कर ब्रह्मनारायण मिश्र पप्पू के द्वारा किए जा रहे इस समाज सेवा के सराहनीय कार्य की प्रशंसा भी की। पूर्व विधायक ने कहा कि ईश्वर अगर आपको सामर्थ्यवान बनाएं तो आप दूसरों की मदद करिए,दूसरों की पीड़ा को पीड़ा समझेंगे और दूसरे का दुख दर्द बाटेंगे तो यही सही मायने में



इंसानियत और सही मायने में आपके सामर्थ्यवान होने का प्रतीक भी होगा। ग्रामवासियों/क्षेत्रवासियों ने समाजसेवी पप्पू मिश्रा के द्वारा किए जा रहे इस कार्य का खूब प्रशंसा किया,समाजसेवी पप्पू मिश्रा और उनके सुपुत्र रोहित मिश्रा से बात करने पर उन्होंने बताया कि मैं प्रत्येक वर्ष ऐसा कार्यक्रम करता रहता हूं,लोगों की निस्वार्थ सेवा ही मेरे जीवन का अब उद्देश्य बन गया है और आगे भी मेरे द्वारा ऐसे कार्यक्रम गरीब असहाय व्यक्तियों की सेवा के लिए होता रहेगा। उक्त अवसर पर भाजपा, थानागद्दी मंडल के अध्यक्ष योगेश मिश्रा,अशोक मिश्रा, सच्चिदानंद मिश्रा,युवा मोर्चा के जिला मंत्री गौतम मिश्रा गोलू, आत्मा पाठक, हेमनाथ पाठक,चौहरजा पाठक एवं ग्राम के प्रधान प्रकाश शर्मा सहित सैकड़ो गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## लेमन ने पेश किया 'पावर एसआईपी'

एजेंसी

**नई दिल्ली।** शेयर व्यापार एवं निवेश प्लेटफॉर्म लेमन ने शेयर बाजार निवेशकों के लिए 'पावर एसआईपी' समेत कई उत्पाद पेश किये। कंपनी ने बताया कि 'पावर एसआईपी' पारंपरिक निवेश में आधुनिक दृष्टिकोण जोड़ते हुए व्यवस्थित निवेश योजनाओं (एसआईपी) में ज्यादा रिटर्न के लिए तैयार किया गया है। पारंपरिक एसआईपी में केवल निश्चित अंतराल पर तय राशि निवेश करने का प्रावधान होता है, जबकि पावर एसआईपी निवेशकों को लीवरेज का उपयोग करके बीच में भी अतिरिक्त निवेश करने की अनुमति देता है, जिससे समय के साथ निवेश पर संभावित रिटर्न बढ़ सकता है। प्लेटफॉर्म 10.95 प्रतिशत का प्रतिस्पर्धी और अपेक्षाकृत कम मार्जिन ट्रेडिंग फ़ैसिलिटी (एमटीएफ) रेट प्रदान करता है, जिससे निवेशकों को कम लागत पर अधिक लचीलापन मिलता है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि पावर एसआईपी में लीवरेज का उपयोग शामिल होता है, जिससे मार्जिन ट्रेडिंग जैसी बाजार जोखिम की स्थितियां पैदा हो सकती हैं। इसलिए इस सुविधा को चुनते समय निवेशकों को सावधानी और समझदारी बरतनी चाहिए। लेमन के प्रमुख देवम सरदाना ने कहा, 'हम निवेश को सरल, ट्रेडिंग को तेज और सभी के लिए संपत्ति सृजन को अधिक कुशल बनाना चाहते हैं। ये सुविधाएं पारंपरिक निवेश और आधुनिक ट्रेडिंग के सर्वश्रेष्ठ पहलुओं को एक साथ लाती हैं।

## ऐतिहासिक गिरावट से उबरा रुपया, 50 पैसे मजबूत

**मुंबई।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 50.50 पैसे की मजबूती के साथ 89.16 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। भारतीय मुद्रा पिछले कारोबारी दिवस पर 21 नवंबर को 98 पैसे लुढ़ककर 89.6650 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। यह पहला अवसर था जब एक डॉलर 89 रुपये से अधिक का बोला गया था। रुपये में आज शुरू से ही तेजी रही। यह 20.50 पैसे की बढ़त में 89.46 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। इसमें दिन के दौरान काफी उतार-चढ़ाव देखा गया। यह नीचे 89.50 रुपये प्रति डॉलर और ऊपर 89.05 रुपये प्रति डॉलर तक गया। दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर सूचकांक आज 0.10 प्रतिशत कमजोर हुआ, लेकिन यह अब भी 100 के ऊपर बना हुआ है। साथ ही, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में रही नरमी से भी रुपये को समर्थन मिला।





## जम्मू कश्मीर में पहली बार चूना पत्थर के सात ब्लॉक की नीलामी होगी

**नई दिल्ली।** जम्मू और कश्मीर में पहली बार चूना पत्थर के कुल सात ब्लॉक की नीलामी की जाएगी। खान मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा, ' यह केंद्र शासित प्रदेश में खनन ब्लॉक की पहली नीलामी भी है, जो पारदर्शिता, प्रतिस्पर्धात्मकता और खनिज क्षेत्र में सतत विकास की दिशा में बदलाव को दर्शाती है। ' इन खनिज भंडारों को जी3 और जी4 अन्वेषण चरणों के तहत वर्गीकृत किया गया है। खान मंत्रालय ने कहा, 'जम्मू-कश्मीर में चूना पत्थर खनिज खंडों की यह पहली नीलामी 24 नवंबर 2025 को जम्मू में औपचारिक रूप से शुरू होगी। ' इस कार्यक्रम का नेतृत्व केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी करेंगे।

## गडकरी ने कृषि विकास के लिए 'किसान उत्पादक कंपनियों' की वकालत की

**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने किसानों की प्रगति के लिए किसान उत्पादक कंपनियों की आवश्यकता पर जोर दिया। किसान उत्पादक संगठन पर आयोजित एक कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि किसानों की सभी समस्याओं को जिले के कमिश्नरेट स्तर पर किसान उत्पादक कंपनी के माध्यम से हल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'किसानों की प्रगति और विकास के लिए हमें किसान उत्पादक कंपनियों का एक शीर्ष संगठन बनाना होगा। इन कंपनियों के माध्यम से किसान कृषि उपकरण, ट्रैक्टर, हार्वेस्टर आदि का सामूहिक उपयोग कर सकेंगे और कर्ज चुकाना भी आसान हो जाएगा। ' उन्होंने कहा कि खेती की लागत कम करना और पैदावार बढ़ाना सबसे जरूरी है। गडकरी ने कहा, 'इसी से किसान समृद्ध और खुशहाल बनेंगे। ' साथ ही उन्होंने उत्पादन बढ़ाने के लिए तकनीक और कृत्रिम मेधा (एआई) के उपयोग पर विशेष बल दिया। यह कार्यशाला एग्रो विजन द्वारा आयोजित की गई थी।



# सुदीप फार्मा लिमिटेड का आईपीओ दूसरे दिन 5.09 गुना हुआ सब्सक्राइब

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुदीप फार्मा लिमिटेड की आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के दूसरे दिन 5.09 गुना अभिदान प्राप्त हुआ। सुदीप फार्मा लिमिटेड के आईपीओ को प्रस्ताव पर 1,05,64,926 शेयरों के मुकाबले 5,37,83,650 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के आंकड़ों के अनुसार एनएसई पर मौजूद डेटा के मुताबिक गैर-संस्थागत निवेशकों की श्रेणी को 12 गुना अभिदान मिला, जबकि खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों (आरआईआई) के कोटा को 4.96 गुना अभिदान मिला। क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) हिस्से को 13 फीसदी सब्सक्रिप्शन मिला है। सुदीप फार्मा लिमिटेड का




यह इश्यू सब्सक्रिप्शन के लिए 21 नवंबर को लांच हुआ, जो 25 नवंबर को बंद होगा। आईपीओ खुलने से एक दिन पहले कंपनी ने एंकर निवेशकों से 268.5 करोड़ रुपये जुटाए थे। सुदीप फार्मा लिमिटेड ने 895 करोड़ रुपये की अपने आईपीओ के लिए मूल्य का दायरा 563-593 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी के मुताबिक निवेशक इसमें न्यूनतम 25 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 25 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते हैं। सुदीप फार्मा लिमिटेड एक टेक्नोलॉजी-ड्रिवन कंपनी है, जो एक्सीपियंट्स और स्पेशलिटी इंग्रेडिएंट्स का निर्माण करती है। इन उत्पादों का इस्तेमाल दवा उद्योग, खाद्य उद्योग और न्यूट्रिशन सेक्टर में किया जाता है। यह कंपनी पूरी तरह इन-हाउस टेक्नोलॉजी पर काम करती है, जिसमें एनकैप्सुलेशन, स्प्रे ड्राइंग, ग्रेन्यूलेशन, ब्लेंडिंग और लिपोसोमल प्रिपरेशन जैसी एडवांस प्रक्रियाएं शामिल हैं। कंपनी की पहुंच 100 से ज्यादा देशों में है।

## अकासा एयर फरवरी से डिब्रूगढ़ के लिए शुरू करेगी उड़ान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नवोदित विमान सेवा कंपनी अकासा एयर ने अपने नेटवर्क का विस्तार करते हुए अगले साल फरवरी से असम के डिब्रूगढ़ के लिए उड़ान शुरू करने की घोषणा की है। एयरलाइंस ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वह 01 फरवरी 2026 से पश्चिम बंगाल के बागडोगरा से डिब्रूगढ़ के लिए सीधी उड़ान शुरू करेगी जबकि बेंगलुरु से बागडोगरा के रास्ते डिब्रूगढ़ के लिए उड़ान उपलब्ध होगी। यह उड़ान सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को उपलब्ध होगी।



उड़ान संख्या क्यूपी 1850 सुबह 5:25 बजे बेंगलुरु से रवाना होगी और 8:20 पर बागडोगरा पहुंचेगी। वहां से 8:55 पर यह डिब्रूगढ़ के लिए उड़ान भरेगी। वापसी में उड़ान संख्या क्यूपी 1851 डिब्रूगढ़ से 11:15 बजे रवाना होगी और दोपहर बाद 12:45 बजे बागडोगरा पहुंचेगी। वहां से दोपहर बाद 1:20 बजे उड़ान भरकर शाम 4:25 बजे बेंगलुरु उतरेगी। डिब्रूगढ़ अकासा के नेटवर्क में शामिल होने वाला 26वां घरेलू शहर होगा। इसके अलावा एयरलाइंस छह अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों के लिए भी सेवा देती है।अकासा एयर के सह-संस्थापक एवं मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी प्रवीण अय्यर ने कहा कि भारत के लिए असम और अन्य पूर्वोत्तर राज्य आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से काफी महत्वपूर्ण हैं। इस क्षेत्र के विकास के लिए बेहतर संपर्क साधन जरूरी हैं।

## भारत ने विश्व कौशल एशिया प्रतियोगिता 2025 के लिए 23 सदस्यीय दल को दिखाई हरी झंडी

**नई दिल्ली।** भारत ने चीनी ताइपे में 27-29 नवंबर 2025 तक आयोजित होने वाली विश्व कौशल एशिया प्रतियोगिता (डब्ल्यूएसएसी) 2025 के लिए 23 सदस्यीय दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के मुताबिक केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर समारोह में एमएसडीई की सचिव देबाश्री मुखर्जी, वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार ज्ञान भूषण, एमएसडीई और अनुभवी अभिनेता सुदेश बेरी भी शामिल हुईं, जिन्होंने प्रेरक संदेशों के साथ प्रतियोगियों को प्रोत्साहित किया। एमएसडीई ने कहा कि यह पहली बार है जब भारत वर्ल्ड स्किल्स एशिया प्लेटफॉर्म में हिस्सा ले रहा है, जिससे यह इवेंट देश की ग्लोबल स्किल्स जर्नी के लिए एक अहम पड़ाव बन गया है। चीनी ताइपे में 27-29 नवंबर 2025 तक आयोजित होने वाली विश्व कौशल एशिया




प्रतियोगिता (डब्ल्यूएसएसी) 2025 में भारती दल के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह वर्ष प्रतिष्ठित महाद्वीपीय कौशल मंच पर भारत की शुरुआत का प्रतीक है, जो इसे देश की वैश्विक कौशल यात्रा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि बनाता है।

मंत्रालय के मुताबिक विश्व कौशल एशिया प्रतियोगिता-2025 में भारत की भागीदारी, कौशल भारत मिशन के तहत वैश्विक मानकों, अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्किंग और विश्व स्तरीय तकनीकी शिक्षा के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। इसमें एनएसडीसी कार्यान्वयन, प्रशिक्षण डिजाइन, विशेषज्ञ संलग्नता और प्रतिस्पर्धी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## अफगानिस्तान ने सोने के खनन एवं विभिन्न क्षेत्रों में भारत से निवेश का आह्वान किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान ने आर्थिक सहयोग को गहरा करने और स्थानीय रोजगार को बढ़ाने के प्रयासों के तहत भारत को अपने लंबे समय से निष्क्रिय खदानों पर खनन का प्रस्ताव दिया है। अफगानिस्तान के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री अलहाज नूरुद्दीन अजीजी ने विभिन्न क्षेत्रों में निवेश का आह्वान किया है। अफगानिस्तान के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री अलहाज नूरुद्दीन अजीजी ने भारतीय उद्योग संगठन एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) के राजधानी नई दिल्ली में आयोजित एक परिचर्चा सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने भारतीय कंपनियों को निवेश के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने सोने के खनन में निवेश करने वाली कंपनियों को 5 साल की टैक्स छूट देने का प्रस्ताव रखा है। उद्योग मंडल 'एसोचैम' की ओर से आयोजित परिचर्चा सत्र को संबोधित करते हुए अजीजी ने कहा कि पाकिस्तान के साथ तनाव व्यापार में बाधा उत्पन्न कर रहा है। अफगानिस्तान के वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने एसोचैम के साथ एक बैठक की। उन्होंने कहा कि इस दौरे का मकसद भारत के साथ द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग और भारत के साथ ऐतिहासिक संबंध को बढ़ाना है। हम भारत के साथ अपने रिश्तों को और बेहतर बनाना चाहते हैं।

मंत्री ने कहा कि अफगानिस्तान में अपार संभावनाएं मौजूद हैं। आपको अधिक प्रतिस्पर्धी भी नहीं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि आपको शुल्क सहायता भी मिलेगी और




हम आपको जमीन भी दे सकेंगे। उन्होंने कहा कि अगर भारतीय कंपनियां निवेश के लिए मशीनरी आयात करती हैं तो अफगानिस्तान केवल एक फीसदी शुल्क लगाएगा। अजीजी ने कहा कि शर्त यह है कि हम उम्मीद करेंगे कि इसका प्रसंस्करण देश में ही हो ताकि रोजगार उत्पन्न हो सकें।

# लाल निशान पर बंद हुआ घरेलू शेयर बाजार, सेंसेक्स 331 अंक तक टूटा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र के दौरान गिरावट दर्ज हुई और दोनों प्रमुख सूचकांक लाल निशान पर बंद हुए। सतर्क निवेशकों की अंतिम समय में बिकवाली और किसी ठोस संकेतक के अभाव में बीएसई का सेंसेक्स 331 अंक के नुकसान में रहा, जबकि एनएसई का निफ्टी 26,000 अंक के नीचे आ गया।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स शुरुआती बढ़त गंवाते हुए 331.21 अंक यानी 0.39 फीसदी टूटकर 84,900.71 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 521.81 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 108.65 अंक यानी 0.42 फीसदी फिसलकर 25,959.50 के स्तर पर बंद हुआ है। शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांकों की शुरुआत आज बढ़त



में हुई थी, लेकिन दोपहर बाद बिकवाली बढ़ने से ये लाल निशान में चले गए और गिरावट से उबर नहीं सके। आईटी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में गिरावट ज्यादा रही। एनएसई में रियल्टी, धातु, रसायन और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों पर सबसे अधिक दबाव रहा।

कारोबार के अंत में सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 शेयर में गिरावट रही है। सबसे ज्यादा 3 फीसदी गिरावट बीईएल में रही। टाटा स्टील का शेयर 1.61 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1.59 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट का 1.18 फीसदी, ट्रेंट का 1.16 फीसदी, बजाज फिनसर्व का 1.14 फीसदी, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 1.10 फीसदी, बजाज फाइनेंस का 1.09 फीसदी और आईटीसी का शेयर 1.03 फीसदी टूट गया। इसके अलावा इंफोसिस, एशियन पेंट्स, अडानी पोर्ट्स और सन फार्मा के शेयरों में गिरावट रही। पिछले हफ्ते आखिरी कारोबारी दिन भी शेयर बाजार गिरावट के साथ लाल निशान पर बंद हुआ था। सेंसेक्स 400.76 अंक यानी 0.47 फीसदी लुढ़ककर 85,231.92 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई का निफ्टी 124.00 अंक यानी 0.47 अंक फिसल कर 26,068.15 के स्तर पर बंद हुआ था।

## चावल, चीनी, दालों में तेजी; खाद्य तेलों में घट-बढ़

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली थोक जिंस बाजार में उठाव अच्छा रहने से चावल के भाव बढ़ गये। चीनी और दालों में भी तेजी रही जबकि गेहूं की कीमत लगभग गत दिवस के स्तर पर ही रही। वहीं, खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 121 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। गेहूं भी टिकाव रहा। आटे की कीमत 17 रुपये फिसल गयी। आपूर्ति कम रहने से दालों के दाम बढ़ गये। उड़द दाल की औसत कीमत 50 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मसूर दाल 106 रुपये और तुअर दाल 233 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मूंग दाल की कीमत 140 रुपये और चना दाल की 138 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी।



विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा 14 रिंगिट फिसलकर 4,055 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। अमेरिकी सोया तेल का जनवरी वायदा भी 0.69 प्रतिशत टूटकर 50.25 डॉलर बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल और पाम ऑयल औसतन 45-45 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गये। सोया तेल के भाव 17 रुपये और सूरजमुखी तेल का 122 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा। वनस्पति 214 रुपये और मूंगफली तेल में 78 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आवक कम रहने से आज गुड़ औसतन 81 रुपये और चीनी 78 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

# एसएंडपी ने 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा भारत का वृद्धि अनुमान

**नयी दिल्ली।** साख निर्धारक एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर का अनुमान 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा है।

एसएंडपी ग्लोबल ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए साल 2026 की पहली तिमाही के आर्थिक परिदृश्य पर रविवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर साल 2026 में 6.7 प्रतिशत और साल 2027 में सात प्रतिशत रहेगी, हालांकि साल 2028 में यह घटकर 6.8 प्रतिशत रह जायेगी। इसमें चीन की विकास दर इस साल 4.8 प्रतिशत और अगले साल 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है। एसएंडपी ग्लोबल ने कहा है कि दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था साल




2027 और 2028 में 4.3 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। उल्लेखनीय है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर इस साल अप्रैल-जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत रही थी जबकि जुलाई-सितंबर तिमाही के आंकड़े इसी महीने के अंत में जारी होंगे।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर आयात शुल्क के प्रभाव के बावजूद घरेलू उपभोग के दम पर आर्थिक विकास मजबूत बना रहेगा। इसमें कहा गया है कि अमेरिका में भारी आयात शुल्क के कारण निर्यात प्रधान विनिर्माण का विस्तार प्रभावित हो रहा है। यदि अमेरिका के साथ भारत का व्यापार समझौता हो जाता है तो अनिश्चितता समाप्त होगी और विश्वास बढ़ेगा। इससे श्रम प्रधान क्षेत्रों को गति मिलेगी।


एसएंडपी ग्लोबल ने कहा है कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में हाल में की गयी कटौती से मध्यम वर्ग के उपभोग को बढ़ावा मिलेगा जिससे करों और नीतिगत ब्याज दरों में इस साल की गयी कटौती के राजस्व नुकसान की भरपाई हो सकेगी।

## गुरुग्राम में खुला टाटा स्टारबक्स का 500वां स्टोर, स्थानीय कारीगरों ने तैयार की डिजाइन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** टाटा स्टारबक्स ने भारत में अपने 500वें स्टोर का उद्घाटन किया है। ये नया स्टारबक्स रिजर्व स्टोर हरियाणा के गुरुग्राम में खुला है। इसे स्थानीय कारीगरों की कलाकृतियों, टेक्सचर और डिजाइन से तैयार किया गया है, जो भारत की समृद्ध कॉफी विरासत को दर्शाता है।

गुरुग्राम स्थित नया स्टारबक्स रिजर्व स्टोर भारत का दूसरा रिजर्व स्टोर है और स्टारबक्स की कॉफी विशेषज्ञता तथा डिजाइन फिलॉसफी को दर्शाता है, जहां क्राफ्ट, संस्कृति और स्थानीय कला मिलकर कॉफी को एक शानदार अनुभव में बदल देते हैं। इस स्टोर में स्थानीय कलाकारों द्वारा तैयार किए गए टेक्सचर और आर्टवर्क भारत की कॉफी उत्पादन विरासत को जीवंत रूप में प्रस्तुत करते हैं। यह स्थान मेहमानों को कॉफी की कला और



विज्ञान को गहराई से समझने का अवसर देता है, जहां स्टारबक्स की दुनियाभर से लाई गई रेयर और स्मॉल-लॉट कॉफी को सिफोन, पोर-ओवर और केमेक्स जैसे एडवांस्ड ब्रूइंग तरीकों से परोसा जाता है।

टाटा स्टारबक्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुशांत दाश ने कहा कि यह माइलस्टोन भारत की विकसित हो रही कॉफी संस्कृति को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि '500 वेज टू बिलॉन्ग' कैंपेन उन समुदायों को समर्पित है, जिन्होंने स्टारबक्स को अपनाया। हर स्टोर, हर पार्टनर और हर ग्राहक ने तय किया है कि भारत कॉफी के जरिए कैसे जुड़ता है। दाश ने कहा गुरुग्राम में 500वें स्टारबक्स रिजर्व स्टोर का उद्घाटन हमारे इस वादे को और मजबूत करता है कि हम कप और बातचीत के माध्यम से लोगों को जोड़ने वाले अनुभव बनाते रहेंगे।

## राइट्स साउथ अफ्रीका को चालू हालत के डीजल लोकोमोटिव का निर्यात करेगी: सीएमडी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय के तहत आने वाली कंपनी राइट्स लिमिटेड पहली बार चालू हालत के डीजल लोकोमोटिव का निर्यात करेगी। पहली खेप दक्षिण अफ्रीका जाएगी। राइट्स के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक राहुल मिथल ने बताया कि भारतीय रेल अब लगभग पूरी तरह विद्युतीकृत हो चुकी है। इसलिए 15 साल से अधिक शेष आयु वाले चालू हालत के डीजल लोकोमोटिव को विदेश निर्यात करने का फैसला किया गया है।

कंपनी ने दक्षिण अफ्रीका से 18 चालू हालत के डीजल लोकोमोटिव के निर्यात का ऑर्डर हासिल किया है। इनमें दक्षिण अफ्रीकी रेलवे की जरूरतों के अनुसार बदलाव किए जा रहे हैं।

अब तक राइट्स केवल नई लोकोमोटिव ही निर्यात करती रही है, लेकिन चालू हालत के लोकोमोटिव का निर्यात पहली बार हो रहा है। दक्षिण अफ्रीका में केप गेज (1,067 मिमी) और भारत में ब्रॉड गेज (1,676 मिमी) होने के बावजूद जरूरी तकनीकी संशोधनों के बाद ये लोकोमोटिव पूरी तरह उपयुक्त हो जाएंगे। राहुल मिथल ने कहा, 'वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही तक पहली चालू हालत की संशोधित डीजल लोकोमोटिव की आपूर्ति कर दी जाएगी। हमें उम्मीद है कि गुणवत्ता देखकर दक्षिण अफ्रीका के पड़ोसी देशों से भी ऐसे ऑर्डर मिलेंगे।

# फेड की संभावित दर कटौती की उम्मीदों से सर्राफा बाजार गुलजार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक रुख के बीच वायदा कारोबार में मंगलवार को सोने की कीमत 1,458 रुपये की तेजी के साथ 1,25,312 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से अगले महीने ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद बढ़ गई है।

**एमसीएक्स पर बढ़े सोने के दाम**

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में दिसंबर डिलीवरी के लिए सोना वायदा भाव 1,458 रुपये या 1.18 प्रतिशत बढ़कर 1,25,312 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया जिसमें 8,599 लॉट के लिए कारोबार हुआ।

**एमसीएक्स पर चांदी की हाल**

चांदी वायदा में भी खरीदारी देखी गई। दिसंबर डिलीवरी के लिए चांदी का भाव 2,583 रुपये या 1.67 प्रतिशत बढ़कर 1,57,065 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया जिसमें 9,492 लॉट के लिए कारोबार हुआ।

**वैश्विक बाजारों में बढ़े सोने-चांदी के दाम**

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, दिसंबर डिलीवरी के लिए कॉमेक्स सोना वायदा 47.8 डॉलर या 1.17 प्रतिशत बढ़कर 4,142 डॉलर प्रति औंस हो गया, जो लगातार तीसरे दिन की बढ़त को दर्शाता है। इस बीच, विदेशी कारोबार में दिसंबर



डिलीवरी के लिए कॉमेक्स चांदी वायदा 1.94 प्रतिशत बढ़कर 51.30 डॉलर प्रति औंस हो गया।

**अगले महीने ब्याज दरों की कटौती की उम्मीदें बढ़ी**

रिलायंस सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक जिगर त्रिवेदी ने कहा कि सोने की कीमतें मंगलवार को बढ़कर 4,140 डॉलर प्रति औंस के आसपास पहुंच गईं। यह पिछले सत्र की बढ़त को दर्शाती हैं, क्योंकि फेड के नरम रुख के संकेतों के बाद अगले महीने ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें और बढ़ गई हैं। त्रिवेदी ने कहा कि व्यापारी अब दिसंबर में 25 आधार अंकों की कटौती की 81 प्रतिशत संभावना बता रहे हैं, जो एक सप्ताह पहले के 40 प्रतिशत से काफी अधिक है।

**संभावित रूस-यूक्रेन शांति समझौता सुरक्षित निवेश में बढ़त को कर रहा सीमित**

मेहता इक्विटीज लिमिटेड के कमोडिटीज के उपाध्यक्ष राहुल कलंत्री ने कहा कि डॉलर सूचकांक स्थिर है और 100 अंक से ऊपर चल रहा है, जबकि संभावित रूस-यूक्रेन शांति समझौते को लेकर आशावाद सोने और चांदी में बढ़त को सीमित कर रहा है।

**निवेशकों को है अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों का इंतजार**

रिलायंस सिक्योरिटीज के त्रिवेदी ने कहा कि निवेशक सर्राफा कीमतों पर आगे की दिशा जानने के लिए प्रमुख अमेरिकी आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सितंबर के खुदरा बिक्री और उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआई) के आंकड़े, जो आज बाद में जारी होंगे, साथ ही बुधवार को साप्ताहिक बेरोजगारी दावों से अमेरिकी अर्थव्यवस्था की सेहत और फेड की मौद्रिक नीति के संभावित रुख के बारे में और संकेत मिलेंगे।

## पीएम ने शहीदी दिवस पर सिक्का जारी किया, कुरुक्षेत्र में बोले

# नया भारत न डरता है, न रुकता है

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कुरुक्षेत्र**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 नवंबर को हरियाणा के दौरे पर ज्योतिसर अनुभव केंद्र का लोकार्पण और पाञ्चजन्य शंख स्मारक का शुभारंभ किया। इसके बाद पीएम श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर हो रहे समागम में पहुंचे। उन्होंने श्री गुरु तेग बहादुर जी को समर्पित किताब का विमोचन किया और सिक्का भी रिलीज किया। पीएम ने संबोधित करते हुए कहा, गुरु तेग बहादुर जी भी सत्य और न्याय को अपना धर्म माना और इसकी रक्षा के लिए अपने प्राण तक दे दिए।जब नौंवी पातशाही गुरु तेग बहादुर यहां आए, तो उन्होंने यहां अपनी साहसिक छाप छोड़ी। हम न किसी को डराते हैं, न किसी से डरते हैं। यही मंत्र गुरुओं ने दिया। हम शांति चाहते हैं, लेकिन अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करते। ऑपरेशन सिंदूर इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। ये पूरे विश्व ने देखा है। नया भारत न डरता है, न रुकता है, आज भारत पूरी शक्ति के साथ आगे बढ़ रहा है। अब प्रधानमंत्री इंटरनेशनल गीता जयंती महोत्सव में शामिल होंगे। साथ ही ब्रह्मसरोवर पर संध्याकालीन आरती में हिस्सा लेंगे।



### धर्म के तिलक के लिए गुरुजी ने सबकुछ न्योछावर किया

पीएम मोदी ने कहा– हम सब जानते हैं कि उनके शहीद होने से पहले मुगलों ने कश्मीरी हिंदुओं का जबरन धर्मांतरण किया। इस संकट के बीच पीड़ितों के एक दल ने गुरु साहब से सहयोग मांगा। तब गुरु साहब ने जवाब दिया था कि औरंगजेब को साफ–साफ कह दें कि यदि गुरु इस्लाम स्वीकार कर लेंगे तो हम सब भी इस्लाम स्वीकार कर लेंगे। इसके बाद जिसकी आशंका थी, वही हुआ। उस क्रूर औरंगजेब ने वही क्रूर आदेश दिया। उसने गुरु को लालच भी दिया, लेकिन उन्होंने धर्म के साथ समझौता नहीं किया। उसने गुरु साहब को पथ से डिगाने के लिए उनके तीन साथियों की निर्ममता से हत्या कर दी, लेकिन गुरु साहब अटल रहे, उन्होंने धर्म का रास्ता नहीं छोड़ा। उन्होंने अपना शीश धर्म की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने गुरु महाराज के शीश को अपमानित करने का प्रयास किया, लेकिन भाई ने अपने पराक्रम के दम पर उनके शीश को आनंदपुर साहिब पहुंचाया। धर्म का तिलक सुरक्षित रहे, लोगों की आस्था पर अत्याचार न हो, इसके लिए गुरु साहब ने सब कुछ न्योछावर कर दिया। आनंदपुर साहिब हमारी राष्ट्रीय चेतना की शक्ति है। आज हिंदुस्तान का जो स्वरूप है, उसमें गुरु साहब जैसे महापुरुषों का ज्ञान और त्याग छिपा हुआ है। आज गुरु साहब को हिंद की चादर के रूप में पूजा जाता है।

### गुरुओं की सीख अपनाएं युवा

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि मैं आज एक ऐसे विषय पर बात करना चाहता हूं जो युवाओं से जुड़ा है। मैं नशे पर बात करना चाहता हूं। आज इस समस्या ने युवाओं को अंधेरे से घेर दिया है। सरकार प्रयास कर रही है, लेकिन ये समाज की भी लड़ाई है। ऐसे समय में गुरु तेग बहादुर की शिक्षा हमारे लिए प्रेरणा भी है और समाधान भी है। उन्होंने अपनी यात्रा के दौरान अनेकों को अपने साथ जोड़ा। इन गांवों में रहने वाले लोगों ने हर तरह के नशे के खेतों को छोड़ा। गुरु महाराज के बताए इसी मार्ग पर चलते हुए हम नशे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने का काम करें तो ये समस्या जड़ से समाप्त हो जाएगी। आज पूरे देश में गुरु तेग बहादुर जी का शहीदी दिवस मनाया जा रहा है, ये बताता है कि गुरुओं की सीख आज भी हमारे समाज में कितनी जीवंत है। इसी भावना के साथ ये सारे आयोजन हमारी युवा पीढ़ी के लिए सार्थक साधन बनें।

### पीएम बोले, नया भारत किसी से नहीं डरता

पीएम मोदी ने कहा, मुझे संतोष है कि पिछले ग्यारह सालों में हमारी सरकार ने इस पावन परंपरा को, सिख परंपरा के उत्सव को राष्ट्रीय उत्सव के रूप में मनाया है। पूरे भारत के लोग अपनी परंपरा से आगे बढ़कर इन कार्यक्रमों में शामिल हुए। हमारी सरकार को गुरुओं से जुड़े स्थलों को दिव्य बनाने का मौका भी मिला है। दस सालों में कई ऐसे अवसर आए हैं जिनमें मुझे खुद गुरु परंपरा में शामिल होने का मौका मिला है। हमारी सरकार ने गुरुओं के हर तीर्थ को आधुनिक भारत से जोड़ने का काम किया। पंजाब के तीर्थ स्थलों का नाम लेते हुए पीएम ने कहा, ऽहम सभी जानते हैं कि कैसे मुगलों ने वीर साहिबजादों के साथ भी क्रूरता की सारी हदें पार कर दीं, लेकिन उन्होंने अपने आदर्शों का रास्ता नहीं छोड़ा। हमने सिंह परंपरा के इतिहास को पाठ्यक्रम का हिस्सा भी बनाया। मुझे विश्वास है कि आप सभी ने जोड़ा साहब के पवित्र दर्शन जरूर किए होंगे।ऽ मुझे याद है कि जब मेरे सहयोगी हरदीप सिंह पुरी ने इसकी चर्चा की। उन्होंने बताया कि पवित्र जोड़ा साहब उनके परिवार ने सहेज कर रखा है। इन पवित्र जोड़ा साहब को पूरे सम्मान के साथ वैज्ञानिक परीक्षण कराया गया। इसके बाद सभी तथ्यों को देखते हुए हमने सामूहिक फैसला किया कि इन्हें पटना साहिब को समर्पित किया जाए। पिछले महीने इस पावन यात्रा के रूप में पावन जोड़ा साहब को दिल्ली से पटना साहिब ले जाया गया, जहां मैंने भी शीश नवाया। गुरु तेग बहादुर साहब जी हमें यह सिखाते हैं कि भारत की संस्कृति कितनी उदार रही है। उन्होंने सरबत दा भला का मंत्र अपने जीवन से सिद्ध किया। ये हमारे वर्तमान और भविष्य के लिए एक प्रेरणा है। गुरु साहब ने सिखाया है कि जो विपरीत परिस्थितियों में भी अडिग रहता है, वही सच्चा ज्ञानी है। इसको आत्मसात करते हुए अपने देश को आगे ले जाना है। हम न किसी को डराते हैं, न किसी से डरते हैं। यही मंत्र गुरुओं ने दिया। आज भारत भी इसी मंत्र पर चल रहा है। हम शांति चाहते हैं, लेकिन अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करते। ऑपरेशन सिंदूर इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। ये पूरे विश्व ने देखा है। नया भारत न डरता है, न रुकता है, आज भारत पूरी शक्ति के साथ आगे बढ़ रहा है।

### पीएम बोले, कुरुक्षेत्र सिख परंपरा का मुख्य केंद्र

पीएम मोदी ने कहा– आज का दिन भारत की विरासत का अद्भुत संगम बनकर आया है। आज सुबह मैं रामायण की नगरी अयोध्या में था, और अब यहां गीता की नगरी कुरुक्षेत्र में हूं। श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर उन्हें नमन कर रहा हूं। साथियों, पांच छह साल पहले, एक और अद्भुत संयोग बना था, साल 2019 में 9 नवंबर को जब राम मंदिर पर सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय आया था उस दिन मैं करतारपुर कारीडोर के लिए प्रयास कर रहा था। मैं यही प्रार्थना कर रहा था कि राम मंदिर बनने का निर्माण प्रशस्त हो। सभी की प्रार्थना पूरी हुई, उसी दिन राम मंदिर के पक्ष में निर्णय आया। आज जब अयोध्या में धर्म ध्वजा हुई है वहां आज यहां मुझे संगत का आशीर्वाद मिला है। कुरुक्षेत्र की इस धरती पर भगवान श्रीकृष्ण ने कहा था कि सत्य के मार्ग पर अपने धर्म के लिए प्राण देना भी श्रेष्ठ है। गुरु तेग बहादुर जी ने भी सत्य और न्याय को अपना धर्म माना और उन्होंने इसकी रक्षा के लिए अपने प्राण तक दे दिए। इस ऐतिहासिक मौके पर भारत सरकार ने उनके सम्मान में एक डाक टिकट और एक विशेष सिक्का जारी किया है। कुरुक्षेत्र की पवित्र भूमि सिख परंपरा का मुख्य केंद्र है। जब नौंवी पातशाही गुरु तेग बहादुर यहां आए, तो उन्होंने यहां अपनी साहसिक छाप छोड़ी।

### सैनी बोले, गीता का संदेश हर हरियाणवी के डीएनए में

सीएम सैनी ने कहा– हमने यमुनानगर जिले के कलेसर में श्री गुरु तेग बहादुर जी के नाम पर वन लगाने का निर्णय लिया। वहां वन्य जीव संरक्षण ब्लॉक में विद्यार्थियों के साथ 350 पौधे लगाए गए हैं तथा श्री गुरु तेग बहादुर द्वार बनाया गया है। प्रधानमंत्री जी, गीता का संदेश हर हरियाणवी के डीएनए में है। 6 अक्टूबर, 2014 को जब आप कुरुक्षेत्र में आए थे, तो आपने कहा था कि कुरुक्षेत्र को गीता स्थली के रूप में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। आपसे प्रेरणा प्राप्त कर हमने वर्ष 2016 में कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव मनाने की शुरुआत की थी। तब से अब तक इसमें 4 देशों व 6 राज्यों ने भागीदारी की है। यही नहीं, देश से बाहर 6 देशों में भी अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव मनाया गया है। आज इस पावन धरा पर आपके कर कमलों से अनुभव केंद्र का उद्घाटन हुआ है। इसके माध्यम से अब पूरी दुनिया महाभारत के युग को साक्षात देख सकेगी। इसी प्रकार, आपने भगवान श्री कृष्ण जी के पवित्र शंख पंचजन्य का लोकार्पण भी किया है। सीएम सैनी ने कहा, महान गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस को मनाने की प्रेरणा भी हमें आपसे मिली है। आपने भारत भूमि के लिए सिख गुरुओं के योगदान के प्रति बार–बार कृतज्ञता व्यक्त की है।

### सीएम बोले– 1984 दंगों के पीड़ित परिवारों को नौकरी देंगे

सीएम सैनी ने कहा, वर्ष 2021 में जब अफगानिस्तान में राजनीतिक अस्थिरता आई, तो आपने वहां से गुरु ग्रंथ साहिब के तीनों पावन स्वरूपों को विशेष विमान से भारत लाने का प्रबंध किया। आपकी पहल पर ही अब पूरे देश में दशम पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के साहबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह के शहीदी दिवस को हर वर्ष वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। आपके प्रयासों को हमने हरियाणा में भी आगे बढ़ाया है। चाहे वर्ष 2021 में श्री गुरु नानक देव जी का 550वां प्रकाश पर्व हो, या वर्ष 2017 में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का 350वां प्रकाश पर्व, या श्री गुरु तेग बहादुर जी का 400वां प्रकाश पर्व, हमने इन्हें पूरे राज्य में पूरी धूमधाम से मनाया है। हमने यमुनानगर में बनने वाले मेडिकल कॉलेज का नाम हिन्द की चादर श्री गुरु तेग बहादुर सिंह जी के नाम पर रखा है। प्रधानमंत्री जी, आपने देश में न सिर्फ 1984 की चोट को समझा, बल्कि उनके घाव भरने की सच्ची कोशिश भी शुरू की। साथ ही दोषी लोगों को सलाखों के पीछे पहुंचाने का काम किया। आपके नेतृत्व में ऐसी ही पीड़ा झेलने वाले 121 परिवारों की आशा का सम्मान करते हुए हमने हरियाणा के इन प्रत्येक परिवार के एक–एक सदस्य को नौकरी देने का निर्णय किया। हमने सिरसा स्थित गुरुद्वारा श्री चिल्ला साहिब को 27 जून, 2024 को 70 कनाल (8 एकड़ 6 कनाल) भूमि मुफ्त दी है। इस स्थान पर प्रथम पातशाह श्री गुरु नानक देव जी के चरण पड़े थे। कहने का भाव यह है कि हरियाणा भी गुरुओं की धरती है। हम अपनी नई पीढ़ियों को उनके संदेश, आदर्शों और विचारों से प्रेरित करने के लिए निरंतर काम करते रहेंगे। इसी दिशा में श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस पर इस समागम का आयोजन किया गया है।

### सीएम सैनी बोले, 27 हजार यूनिट ब्लड इकट्ठा किया

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा, आज गीता और गुरुओं की इस पावन धरा की गरिमा कई गुना बढ़ गई है। देश और धर्म की रक्षा के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने वाले हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर इस विशाल समागम का आयोजन किया गया है। गुरु जी के शहीदी दिवस के अवसर पर प्रदेश सरकार ने हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के साथ मिलकर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए हैं, ताकि गुरु जी की शिक्षाएं प्रदेश के बच्चे–बच्चे तक पहुंच सकें। मैं उनका संक्षिप्त विवरण देना चाहूंगा। हमने गत 1 नवंबर से पूरे प्रदेश में सिरसा से रोड़ी, पंचकूला जिले से पिंजौर, फरीदाबाद और सढौरा से चार यात्राएं निकालीं। तब से लेकर आज तक प्रदेश में 350 रक्तदान शिविर आयोजित किए गए हैं, जिनमें 27 हजार यूनिट रक्त एकत्रित किया गया है। गुरु जी के जीवन पर प्रदेश के सभी स्कूलों में संस्कृत, हिन्दी, पंजाबी और अंग्रेजी भाषाओं में निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें 3 लाख 50 हजार बच्चों ने भाग लिया। इसी प्रकार, तीन भाषाओं की कहानी प्रतियोगिता में 350 विद्यार्थियों ने भाग लिया। चौधरी देवी लाल यूनिवर्सिटी, सिरसा में राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार का आयोजन किया गया। हमने वहां श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन, दर्शन और कार्यों पर चेयर स्थापित करने का निर्णय भी लिया। इसी प्रकार, गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, अंबाला का नाम श्री गुरु तेग बहादुर जी के नाम पर रखा गया। हमने करनाल में हिंद की चादर मैराथन का आयोजन किया, जिसमें 80 हजार लोगों ने भाग लिया। गुरु जी के शीश को आनंदपुर साहिब पहुंचाने के प्रण से अपना शीश कुर्बान करने वाले दादा कुशाल सिंह दहिया जी के बलिदान स्थल बढ़खालसा में उनकी याद में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया।

# ‘चुनाव आयोग अब बीजेपी आयोग बन गया’

- एंटी–एसआईआर रैली में कहा– यह निष्पक्ष संस्था नहीं, मुझे चुनौती दी तो बीजेपी की नींव हिला दूंगी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बोनगांव**



पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि चुनाव आयोग अब निष्पक्ष नहीं रहा। यह ‘बीजेपी आयोग’ बन गया है। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें बंगाल में चुनौती दी गई, तो वे पूरे देश में बीजेपी की नींव हिला देंगी। ममता बोनगांव में एंटी-एसआईआर रैली में को संबोधित कर रही थीं। ममता ने दावा किया कि यदि राज्य के मतुआ-बहुल क्षेत्रों में रहने वाले लोग नागरिकता (संशोधन) अधिनियम - सीएए के तहत स्वयं को विदेशी घोषित करते हैं, तो उन्हें तुरंत वोटर लिस्ट से हटा दिया जाएगा। अगर एसआईआर का मकसद अवैध बांग्लादेशियों को हटाना है, तो बीजेपी शासित राज्यों में एसआईआर क्यों कराया जा रहा है? क्या बीजेपी यह स्वीकार कर रही है कि उसके ‘डबल इंजन’ वाले राज्यों में भी घुसपैठिए मौजूद हैं? अगर बांग्लादेशी समस्या है, तो आप मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में एसआईआर क्यों चला रहे हैं? एक बार एसआईआर के बाद आई ड्राफ्ट वोटर लिस्ट सामने आ जाएगी, तब लोग समझ जाएंगे कि चुनाव आयोग और बीजेपी ने कितना बड़ा ‘विनाश’ किया है। मुझे बांग्लादेश एक देश के रूप में बहुत पसंद है, क्योंकि हमारी भाषा एक जैसी है। मैं बीरभूम से हूं, लेकिन एक दिन वे मुझे बांग्लादेशी कहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी को 2024 में इसी वोटर लिस्ट के आधार पर वोट मिले थे। अगर आपका नाम हटा दिया जाता है, तो केंद्र सरकार को भी हटा देना चाहिए। इतनी जल्दी में एसआईआर क्यों चलाया जा रहा है? जब तक मैं यहां हूं, मैं उन्हें आपको बाहर (वोटर लिस्ट से) नहीं निकालने दूंगी। कोई भी आपको बाहर नहीं निकाल सकता। अगर एसआईआर दो-तीन साल तक किया जाए, तो हम इस प्रक्रिया को हर संभव संसाधन के साथ समर्थन देंगे। बिहार चुनाव परिणाम एसआईआर का ही असर था, और विपक्ष बीजेपी की रणनीति को वहां समझ ही नहीं पाया। अगर बीजेपी बंगाल में मुझे चोट पहुंचाने की कोशिश करेगी, तो मैं पूरे भारत में उसकी नींव हिला दूंगी। भाजपा मुझें राजनीतिक रूप से न तो चुनौती दे सकती है और न ही हरा सकती है।

### 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में एसआईआर जारी

28 अक्टूबर से देश के 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में वोटर लिस्ट अपडेट का काम शुरू हो चुका है। यह 7 फरवरी को खत्म होगा। 103 दिन के प्रोसेस में वोटर लिस्ट का अपडेशन होगा। नए वोटरों के नाम जोड़े जाएंगे और वोटर लिस्ट में सामने आने वाली गलतियों को सुधारा जाएगा। ये राज्य हैं अंडमान निकोबार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान,तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल। असम में स्पेशल रिविजन हो रहा है।

# कर्नाटक सीएम बदलने की अटकलें, शिवकुमार बोले, यह सीक्रेट डील

- सीएम सिद्धारमैया ने कहा, हाईकमान अंतिम फैसला लें, खड़गे बोले, सार्वजनिक चर्चा नहीं करेंगे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कर्नाटक**

कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदलने की अटकलों पर मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष, कर्नाटक के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने बयान दिए। डिप्टी सीएम और कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने कहा- मैं मुख्यमंत्री बदलाव पर सार्वजनिक रूप से कुछ नहीं कहूंगा, यह हम 4-5 लोगों के बीच की सीक्रेट डील है। वहीं मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि पार्टी हाईकमान को इस पूरे भ्रम पर अंतिम फैसला लेना चाहिए, ताकि यह मुद्दा खत्म हो सके। साथ ही कहा कि अगर हाईकमान सीएम बदलने को लेकर कोई फैसला लेता है तो वे उसका पालन करेंगे। दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- कर्नाटक में नेतृत्व बदलने से जुड़े मुद्दों पर सार्वजनिक मंच पर चर्चा नहीं की जा सकती। राहुल से मुलाकात के सवाल पर उन्होंने कहा- पार्टी अध्यक्ष कहीं भी चर्चा नहीं करते। अगर मुलाकात होती है, तो वहीं बात होगी।



### 2.5 साल पूरे होने पर बढ़ी खींचतान

कर्नाटक में कांग्रेस सरकार का 20 नवंबर को 2.5 साल का कार्यकाल पूरा हुआ है। अब सत्ता संतुलन को लेकर बयानबाजी जारी है। कुछ विधायक जो डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के समर्थक माने जाते हैं, वे दिल्ली जाकर खड़गे से मिले थे। हालांकि शिवकुमार ने ऐसे किसी कार्यक्रम की जानकारी होने से इनकार किया। सूत्रों के मुताबिक सिद्धारमैया कैबिनेट फेरबदल के पक्ष में हैं। जबकि शिवकुमार चाहते हैं कि पार्टी पहले नेतृत्व परिवर्तन पर फैसला करे। पार्टी के अंदरूनी हलको में यह भी माना जा रहा है कि यदि हाई कमान कैबिनेट विस्तार को मंजूरी देता है, तो इससे सिद्धारमैया के पूरे कार्यकाल (5 साल) तक टिके रहने का संकेत मिल सकता है, जो शिवकुमार की सीएम बनने की संभावनाओं को कम कर देगा। कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने 21 नवंबर को सीएम पद को लेकर चल रही अटकलों को खारिज किया था। शिवकुमार ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट किया था कि सीएम सिद्धारमैया अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा करेंगे। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। सीएम और मैंने, दोनों ने बार-बार कहा है कि हम हाईकमान की बात मानते हैं।

### क्या है पूरा मामला

दरअसल डीके शिवकुमार के करीबी एक मंत्री और कुछ एमएलए गुरुवार को कांग्रेस के टॉप नेताओं से मिलने के लिए दिल्ली गए थे। यह मुलाकात ऐसे समय हुई जब चीफ मिनिस्टर सिद्धारमैया के बतौर मुख्यमंत्री ढाई साल पूरे हो चुके हैं। 20 मई, 2023 को विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद चीफ मिनिस्टर पद के लिए सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच कड़ी टक्कर थी। कांग्रेस शिवकुमार को मनाने और उन्हें डिप्टी चीफ मिनिस्टर बनाने में कामयाब रही थी। उस समय कुछ रिपोर्ट्स में चर्चा थी कि रोटेशनल चीफ मिनिस्टर फॉर्मूला के आधार पर समझौता हो गया है, जिसके अनुसार शिवकुमार ढाई साल बाद चीफ मिनिस्टर बनेंगे, लेकिन पार्टी ने उन्हें ऑफिशियली कन्फर्म नहीं किया है। माना जा रहा है कि शिवकुमार के कुछ लॉयल लोग चाहते थे कि उनके लीडर चीफ मिनिस्टर की कुर्सी पर बैठें। सूत्रों के अनुसार, मिनिस्टर एन चालुवरायस्वामी, एमएलए इकबाल हुसैन, एच सी बालकृष्ण और एस आर श्रीनिवास गुरुवार को दिल्ली गए हैं। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को 12 और एमएलए दिल्ली पहुंच सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि कुछ दिन पहले लगभग 12 एमएलसी ने दिल्ली में डेरा डाला था और कांग्रेस जनरल सेक्रेटरी से बात की थी।

# हिरासत में हिंसा और मौत सिस्टम पर धब्बा

## शीर्ष कोर्ट की सख्त टिप्पणी, देश नहीं करेगा बर्दाश्त



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि पुलिस हिरासत में हिंसा और मौतें हमारी व्यवस्था पर एक बड़ा दाग हैं और देश अब इसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करेगा। सुप्रीम कोर्ट एक मामले का स्वत संज्ञान लेते हुए सुनवाई कर रहा है, जो देशभर के पुलिस थानों में सीसीटीवी के ठीक से न चलने से जुड़ा है। अदालत ने इस दौरान राजस्थान में आठ महीनों में 11 हिरासत मौतों पर गहरी चिंता जताई। दो जजों की बेंच न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता ने मामले में कहा, देश अब ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगा। यह सिस्टम पर धब्बा है। हिरासत में मौतें नहीं हो सकतीं। वहीं सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हिरासत में मौत को कोई भी व्यक्ति सही नहीं ठहरा सकता। लेकिन कोर्ट इस बात से नाराज हुआ कि केंद्र सरकार ने अब तक अपना अनुपालन रिपोर्ट दाखिल नहीं किया है। अदालत ने इस पर तीखा सवाल किया और पूछा केंद्र सरकार इस अदालत को हल्के में क्यों ले रही है? इसके बाद केंद्र ने तीन हफ्ते के भीतर हलफनामा देने का वादा किया।

### अमेरिका की मिसाल और ‘ओपन एयर जेल’ की चर्चा

मामले की सुनवाई के दौरान बातचीत में अमेरिका के मॉडल का जिक्र आया, वहां सीसीटीवी की लाइव स्ट्रीमिंग भी होती है और कुछ निजी जेलें भी हैं। सॉलिसिटर जनरल ने कोर्ट को बताया कि कुछ समय पहले एक सुझाव आया था कि सीएसआर फंड से प्राइवेट जेल बनाई जाएं। इस पर कोर्ट ने कहा कि वह पहले से ही ओपन एयर प्रिजन मॉडल पर एक केस देख रहा है, जो भीड़भाड़ की समस्या, जेलों में हिंसा जैसे मुद्दों को कम कर सकता है।

### कोर्ट की सख्त चेतावनी

कोर्ट ने आदेश दिया, जो राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अभी तक रिपोर्ट नहीं दे पाए हैं, उन्हें तीन हफ्तों में हर हाल में अपनी जानकारी देनी होगी। अगर रिपोर्ट नहीं दी गई, तो उन राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के गृह विभाग के प्रमुख सचिव को कोर्ट में पेश होना पड़ेगा। केंद्र से कोर्ट ने कहा कि यदि केंद्रीय एजेंसियों ने पालन नहीं किया तो उनके निदेशक को बुलाया जाएगा। कोर्ट ने पूरे मामले को 16 दिसंबर के लिए सूचीबद्ध किया है। तब तक सभी राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों और केंद्र को अपनी–अपनी रिपोर्ट हर हाल में जमा करनी होगी।

### सीसीटीवी लगाने के पुराने आदेश और धीमी प्रगति

सुप्रीम कोर्ट ने 2018 और 2020 में आदेश दिया था कि, सभी पुलिस थानों, सीबीआई, ईडी, एनआईए जैसी केंद्रीय एजेंसियों के दफ्तरों में फुल कवरेज वाले सीसीटीवी कैमरे और रिकॉर्डिंग सिस्टम लगाएं। लेकिन कोर्ट को बताया गया कि, केवल 11 राज्यों ने ही अब तक अपनी रिपोर्ट दाखिल की है। कई राज्य और केंद्र के कई विभागों ने अब तक कोई जानकारी नहीं दी। तीन केंद्रीय एजेंसियों में सीसीटीवी लग चुके हैं, लेकिन बाकी अभी भी पीछे हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश की तारीफ

वहीं शीर्ष कोर्ट ने कहा कि मध्य प्रदेश ने बेहद अच्छा काम किया है, हर पुलिस स्टेशन और चौकी को डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल रूम से लाइव जोड़ा गया है। इसे बेंच ने काबिल-ए-तारीफ बताया।

# सुप्रीम कोर्ट बोला, आर्मी अफसर की बर्खास्तगी सही, अपील खारिज

- कहा, आप सेना के लायक नहीं, धार्मिक आदेश न मानने पर सेना से निकाले गए थे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आर्मी के एक पूर्व ईसाई अफसर की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उसने अपनी बर्खास्तगी को चुनौती दी थी। अफसर पर आरोप था कि उसने अपने तैनाती स्थल पर रेजिमेंट की धार्मिक गतिविधियों में भाग लेने से इनकार किया था। इसके बाद आर्मी ने उसे बर्खास्त कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने अफसर को आर्मी के लिए मिस फिट माना और हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, यह आचरण गंभीर अनुशासनहीनता है और सेना जैसी संस्था में इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। यह मामला 2017 का है। अफसर सैमुअल कमलेसन 3ह्स्त्र कैवेलरी रेजिमेंट में लेफ्टिनेंट बने। उनकी यूनिट में मंदिर और गुरुद्वारा था, जहां हर हफ्ते धार्मिक परेड होती थी। वे अपने सैनिकों के साथ वहां तक जाते थे, लेकिन मंदिर के सबसे अंदर वाले हिस्से में पूजा, हवन या आरती के दौरान जाने से मना करते थे। उनका कहना था कि उनकी ईसाई मान्यता इसकी अनुमति नहीं देती और उनसे किसी देवी-देवता की पूजा करवाना गलत है। अफसर का आरोप था कि एक कमांडेंट लगातार उन पर दबाव डालता था और इसी वजह से मामला बढ़ा। दूसरी ओर सेना ने कहा कि उन्होंने कई बार समझाने के बाद भी रेजिमेंटल परेड में पूरी तरह हिस्सा नहीं लिया, जो स्पष्ट रूप से अनुशासनहीनता है। लंबे समय तक चली जांच और सुनवाई के बाद उन्हें 2022 में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया।

### अब कोर्ट रूम लाइव पढ़ें

**सीजेआई सूर्यकांत:** ये कैसी हरकत है। एक आर्मी अफसर होकर आप अपने ही जवानों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान नहीं करते? ये इंडिसिप्लिन नहीं तो क्या है।

पिटीशनर के वकील गोपाल **शंकरनारायणन:** माय लॉर्ड, मेरे मुवक्किल ने सिर्फ एक बार मना किया था, वह मंदिर के अंदरूनी गर्भगृह में नहीं गए। पूजा या आरती करवाना उनकी आस्था के खिलाफ था। वह बाहर तक जाते थे, पर अंदर जाकर रस्म नहीं कर सकते थे।

**सीजेआई:** आपको कोई पूजा करने को नहीं कहा गया। आप सिर्फ अपने सैनिकों के साथ खड़े रहते बस। पर आपका धार्मिक ईगो इतना बड़ा है कि आप दूसरों की भावना समझना ही नहीं चाहते?

**जस्टिस बागची:** आपके चर्च के पादरी ने भी कहा था कि ‘सर्व धर्म स्थल’ में जाना ईसाई धर्म के खिलाफ नहीं है। फिर आप क्यों नहीं गए? अपनी निजी समझ को यूनिफॉर्म के ऊपर नहीं रख सकते।

**वकील:** माय लॉर्ड, वहां कोई ‘सर्व धर्म स्थल’ था ही नहीं सिर्फ मंदिर और गुरुद्वारा था। मेरे क्लाइंट को डर था कि उनसे कोई पूजा करवाई जाएगी।

**जस्टिस बागची:** आर्टिकल 25 हर भावना की रक्षा नहीं करता, सिर्फ अहम धार्मिक प्रैक्टिस की करता है। ईसाई धर्म में मंदिर में कदम रखना कहां मना है?

**वकील:** पहला कमांडमेंट, माय लॉर्ड ‘दूसरे देवता की पूजा मत करो।’ मेरे क्लाइंट को डर था कि उनसे पूजा करवाई जाएगी।

**सीजेआई:** ये इंडियन आर्मी है, यहां सेक्युलरिज्म सबसे ऊपर है। आप अपने जवानों की भावनाओं का सम्मान नहीं कर पाए। ऐसा अधिकारी तो तुरन्त ही हटाया जाना चाहिए।

**वकील:** माय लॉर्ड, कम से कम सजा कम कर दें। बाकी सर्विस रिकॉर्ड बिल्कुल साफ है।

**सीजेआई:** आप सौ मामलों में अच्छे हों, लेकिन ये गलती बहुत बड़ी है। ये छूट नहीं दी जा सकती। अनुशासन से समझौता नहीं। याचिका खारिज की जाती है। हाईकोर्ट का आदेश बरकरार रखेगा।

# डॉ. मुज्जमिल को लेकर अल–फलाह पहुंची एनआईए टीम

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। फरीदाबाद**

व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल में फरीदाबाद से सबसे पहले 30 अक्तूबर को गिरफ्तार हुए डॉ. मुज्जमिल को लेकर एनआईए की टीम सोमवार रात अल फलाह यूनिवर्सिटी पहुंची। टीम ने लगभग ढाई घंटे तक यूनिवर्सिटी परिसर में डॉ. मुज्जमिल के कमरे, लैब व अन्य परिसर की पहचान कराने के साथ ही वहां बैठाकर भी पूछताछ की। इसके साथ ही एनआईए की टीम उसे धौज और फतेहपुर तगा गांव के उन किराये के कमरों पर भी लेकर गई जहां डॉ. मुज्जमिल ने विस्फोटक छुपाया था।

### रात आठ बजे पहुंची थी टीम

एनआईए की टीम में 40 से अधिक सुरक्षाकर्मी हथियार के साथ डॉ. मुज्जमिल को लेकर सोमवार रात लगभग 8 बजे फरीदाबाद के धौज इलाके में पहुंचे। इस दौरान फरीदाबाद पुलिस के भी 100 से अधिक पुलिसकर्मियों को इस इलाके में सुरक्षा की दृष्टि से तैनात किया गया था। ताकि एनआईए टीम को जांच के दौरान किसी तरह की बाधा का सामना करना न पड़े। एनआईए टीम ने यूनिवर्सिटी परिसर में डॉ. मुज्जमिल के रहने के स्थान, पढ़ाई के स्थान, मेडिकल केबिन व अन्य सभी जगहों की शिनाख्त करवाई। अस्पताल परिसर में टीम उसे लेकर पहुंची जहां वह मरीजों का इलाज किया करता था। यूनिवर्सिटी के कैंपस परिसर के उस हिस्से में उसको लेकर जाया गया, जहां पर वह सुबह-शाम सैर करता था। इसके बाद एनआईए टीम उसे धौज गांव के उस किराये के कमरे पर लेकर गई, जहां करीब 360 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट बरामद हुआ था। यहां लगभग 20 मिनट तक रहने के बाद टीम डॉ. मुज्जमिल को लेकर फतेहपुर तगा में उस मकान में भी पहुंची जहां 2550 किलो से अधिक अमोनियम नाइट्रेट 50 कट्टों में भरकर रखा गया था।